


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा

www.jagranmorchadaily.com लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित जन जन की आवाज़

लखनऊ | वर्ष : 05 | अंक : 152 | मंगलवार, 14 जुलाई 2026 | आषाढ़ माह कृष्ण पक्ष अमावस्या विक्रम संवत 2083 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 05 रूपया




## भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच यूरेनियम आपूर्ति का रास्ता साफ

### प्रशासनिक व्यवस्था को अंतिम रूप, शांतिपूर्ण परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम के लिए ऑस्ट्रेलिया से होगा यूरेनियम निर्यात

- » भारत और ऑस्ट्रेलिया ने यूरेनियम आपूर्ति के लिए प्रशासनिक व्यवस्था को अंतिम रूप दिया
- » अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी की निगरानी में केवल शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए होगा उपयोग
- » निजी क्षेत्र की कंपनियों के बीच व्यावसायिक समझौतों का मार्ग हुआ प्रशस्त



■ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हालिया ऑस्ट्रेलिया यात्रा के दौरान भारत और ऑस्ट्रेलिया ने यूरेनियम आपूर्ति से जुड़ी आवश्यक प्रशासनिक व्यवस्था को अंतिम रूप दे दिया है। इस महत्वपूर्ण कदम के साथ अब ऑस्ट्रेलिया से भारत को यूरेनियम निर्यात का रास्ता पूरी तरह साफ हो गया है। यह आपूर्ति वर्ष 2015 में हुए भारत-ऑस्ट्रेलिया परमाणु सहयोग समझौते के तहत होगी और इसका उपयोग केवल शांतिपूर्ण परमाणु ऊर्जा कार्यक्रमों के लिए किया जाएगा।

प्रशासनिक व्यवस्था लागू होने के बाद ऑस्ट्रेलिया की निजी खनन कंपनियां अब भारतीय निजी कंपनियों और अन्य अधिकृत संस्थाओं के साथ सीधे व्यावसायिक अनुबंध कर सकेंगी। इससे दोनों देशों के बीच ऊर्जा क्षेत्र में सहयोग का नया अध्याय शुरू होने की उम्मीद है। विशेषज्ञों का मानना है कि इससे भारत के परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में ईंधन की उपलब्धता बढ़ेगी और स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन को भी मजबूती मिलेगी। भारत को मिलने वाला यूरेनियम केवल शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। पूरी प्रक्रिया अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी की निगरानी में संचालित होगी, ताकि परमाणु सामग्री का उपयोग केवल ऊर्जा उत्पादन और अन्य असैन्य कार्यों तक सीमित रहे। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच वर्ष 2015 में हुए परमाणु सहयोग समझौते में भी इसी व्यवस्था का प्रावधान किया गया था।

**रणनीतिक साझेदारी होगी और मजबूत:** भारत और ऑस्ट्रेलिया पहले से ही रक्षा, व्यापार, खनिज, शिक्षा और समुद्री सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ा रहे हैं। यूरेनियम आपूर्ति व्यवस्था को अंतिम रूप मिलने से दोनों देशों की रणनीतिक साझेदारी को नई मजबूती मिलेगी। साथ ही भारत के स्वच्छ ऊर्जा लक्ष्य और दीर्घकालिक ऊर्जा सुरक्षा को भी महत्वपूर्ण समर्थन प्राप्त होगा।

### निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ेगी

दिसंबर 2025 में संसद से पारित शांति अधिनियम के बाद भारत के परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में निजी क्षेत्र की भागीदारी का रास्ता खुला है। ऑस्ट्रेलिया के साथ नई प्रशासनिक व्यवस्था इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। अब भारतीय निजी कंपनियां भी निर्धारित नियमों के तहत ऑस्ट्रेलियाई कंपनियों के साथ यूरेनियम आपूर्ति संबंधी व्यावसायिक समझौते कर सकेंगी, जिससे ऊर्जा क्षेत्र में निवेश और तकनीकी सहयोग को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

### परमाणु ऊर्जा क्षेत्र को मिलेगा नया बल

हाल के वर्षों में भारत स्वच्छ और टिकाऊ ऊर्जा स्रोतों पर लगातार जोर दे रहा है। परमाणु ऊर्जा को भी इस रणनीति का महत्वपूर्ण हिस्सा माना जा रहा है। यूरेनियम की नियमित उपलब्धता से देश के परमाणु ऊर्जा संयंत्रों को दीर्घकालिक ईंधन सुरक्षा मिलने की संभावना है। विशेषज्ञों का कहना है कि इससे जीवाश्म ईंधनों पर निर्भरता कम करने और ऊर्जा सुरक्षा मजबूत करने में मदद मिलेगी।

## भारत-कनाडा व्यापार समझौते पर तीसरे दौर की वार्ता पूरी

नई दिल्ली

भारत और कनाडा के बीच प्रस्तावित व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते को लेकर तीसरे दौर की पांच दिवसीय वार्ता सफलतापूर्वक संपन्न हो गई है। दोनों देशों के प्रतिनिधियों ने इस दौरान व्यापार, सेवाएं, बौद्धिक संपदा, उत्पत्ति के नियम, स्वास्थ्य एवं पादप सुरक्षा उपायों तथा व्यापार में तकनीकी बाधाओं सहित कई महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की। वार्ता को दोनों देशों के आर्थिक संबंधों को नई गति देने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।केंद्रीय वाणिज्य मंत्रालय के अनुसार, तीसरे दौर की बातचीत में कई महत्वपूर्ण विषयों पर सकारात्मक प्रगति दर्ज की गई। मंत्रालय ने कहा कि दोनों देशों ने वार्ता को आगे बढ़ाने और वर्ष 2026 तक व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते को अंतिम रूप देने की अपनी साझा प्रतिबद्धता दोहराई है। अधिकारियों का मानना है कि यह समझौता लागू होने से दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश को बढ़ावा मिलेगा तथा उद्योगों को नए अवसर प्राप्त होंगे। बैठक के दौरान वस्तुओं और सेवाओं के व्यापार के अलावा बौद्धिक संपदा अधिकार, उत्पादों की उत्पत्ति के नियम, स्वास्थ्य एवं पादप सुरक्षा मानक तथा व्यापार में आने वाली तकनीकी बाधाओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। इन विषयों पर सहमति बनने से भविष्य में व्यापारिक प्रक्रियाएं अधिक सरल और पारदर्शी होने की उम्मीद है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि वार्ता तय समयसीमा के भीतर पूरी हो जाती है तो इससे दोनों देशों के बीच व्यापार, निवेश, प्रौद्योगिकी सहयोग और औद्योगिक साझेदारी को मजबूती मिलेगी।



### 2030 तक 50 अरब डॉलर व्यापार का लक्ष्य

भारत और कनाडा ने वर्ष 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 50 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है। यही कारण है कि व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते को दोनों देशों के लिए रणनीतिक और आर्थिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। हालांकि हालिया आंकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2025-26 में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार 8.22 प्रतिशत घटकर 7.95 अरब अमेरिकी डॉलर रह गया है। ऐसे में प्रस्तावित समझौते से व्यापार को नई गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

## गो-हत्या मामले में तमिलनाडु सरकार को सुप्रीम कोर्ट से राहत

■ नई दिल्ली

तमिलनाडु में गो-हत्या से जुड़े मामले में राज्य सरकार को सर्वोच्च न्यायालय से अंतरिम राहत मिली है। सर्वोच्च न्यायालय ने मद्रास उच्च न्यायालय के उस आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी है, जिसमें गो-हत्या पर प्रतिबंध संबंधी निर्देश दिए गए थे। न्यायालय ने प्रारंभिक सुनवाई के दौरान कहा कि मामले में कानूनी प्रावधानों और न्यायिक निर्देशों के बीच संतुलन पर विस्तार से विचार किए जाने की आवश्यकता है।

मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन के नेतृत्व वाली तमिलनाडु सरकार ने मद्रास उच्च न्यायालय के आदेश को सर्वोच्च न्यायालय में विशेष अनुमति याचिका के माध्यम से चुनौती दी थी। सरकार का तर्क था कि राज्य में लागू कानून कुछ निर्धारित परिस्थितियों और श्रेणियों में गोवंश के वध की अनुमति देता है। ऐसे में न्यायिक आदेश कानून के प्रावधानों से अलग नहीं हो सकता। सरकार ने यह भी कहा कि जब किसी विषय पर स्पष्ट वैधानिक व्यवस्था मौजूद है, तब उसके विपरीत व्यापक निर्देश जारी करना उचित नहीं माना जा सकता।



### सर्वोच्च न्यायालय ने क्या कहा

सुनवाई के दौरान सर्वोच्च न्यायालय ने मद्रास उच्च न्यायालय के आदेश पर अंतरिम रोक लगाते हुए कहा कि प्रथम दृष्टया इस मामले में कानूनी पहलुओं की गहराई से समीक्षा की आवश्यकता है। न्यायालय ने संकेत दिया कि संबंधित कानून और न्यायिक आदेश के बीच सामंजस्य का परीक्षण किया जाएगा। हालांकि, सर्वोच्च न्यायालय ने मामले के अंतिम गुण-दोष पर अभी कोई टिप्पणी नहीं की है। फिलहाल यह केवल अंतरिम राहत है और अंतिम निर्णय विस्तृत सुनवाई के बाद ही दिया जाएगा।

## खुला रहेगा होर्मुज, लेकिन गुजरने वाले जहाजों को देना होगा 20% टैक्सः ट्रंप

■ वॉशिंगटन

पश्चिम एशिया में पिछले चार महीनों से जारी जंग अब एक ऐसे खतरनाक मोड़ पर पहुंच गई है, जहां से तीसरे विश्व युद्ध की आहट सुनाई देने लगी है। शांति समझौते की तमाम कोशिशें नाकाम होने के बाद, एक बार फिर अमेरिका और ईरान आमने-सामने हैं। ऐसे में जारी संघर्ष के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने वैश्विक व्यापार की जीवनरेखा माने जाने वाले 'होर्मुज जलडमरूमध्य' पर कब्जे का एलान कर पूरी दुनिया को चौंका दिया है। दूसरी ओर, ईरान ने भी पलटवार करते हुए इस रणनीतिक समुद्री रास्ते को पूरी तरह बंद करने का दावा ठोक दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर साफ कर दिया है कि यह समुद्री रास्ता हर हाल में खुला रहेगा और अब अमेरिका यहां 'इरानी नाकाबंदी' लागू करने जा रहा है। ट्रंप ने घोषणा की कि अब से संयुक्त राज्य अमेरिका को आधिकारिक तौर पर 'होर्मुज जलडमरूमध्य का रखवाला' कहा जाएगा।

## शीर्ष न्यायालय ने ज्ञानवापी विवाद लोक अदालत भेजा

■ नई दिल्ली

वाराणसी के ज्ञानवापी विवाद मामले में शीर्ष न्यायालय ने बड़ा कदम उठाया है। अदालत ने हिंदू-मुस्लिम के इस विवाद को विशेष लोक अदालत भेज दिया है। उच्चतम न्यायालय ने लोक अदालत के जरिए आपस में बैठकर बातचीत से समझौते की बात कही है। समाधान विशेष लोक अदालत 21, 22 और 23 अगस्त को होनी है। इससे पहले 14 जुलाई को वाराणसी में लोक अदालत से पहले पूर्व सुलह वार्ता पर सुनवाई होगी।



**क्या है ज्ञानवापी विवादः** ज्ञानवापी वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर और ज्ञानवापी मस्जिद से जुड़ा एक ऐतिहासिक और कानूनी मामला है। हिंदू पक्ष का दावा है कि मुगल शासक औरंगजेब ने 1669 में मंदिर को तोड़कर मस्जिद बनवाई थी, जबकि मुस्लिम पक्ष का दावा है कि वहां शुरू से ही मस्जिद थी। हिंदू पक्ष का आरोप है कि राजा विक्रमादित्य द्वारा बनवाए गए मूल काशी विश्वनाथ मंदिर को औरंगजेब ने तोड़ दिया था और फिर उस पर मस्जिद का निर्माण कराया गया। इसके सबूत आज भी मस्जिद की दीवारों पर देखे जा सकते हैं। अगस्त 2021 में, पांच हिंदू महिलाओं ने वाराणसी की अदालत में याचिका दायर कर ज्ञानवापी परिसर की बाहरी दीवार पर स्थित मां श्रृंगार गौरी और अन्य देवी-देवताओं की नियमित पूजा की मांग की।कोर्ट के आदेश पर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने मस्जिद परिसर का वैज्ञानिक सर्वेक्षण किया। एएसआई की रिपोर्ट में यह दावा किया गया कि मस्जिद के निर्माण से पहले वहां एक बड़ा हिंदू मंदिर मौजूद था। जनवरी 2024 में, वाराणसी जिला अदालत ने एक महत्वपूर्ण फैसला देते हुए हिंदू पक्ष को ज्ञानवापी मस्जिद के 'व्यास जी के तहखाने' में नियमित पूजा-पाठ करने का अधिकार दिया।

## पत्नी के जाने से टूटे पिता ने दो बच्चों की हत्या के बाद दी जान

### तमिलनाडु के तूतुकुड़ी की हृदयविदारक घटना, पुलिस पारिवारिक परिस्थितियों और अन्य पहलुओं की कर रही जांच

चेन्नई

तमिलनाडु के तूतुकुड़ी जिले से एक हृदयविदारक घटना सामने आई है। पुदुकोट्टाई के निकट सवेरियारपुरम क्षेत्र में एक 40 वर्षीय व्यक्ति ने कथित रूप से अपने दो बच्चों की जान लेने के बाद स्वयं भी आत्महत्या कर ली। घटना के बाद पूरे इलाके में शोक और सनसनी का माहौल है। पुलिस ने प्रारंभिक जांच में पारिवारिक तनाव और पत्नी के अलग होकर चले जाने के कारण व्यक्ति के मानसिक रूप से परेशान रहने की बात कही है। हालांकि घटना के सभी पहलुओं की विस्तृत जांच जारी है।



पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान मैरी माइकल के रूप में हुई है, जो पहले ट्रक चालक का कार्य करता था। उसके साथ उसकी 14 वर्षीय बेटी मैरी निरोशा और 12 वर्षीय बेटे मैरी केनिस्टन के शव भी घर में मिले। दोनों बच्चे एक निजी विद्यालय में पढ़ाई कर रहे थे। घटना का पता तब चला जब मृतक के बुजुर्ग पिता ने कई बार आवाज लगाने के बावजूद कोई जवाब नहीं मिलने पर पड़ोसियों की मदद ली।

### प्रारंभिक जांच में पारिवारिक तनाव की बात

पुलिस की शुरूआती जांच के अनुसार, लगभग छह महीने पहले माइकल की पत्नी उसे और बच्चों को छोड़कर चली गई थी। इसके बाद वह लगातार मानसिक तनाव में रहने लगा था। बताया जा रहा है कि उसने ट्रक चलाने का काम भी काफी हद तक छोड़ दिया था और बीच-बीच में पेंटिंग का काम कर परिवार का खर्च चलाने का प्रयास कर रहा था।

## प्रधानमंत्री के भ्रष्टाचार विरोधी दावे पर कांग्रेस ने उठाए सवाल, शासन और जवाबदेही को लेकर साधा निशाना

■ नई दिल्ली

भ्रष्टाचार के मुद्दे पर कांग्रेस ने सोमवार को केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तीखा राजनीतिक हमला बोला। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने प्रधानमंत्री के भ्रष्टाचार विरोधी रुख पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि सरकार अपने दावों पर खरी नहीं उतरी है। उन्होंने शासन व्यवस्था और जवाबदेही को लेकर भी केंद्र सरकार की आलोचना की।

कांग्रेस नेता ने अपने बयान में उद्योगपति समूहों से जुड़े मुद्दों का भी उल्लेख किया और कहा कि पार्टी लगातार इन मामलों में सरकार से जवाब मांगती रही है।



### कांग्रेस ने लगाए गंभीर आरोप

जयराम रमेश ने कहा कि प्रधानमंत्री का भ्रष्टाचार के खिलाफ दिया गया संदेश व्यवहारिक स्तर पर दिखाई नहीं देता। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान शासन में पारदर्शिता और जवाबदेही कमजोर हुई है तथा कई मामलों में जवाब देने से बचने की कोशिश की गई है।

कांग्रेस ने दावा किया कि शासन के विभिन्न क्षेत्रों में अपेक्षित सुधार नहीं हुए हैं। पार्टी का कहना है कि भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कार्रवाई के दावों के बावजूद कई महत्वपूर्ण मामलों में स्पष्ट जवाब नहीं दिए गए। जयराम रमेश ने यह भी कहा कि कांग्रेस विभिन्न सार्वजनिक मुद्दों पर लगातार सवाल उठाती रही है और सरकार को जवाबदेह बनाने का प्रयास कर रही है। लोकसभा और राज्यसभा के आगामी सत्रों से पहले राजनीतिक दलों के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर तेज होता दिखाई दे रहा है। विपक्ष जहां सरकार की नीतियों और कार्यशैली पर सवाल उठा रहा है, वहीं सत्तारूढ़ दल लगातार अपने कार्यकाल की उपलब्धियों को प्रमुखता से सामने रख रहा है।

## असम और मेघालय में एक ही दिन तीन बार डोली धरती

■ 4.5 तीव्रता का सबसे तेज भूकंप पूर्वी गारो हिल्स में आया

■ गुवाहाटी

असम और मेघालय में रविवार को एक ही दिन तीन बार भूकंप के झटके महसूस किए गए। इनमें सबसे तेज 4.5 तीव्रता का भूकंप मेघालय के पूर्वी गारो हिल्स जिले में आया, जिसके झटके असम के कई हिस्सों और गुवाहाटी तक महसूस किए गए। हालांकि, तीनों घटनाओं में अब तक किसी प्रकार के जान-माल के नुकसान की सूचना नहीं मिली है।

सिस्मोलॉजी विभाग के अनुसार, पहला प्रमुख भूकंप दोपहर 12 बजकर 40 सेकेंड पर मेघालय के पूर्वी गारो हिल्स जिले में आया। इसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 4.5 दर्ज की गई। भूकंप का केंद्र जमीन से पांच किलोमीटर की गहराई में 25.609 अक्षांश और 90.765 देशांतर पर स्थित था।

## लखनऊ में पकड़े गए नौ साइबर अपराधी, चीन को भेजते थे पैसा

■ लखनऊ

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ की क्राइम ब्रांच और मड़ियाव थाना पुलिस ने सयुंक्त कार्रवाई करते हुए रविवार को नौ साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 50 एटीएम कार्ड, बैंकिंग दस्तावेज, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, 53 हजार एक सौ रुपये नकद बरामद हुआ है। आरोपित साइबर ठगी की रकम को यूएसडीटी के जरिए चीनी साइबर ठगों को पहुंचाते थे। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम को 10 हजार रुपये के पुरस्कार की घोषणा की गयी है।

डीसीपी नार्थ गोपाल कृष्ण चौधरी ने बताया कि सीवाई ब्रज के अन्तर्गत एनसीआरपी–जेएमआईएस पोर्टल से कुछ म्यूल अकाउंट के सत्यापन के दौरान कुछ अकाउंट संदिग्ध लगे। पुलिस ने जांच शुरू की और तकनीकी विश्लेषण, बैंकिंग डाटा, डिजिटल सर्विलांस की मदद से केशवनगर मोड़ के पास खड़े मोहम्मद शाहरूख को गिरफ्तार कर लिया।

### रक्षा क्षेत्र में बड़ा बदलाव करने की तैयारी में केंद्र सरकार

## भारत में पहली बार निजी कंपनियां बनाएंगी मिसाइलें

■ नई दिल्ली

भारत अपनी रक्षा नीति में बड़ा बदलाव करने जा रहा है। केंद्र सरकार जल्द ही निजी भारतीय कंपनियों को मिसाइलों के निर्माण और विकास में भागीदारी की परमिशन दे सकती है। अब तक यह क्षेत्र मुख्य रूप से सरकारी रक्षा संस्थानों तक सीमित था। सरकार द्वारा यह फैसला ऐसे समय में लिया जा रहा है, जब ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत की स्वदेशी मिसाइलों की ताकत पूरी दुनिया ने देखी। साथ ही भारत में विकसित मिसाइलों की घरेलू और अंतरराष्ट्रीय मांग लगातार बढ़ रही है। खासकर इंडोनेशिया ने डीआरडीओ द्वारा विकसित अस्त्र मिसाइल में रुचि दिखाई है।



**अस्त्र मार्क-2 के निर्माण के लिए आएगा प्रस्तावः** रक्षा मंत्रालय जल्द ही अस्त्र मार्क-2 बियॉन्ड विजुअल रेंज एयर-टू-एयर मिसाइल के निर्माण के लिए निजी कंपनियों से प्रस्ताव आमंत्रित कर सकता है। इस प्रक्रिया में देश की कई बड़ी निजी कंपनियों के भाग लेने की संभावना है। अस्त्र मार्क-2 मिसाइल को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ने विकसित किया है। इसकी मारक क्षमता लगभग 180 से 200 किलोमीटर तक बताई जाती है। यह मिसाइल भारतीय वायुसेना के कई लड़ाकू विमानों, जैसे तेजस मार्क-1ए, मिग-29, सुखोई-30 एमकेआई और राफेल मरीन में उपयोग में लाए जाने की योजना है।

### बढ़ती मांग के चलते लिया गया फैसला

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय सशस्त्र बलों और मित्र देशों से मिसाइलों की मांग तेजी से बढ़ रही है। मौजूदा उत्पादन क्षमता इस बढ़ती आवश्यकता को पूरी तरह पूरा नहीं कर पा रही है। ऐसे में निजी क्षेत्र की भागीदारी से उत्पादन में तेजी लाने और निर्यात क्षमता बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है।

### प्रलय मिसाइल भी निजी क्षेत्र के लिए खुल सकती है

अस्त्र के बाद सरकार प्रलय सामरिक बैलिस्टिक मिसाइल के विकास और निर्माण में भी निजी कंपनियों की भागीदारी पर विचार कर रही है। प्रलय मिसाइल की मारक क्षमता करीब 500 किलोमीटर है और यह ध्वनि की गति से कई गुना अधिक रफ्तार से लक्ष्य तक पहुंचने में सक्षम मानी जाती है। यह भारत की उभरती रॉकेट और मिसाइल क्षमता का महत्वपूर्ण हिस्सा है।



### केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने की घोषणा

## अगले साल 15 अगस्त से दौड़ेगी भारत की पहली बुलेट ट्रेन

■ नई दिल्ली

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रविवार को घोषणा की कि भारत की पहली बुलेट ट्रेन सेवा 15 अगस्त 2027 से चरणबद्ध रूप में शुरू होगी। मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर का सूरत-बिलिमोरा सेक्शन देश का पहला परिचालन हाई-स्पीड रेल खंड बनेगा।

508 किलोमीटर लंबे मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन कॉरिडोर को एक साथ नहीं, बल्कि चरणों में खोला जाएगा। सूरत-बिलिमोरा सेक्शन के उद्घाटन के बाद क्रमशः वापी-सूरत, वापी-अहमदाबाद, अहमदाबाद-ठाणे और अंत में अहमदाबाद-मुंबई खंड को खोला जाएगा। इस रणनीति का उद्देश्य पूरे कॉरिडोर के निर्माण से पहले ही जनता को सेवा उपलब्ध कराना है। रेल मंत्री ने देश के हाई-स्पीड रेल नेटवर्क के विस्तार की दीर्घकालिक योजनाओं का भी जानकारी दी।

हैदराबाद को केंद्र में रखकर तीन नए बुलेट ट्रेन कॉरिडोर प्रस्तावित किए गए हैं। इसमें पुणे-हैदराबाद, हैदराबाद-चेन्नई और हैदराबाद-बेंगलुरु शामिल हैं।

### निर्माण की मौजूदा स्थिति

रेल मंत्री ने बताया कि इस परियोजना का लगभग 80 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है और तय समय-सीमा के भीतर निर्माण पूरा करने के लिए काम तेज गति से जारी है। उन्होंने कहा कि यह परियोजना अपने अगले चरण में प्रवेश कर चुकी है। मुंबई और अहमदाबाद दो प्रमुख आर्थिक केंद्रों के बीच यात्रा का समय इस कॉरिडोर के चालू होने के बाद उल्लेखनीय रूप से कम हो जाएगा।

### संक्षिप्त समाचार

**दिल्ली में हैरी बॉक्सर गिरोह के 3 शूटर गिरफ्तार**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने रविवार को बताया कि उसने हैरी बॉक्सर गिरोह से जुड़े तीन कथित शूटरों को गिरफ्तार कर दिल्ली-एनसीआर में कारोबारियों से रंगदारी वसूलने और निशाना बनाकर हत्याएं करने की साजिश नाकाम की है। एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने नौ एमएम कैलिबर और एक बेरेटा पिस्तौल समेत तीन अवैध पिस्तौल और 26 कारतूस बरामद किए हैं।

**तेज रफ्तार एसयूवी ने युवक को कुचला, मौत**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के राजौरी गार्डन इलाके में एक तेज रफ्तार 'स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल' (एसयूवी) ने 35 वर्षीय एक व्यक्ति को उस वक्त कथित तौर पर टक्कर मार दी जब वह अपने दोस्त के संग सड़क किनारे खड़ा था। इस हादसे में व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। दी। य यह दुर्घटना मृतक की शनिवार रात की है और पहचान ख्याला निवासी उदय महतो के रूप में हुई है।

**भारत सहित अन्य देशों के 32 प्रवासी हिरासत में**

**माले।** मालदीव सरकार ने देश में अवैध रूप से रहने और काम करने के आरोप में कई प्रवासियों को हिरासत में लिया है जिनमें भारतीय भी शामिल हैं। मीडिया में रविवार को आई एक खबर में यह जानकारी दी गई। मालदीव आव्रजन विभाग ने शनिवार को थिलाफुशी में बिना दस्तावेजों के रह रहे विदेशी नागरिकों के खिलाफ विशेष छापेमारी अभियान चलाया।

**गूगल की पूर्व कार्यकारी की गोली मारकर हत्या**

**वाशिंगटन।** अमेरिका में जॉर्जिया के कॉब काउंटी में भारतीय मूल की अमेरिकी महिला और गूगल की पूर्व कार्यकारी शीतल व्रजेसियन की उनके पति ने कथित रूप से गोली मारकर हत्या कर दी। स्थानीय मीडिया ने यह खबर दी।

**केंद्र सरकार ने 19 को बुलाई सर्वदलीय बैठक**

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने संसद सत्र शुरू होने से पहले सर्वदलीय बैठक बुलाई है। ये बैठक 19 जुलाई को सुबह 11 बजे से शुरू होगी। गौरतलब है कि संसद का मानसून सत्र 20 जुलाई से शुरू होगा और 13 अगस्त चलेगा। इस बार का मानसून सत्र पश्चिम बंगाल और असम, केरल समेत पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के बाद हो रहा है।

**कतर के पूर्व अमीर शेख का निधन, मोदी ने जताया दुख**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कतर के पूर्व शासक (पूर्व अमीर) शेख हमद बिन खलीफा अल थानी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। प्रधानमंत्री ने उन्हें दूरदर्शी नेता बताते हुए कहा कि उन्होंने कतर को विकास और समृद्धि की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। साथ ही उन्होंने शेख हमद को भारत का सच्चा मित्र बताया। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर संदेश में कहा कि शेख हमद बिन खलीफा अल थानी के निधन से उन्हें गहरा दुख हुआ है। उन्होंने कहा कि फरवरी 2024 में कतर यात्रा के दौरान उनसे मिलने का सम्मान प्राप्त हुआ था।

**वियतनाम में मृत भारतीयों के शव लाने की प्रक्रिया शुरू**

**नई दिल्ली।** वियतनाम के फु क्वोक द्वीप के पास दर्दनाक स्पीडबोट हादसे में जान गंवाने वाले 15 भारतीयों के पार्थिव शरीर को भारत लाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। वियतनाम स्थित भारतीय दूतावास ने रविवार को जानकारी दी कि सभी पार्थिव शरीरों को हो ची मिन्ह सिटी ले जाया जा रहा है। वहां आवश्यक सरकारी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद उन्हें जल्द से जल्द भारत भेजा जाएगा। भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर बताया कि दूतावास और भारतीय वाणिज्य दूतावास की टीमें वियतनाम के अधिकारियों के साथ लगातार समन्वय कर रही हैं।

### एक नजर

### युवती को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के मामले की रिपोर्ट दर्ज

**बीसलपुर।** कोतवाली क्षेत्र के एक ग्राम में पड़ोसी युवक नगदी व लाखों के जेवर के साथ युवती को भगा ले गया। पुलिस ने इस मामले में युवक व उसके परिवार के आठ लोगोंके खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया है कहां है। कोतवाली में दर्ज कराएगी रिपोर्ट में क्षेत्र के ग्राम निवासी ग्रामीण ने आरोप लगाते हुए कहां है कि बीती 12 जुलाई की रात करीब 01:00 बजे उनका पड़ोसी इमामुद्दीन उनके घर में घुस आया। आरोप है कि वह उनकी 21 वर्षीय पुत्री को बहला–फुसलाकर अपने साथ ले गया। खटपट की आवाज होने पर जब उसकी आँख खुली, तो उन्हें घटना का पता चला। वे तुरंत आरोपी इमामुद्दीन के घर पहुँचे और अपनी बेटी के बारे में पूछताछ की। आरोप है कि इमामुद्दीन के परिजनों ने एक राय होकर आरोपी और लड़की को मौके से भगा दिया। इस मामले में पीड़ित ने इमामुद्दीन के अलावा जुलेखा, रियासुद्दीन, आफताब, मुस्तकीम, सोनी, शमसुद्दीन और बसरुद्दीन को नामजद किया है।

# छात्रों की फीस निजी खातों में जमा कराने का आरोप, बीएड विभाग की शिक्षिका पर एफआईआर

**कॉलेज प्रबंधन ने लाखों रुपये के गबन का लगाया आरोप, बैंक लेनदेन के दस्तावेज पुलिस को सौंपे; पति बोले- साजिश के तहत फंसाया जा रहा**

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** बीएड छात्रों की फीस में कथित वित्तीय अनियमितता का मामला सामने आने के बाद एक निजी कॉलेज की शिक्षिका और उनके पति के खिलाफ इज्जतनगर थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। कॉलेज प्रबंधन का आरोप है कि छात्रों से ली गई फीस संस्थान के अधिकृत खाते में जमा कराने के बजाय निजी बैंक खातों में ट्रांसफर कराई गई, जिससे कॉलेज को लाखों रुपये का नुकसान हुआ। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। फूल सिंह जनउत्थान शिक्षा समिति के प्रबंधक विजेंद्र सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बहेड़ी क्षेत्र के बहुनगर (सिरसा) स्थित सिरसा कॉलेज ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी में रमा पटेल बीएड




विभाग का संचालन देख रही थीं। कुछ छात्रों ने प्रबंधन को बताया कि उनसे पूरी फीस लेने के बावजूद न तो आधिकारिक रसीद दी गई और न ही उनकी फीस कॉलेज के रिकॉर्ड में दर्ज मिली। इसके बाद कराई गई जांच में कथित गड़बड़ी सामने आई। प्रबंधन का आरोप है कि छात्रों से फीस लेने के लिए कॉलेज के नाम से दो अलग-अलग ऑनलाइन पेमेंट आईडी का इस्तेमाल किया गया। इन आईडी के माध्यम से जमा हुई धनराशि कॉलेज के अधिकृत खाते में जाने के बजाय रमा पटेल और उनके पति संतोष कुमार के बैंक खातों में पहुंचती रही। कॉलेज का दावा है कि इस पूरे प्रकरण से संस्था को लाखों रुपये की आर्थिक क्षति हुई है। शिकायत में यह भी कहा गया है कि कॉलेज से अलग होने के बाद भी शिक्षिका छात्रों से संपर्क कर संस्थान के खिलाफ गलत जानकारी देती रहीं, जिससे कॉलेज की छवि और प्रवेश प्रक्रिया प्रभावित हुई। इसके अलावा दोनों पर कॉलेज परिसर में कर्मचारियों से अभद्रता करने और धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है। कॉलेज प्रबंधन ने बैंक लेनदेन के रिकॉर्ड, संबंधित दस्तावेज और साइबर क्राइम पोर्टल पर दर्ज शिकायत पुलिस को उपलब्ध करा दी है। एसएसपी अनुराग आर्य के निर्देश पर इज्जतनगर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि उपलब्ध साक्ष्यों और जांच के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। दूसरी ओर, संतोष कुमार ने अपनी पत्नी पर लगाए गए सभी आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि उन्हें जानबूझकर बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। उनका कहना है कि निष्पक्ष जांच के बाद सच्चाई सामने आ जाएगी।

## दो घरों में हुई चोरी के मामले में मुकदमा दर्ज

**पूरनपुर।** हजारा थाना क्षेत्र में रोशनदान और खिड़की उखाड़कर हेड कांस्टेबल सहित दो लोगों के घरों में जेवरात और नकदी चोरी के मामले में पुलिस ने गांव अशोक नगर के केशवदास की ओर से मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस ने कई संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ तेज की है। बीते शुक्रवार की रात को चोरों ने गांव लक्ष्मनपुर के नैमुद्दीन के घर के पीछे का रोशनदान निकालकर प्रवेश किया था। चोर उसके घर के कमरे में रखी अलमारी तोड़कर सोने,चांदी के जेवरात और 95 हजार रुपये की नकदी चोरी कर ले गए थे। नैमुद्दीन की पत्नी फरजाना बानो पुलिस विभाग में हेड कांस्टेबल हैं। चोरों ने इसके अलावा गांव अशोक नगर के केशवदास के घर में घुसकर सोने, चांदी के जेवरात चोरी कर लिए थे। इसको लेकर खलवली मच गई। मामले की तहरीर मिलने पर हजारा पुलिस ने दोनों घटनाओं का केशवदास की ओर से अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## लखनऊ जा रही रोडवेज बस के चालक की ड्यूटी के दौरान मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** मुजफ्फरनगर डिपो की रोडवेज बस लेकर लखनऊ जा रहे एक संविदा चालक की रविवार को ड्यूटी के दौरान अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। फरीदपुर क्षेत्र में बस चलाते समय उनके सीने में तेज दर्द उठा। परिचालक की सूचना पर एंबुलेंस से उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। प्रारंभिक तौर पर मौत का कारण हृदयाघात माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार, शामली जिले के बाबरी थाना क्षेत्र के भजूं गांव निवासी 48 वर्षीय सुनील कुमार उत्तर प्रदेश रोडवेज के मुजफ्फरनगर डिपो में संविदा चालक के रूप में कार्यरत थे। रविवार को वह यात्रियों से भरी बस लेकर लखनऊ जा रहे थे। रास्ते में फरीदपुर थाना क्षेत्र के टिसुआ गांव के निकट अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई और सीने में असहनीय दर्द होने लगा। चालक की हालत गंभीर होते देख परिचालक ने तत्काल एंबुलेंस की मदद से उन्हें जिला अस्पताल भिजवाया, लेकिन इलाज शुरू होने से पहले ही उनकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंच गए। चालक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। उनकी पत्नी अर्चना सहित तीन बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के वास्तविक कारण की पुष्टि हो सकेगी। हालांकि शुरुआती तौर पर हृदयाघात से मौत की आशंका जताई जा रही है।

## शिक्षक बनाने का सपना दिखाकर लाखों की ठगी, फर्जी नियुक्ति पत्र पर पांच महीने तक पढ़ाती रहीं दो बहनें

जागरण मोर्चा कार्यालय

- सरकारी भर्ती का झांसा देकर वसूले एक लाख रुपये, वेतन नहीं मिलने पर खुली पोल; शिक्षा विभाग ने जांच के दिए निर्देश

**बरेली।** सरकारी शिक्षक की नौकरी दिलाने का झांसा देकर दो सगी बहनों के साथ ठगी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोप है कि एक व्यक्ति ने अपनी पहुंच का हवाला देते हुए दोनों युवतियों से एक लाख रुपये वसूल लिए और फर्जी नियुक्ति पत्र थमाकर उन्हें प्राथमिक विद्यालय में पढ़ाने भेज दिया। करीब पांच महीने तक दोनों बहनें बच्चों को पढ़ाती रहीं, लेकिन वेतन का भुगतान नहीं हुआ। जब उन्होंने शिक्षा विभाग से जानकारी ली तो पूरा फर्जीवाड़ा उजागर हो गया। नवाबगंज थाना क्षेत्र के बरखन गांव निवासी एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि भदपुरा ब्लॉक में कार्यरत एक आंगनबाड़ी कार्यकत्री के पति त्रिवेंद्र गंगवार ने शिक्षा विभाग में प्रभाव होने का दावा करते हुए उनकी दोनों बेटियों को सहायक अध्यापक के पद पर नियुक्त कराने का भरोसा दिया। इसके बदले उसने प्रति युवती 50-50 हजार रुपये की मांग की। भरोसा कर परिवार ने अलग-अलग समय पर कुल एक लाख रुपये आरोपी को सौंप दिए। आरोप है कि रुपये लेने के बाद आरोपी ने दोनों बहनों को फर्जी नियुक्ति पत्र उपलब्ध कराए और उन्हें बिहारीपुर अब्दुल रहमान स्थित प्राथमिक विद्यालय में कार्यभार ग्रहण करा दिया। दोनों युवतियां नियमित रूप से विद्यालय जाकर बच्चों को पढ़ाती रहीं। कई महीने बीतने के बाद भी जब वेतन नहीं मिला तो उन्हें संदेह हुआ। इसके बाद शिक्षा विभाग में जानकारी करने पर पता चला कि विभाग ने ऐसी कोई भर्ती प्रक्रिया ही नहीं चलाई थी और नियुक्ति पत्र पूरी तरह फर्जी थे। ठगी का एहसास होने पर पीड़ित परिवार ने नवाबगंज थाने में शिकायत दर्ज कर आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। खंड शिक्षा अधिकारी विजय कुमार ने बताया कि विभाग की ओर से ऐसी कोई नियुक्ति नहीं की गई है। दोनों युवतियों को विद्यालय में किसके निर्देश पर पढ़ाने दिया गया, इसकी भी जांच कराई जाएगी। जांच में दोषी पाए जाने वाले सभी लोगों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## दम घुटने से हुई थी ट्रक चालक की मौत

**पूरनपुर।** ट्रक में आग लगने की घटना में दम घुटने से चालक की मौत हुई। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद इसका खुलासा किया गया है। हालांकि पुलिस ने विसरा सुरक्षित किया है। जांच में जुटी पुलिस दूसरे दिन भी असम हाईवे के आसपास लगे सीसी कैमरे खंगालने में जुटी रही। अब तक जांच के बाद पुलिस हादसा होना मान रही है। दूसरी ओर मृतक के परिजन रंजिशन घटना को अंजाम देना मान रहे हैं। परिजन सोमवार को बिलासपुर थाना पहुंचकर कार सवारों के खिलाफ तहरीर देंगे। घटना बीते शुक्रवार की रात की है। असम हाईवे पर हरदोई ब्रांच नहर पुल के समीप हुई थी। रामपुर के बिलासपुर के गांव बड़ा बोमेना निवासी बलजिंदर सिंह रूद्रपुर से फोम भरे ट्रक को लेकर नेपाल बॉर्डर जा रहा था।

## पुलिस हिरासत में युवक का हाथ गंभीर रूप से घायल, परिजनों ने लगाए मारपीट के आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय



- छेड़छाड़ की शिकायत पर थाने लाई थी युवक को पूछताछ के लिए
- पुलिस बोली नशे में शीशा तोड़ने से हुआ घायल, जांच शुरू

**बरेली।** बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र में पुलिस हिरासत के दौरान एक युवक के गंभीर रूप से घायल होने का मामला सामने आया है। चांदपुर बिचपुरी गांव निवासी युवक का दाहिना हाथ बुरी तरह जख्मी हो गया, जिसके बाद उसे भोजीपुरा स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना को लेकर परिजनों ने पुलिस पर मारपीट और लापरवाही के गंभीर आरोप लगाए हैं, जबकि पुलिस ने इन आरोपों को खारिज करते हुए अलग वजह बताई है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है। परिजनों के मुताबिक, चांदपुर बिचपुरी निवासी अनिल ड्यूटी से घर लौट रहा था। रास्ते में गांव की एक महिला मिली, जिसे उसने बाइक से घर छोड़ने की बात कही। आरोप है कि इसी दौरान महिला ने डायल-112 पर छेड़छाड़ की सूचना दे दी। सूचना मिलने पर पीआरवी पुलिस अनिल को पूछताछ के लिए बिथरी चैनपुर थाने ले गई। अनिल की मां लज्जावती का आरोप है कि जब परिवार रात में थाने पहुंचा तो उन्हें बेटे से मिलने नहीं दिया गया और वहां से वापस भेज दिया गया। कुछ देर बाद पुलिस ने सूचना दी कि अनिल घायल हो गया है और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अस्पताल पहुंचने पर परिजनों ने देखा कि युवक के दाहिने हाथ का ऑपरेशन चल रहा था। उन्होंने पुलिस पर हिरासत में मारपीट करने का आरोप लगाते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।. वहीं, एसपी उत्तरी मुकेश चंद्र मिश्रा ने बताया कि महिला की शिकायत पर युवक को पूछताछ के लिए थाने लाया गया था। उनके अनुसार, युवक शराब के नशे में था और उसने थाने में लगे शीशे पर हाथ मार दिया। शीशा टूटने से कांच उसके हाथ में घुस गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस का कहना है कि महिला की शिकायत के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है और हिरासत में घायल होने की घटना की भी निष्पक्ष जांच कराई जा रही है।

### शराबी पति ने पत्नी और साले को पीटकर किया घायल

**पूरनपुर।** घर आए विवाहिता को पीटने से बचाने को गए भाई को भी पीटकर घायल कर दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव लुकटिहाई निवासी ममता देवी ने बताया कि उसकी शादी लुकटिहाई निवासी विज कुमार के साथ हुई है। उसके तीन छोटे बच्चे हैं। इन दिनों वह गर्भवती है। आरोप है कि उसका पति नशा कर आए दिन गाली गलौज कर मारपीट करता है। खाना खर्चा भी नहीं देता। कई बार उसको मारपीट कर घर से निकल चुका है। 11 जुलाई को शाम विवाहिता का भाई दीपक घर आया। रात्रि करीब दस बजे उसका पति विज कुमार शराब के नशे में घर आए और गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर मारा पीटा।


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

जागरण मोर्चा

बरेली सिटी से 'जागरण मोर्चा' को चाहिए ऊर्जावान पत्रकार!

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक 'जागरण मोर्चा' बरेली शहर, तहसील एवं ग्रामीण क्षेत्रों में समाचार संकलन के लिए निष्पक्ष, साहसी और ऊर्जावान संवाददाताओं (पत्रकारों) की आवश्यकता है।

संपर्क सूत्र: 7579849555, 9627739857

मिलने का समय: दोपहर 12 से शाम 06 बजे तक

कार्यालय का पता: सी-86, चन्दपुरी, प्रेम नगर (बी-बाजार के सामने), बरेली, उत्तर प्रदेश।


## बंद मकान की टीन काटकर चोरों ने उड़ाए 35 हजार, सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में चोरी की एक सनसनीखेज घटना सामने आई है। बदमाशों ने बंद पड़े मकान की टीन की दीवार काटकर घर में प्रवेश किया और गल्ले का ताला तोड़कर 35 हजार रुपये नकद लेकर फरार हो गए। पूरी घटना घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है। सिविल लाइंस क्षेत्र के माल गोदाम रोड स्थित साहिल गेस्ट हाउस के सामने रहने वाले अनुज अरोरा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने घर से "वाटर किंग" फर्म के नाम से पानी और कोल्ड ड्रिंक का कारोबार करते हैं। 12 जुलाई की रात करीब एक बजे से सुबह चार बजे के बीच घर पर कोई मौजूद नहीं था। इसी दौरान अज्ञात चोर टीन की दीवार काटकर अंदर घुस गए और गल्ले का ताला तोड़कर उसमें रखे 35 हजार रुपये नकद चोरी कर ले गए। सुबह घर लौटने पर चोरी की जानकारी हुई। सीसीटीवी फुटेज देखने पर पूरी वारदात कैमरे में कैद मिली। पीड़ित का कहना है कि फुटेज में दिख रहे व्यक्ति की पहचान कराने पर पता चला कि संदिग्ध आदिल नाम का युवक है, जो शाहजहांपुर का निवासी बताया जा रहा है। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि पुलिस ने नहीं की है। पीड़ित ने सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के साथ पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज और शिकायत के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## मासूम की मौत के वायरल वीडियो पर अस्पताल का जवाब, लापरवाही के आरोपों को बताया बेबुनियाद

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** जिला अस्पताल परिसर के बाहर गोद में मासूम बेटी का शव लेकर विलाप करती मां का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने के बाद अस्पताल प्रशासन ने पूरे घटनाक्रम पर अपनी स्थिति स्पष्ट की है। अस्पताल का कहना है कि बच्ची के उपचार में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती गई। उसे समय पर इमरजेंसी में भर्ती कर चिकित्सकीय देखभाल दी गई थी और हालत गंभीर होने पर उच्च चिकित्सा संस्थान भेजने की भी सलाह दी गई थी। जिला अस्पताल के एडीएसआईसी डॉ. रमेश चंद्र दीक्षित ने बताया कि बच्ची परी कुछ दिन पहले मकान की छत से गिर गई थी, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई थी। घटना के बाद परिजनों ने उसका करीब 10 से 12 दिन तक एक निजी अस्पताल में इलाज कराया। आर्थिक दिक्कतों के चलते बाद में उसे जिला अस्पताल की इमरजेंसी में लाया गया। अस्पताल प्रशासन के अनुसार, इमरजेंसी में मौजूद चिकित्सकों और ऑन-कॉल सर्जन ने बच्ची का तत्काल परीक्षण कर उपचार शुरू किया। सिर में गंभीर चोट होने के कारण बेहतर इलाज के लिए उसे हायर सेंटर रेफर किया गया, लेकिन परिजन उसे बाहर ले जाने के बजाय जिला अस्पताल में ही इलाज कराना चाहते थे। बच्ची पूरी रात अस्पताल में भर्ती रही और शनिवार सुबह उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। डॉ. दीक्षित ने बताया कि सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो उस समय का है, जब बच्ची की मौत के बाद डेथ सर्टिफिकेट जारी किया जा चुका था और शव को वाहन से घर भेजने की तैयारी की जा रही थी। उन्होंने कहा कि वीडियो को लेकर जो दावे किए जा रहे हैं, वे तथ्यों से मेल नहीं खाते। अस्पताल प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया कि बच्ची को भर्ती न किए जाने की बात पूरी तरह गलत है। उनके अनुसार, अस्पताल में भर्ती, उपचार, रेफरल और मृत्यु के बाद की सभी आवश्यक चिकित्सीय एवं प्रशासनिक प्रक्रियाएं नियमानुसार पूरी की गईं।






## मुंडिया नबी बक्श व्यापार मंडल की नई इकाई का पुनर्गठन, शानू अंसारी बने अध्यक्ष, नितिन महामंत्री

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** जि बहेड़ी। मुंडिया नबी बक्श में साप्ताहिक बाजार बंदी लागू किए जाने की मांग के साथ व्यापारियों ने रोड शो निकालकर अपनी आवाज को जोरदार ढंग से उठाया। इसके बाद न ई कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें शानू अंसारी को व्यापार मंडल की स्थानीय इकाई का अध्यक्ष और नितिन रस्तोगी को महामंत्री मनोनीत किया गया। उद्योग व्यापार मंडल की तहसील टीम की अगुवाई में मुंडिया नबी बक्श में व्यापारियों की भारी संख्या की मौजूदगी में इकाई का गठन किया गया। नवगठित इकाई में आसिफ अंसारी, नेम नरायण सुनील शर्मा, निसार अहमद, मो अनस को उपाध्यक्ष तथा जितेंद्र पुरवा, दीपक रस्तोगी, प्रीतम मौर्य, पंकज मौर्य व शेर सिंह को मंत्री चुना गया।संरक्षक मंडल में श्याम सुंदर रस्तोगी, प्रेम पाल गंगवार बाल किशोर शर्मा जाकिर अंसारी तथा विजय कोहली को शामिल किया गया। बैठक में साप्ताहिक बंदी लागू कराने और उद्योग बंधु की बैठकों में मुद्दे उठाने का भी संकल्प लिया गया। व्यापार मंडल की तहसील इकाई के नदीम फैंसी, नितिन गोयल, वसीम आइडिया आदि व्यापारियों ने मुख्य रूप से भागीदारी की।

## बैंकॉक में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे बरेली के तीन कॉर्फबॉल खिलाड़ी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** कॉर्फबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया (KFI) द्वारा आगामी आईकेएफ अंडर-19 एवं अंडर -21 एशिया कॉर्फबॉल4 चैंपियनशिप-2026 के लिए भारतीय कॉर्फबॉल4 टीम की घोषणा कर दी गई है। यह प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता 26 से 31 जुलाई, 2026 तक बैंकॉक (थाईलैंड) में आयोजित होगी।



भारतीय टीम में बरेली (उत्तर प्रदेश) के तीन प्रतिभाशाली खिलाड़ियों वीर प्रताप सिंह, पारस मिश्रा एवं संस्कार गंगवार का चयन हुआ है। तीनों खिलाड़ी इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। खिलाड़ियों के चयन से जिले एवं प्रदेश के खेल जगत में हर्ष का माहौल है।

प्रतियोगिता की तैयारियों के लिए कॉर्फबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा 15 से 23 जुलाई, 2026 तक लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (एलपीयू), फगवाड़ा (पंजाब) में भारतीय टीम का राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण शिविर के समापन के बाद भारतीय टीम बैंकॉक के लिए रवाना होगी।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश कॉर्फबॉल एसोसिएशन के ज्वाइंट सेक्रेटरी सुमित शर्मा ने चयनित खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि न केवल बरेली बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश के लिए गौरव का विषय है।

**आवश्यकता है**

उत्तर प्रदेश के तेजी से बढ़ते अखबार जागरण मोर्चा को मुरादाबाद मंडल और जिला रामपुर में रिपोर्टरों और एजेंसी के लिए लोगों की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त विज्ञापन एंव अखबार के लिए संपर्क करें।

**मोबाइल नंबर–**
7906815587, 9758444242


## एक नजर

### पारिवारिक विवाद में मां, बेटे और बहू को पीटा

शाहबाद। थाना क्षेत्र के बंदार गांव में पारिवारिक विवाद के चलते एक युवक ने अपनी पत्नी के साथ मिलकर अपनी ही मां, भाई और भाभी के साथ मारपीट की। बंदार गांव निवासी दिनेश कुमार ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया बीती 12 जुलाई की रात आठ बजे उसका भाई मुनेश और उसकी पत्नी गोरी, उनकी मां पुष्पा देवी को गालियां दे रहे थे ।विरोध करने पर दोनों ने मां को पीटना शुरू कर दिया। जब दिनेश और उसकी पत्नी ज्ञानदेवी बीच–बचाव करने आए, तो आरोपियों ने उनके साथ भी गंभीर मारपीट की। आस–पास के लोग इकट्ठा हुए, तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। हमले में पीड़ित, उसकी मां और पत्नी को काफी चोटें आई हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरूकर दी।

### रेडक्रास सोसायटी के पदाधिकारियों को सौंपे प्रशस्ति पत्र

रामपुर। रेडक्रास सोसायटी के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को सीडीओ ने प्रशस्ति पत्र सौंपे। सोसायटी के अध्यक्ष सरदार अवतार सिंह, उपाध्यक्ष नरेंद्र पाल सिंह, सचिव डॉ.अब्दुल सलाम, कोषाध्यक्ष डॉ.रऊफ को बनाया गया हैं। इस अवसर पर सिटी मजिस्ट्रेट सालिक राम, सीएमओ डॉ.दीपा सिंह मौजूद रहे। इसके अलावा छह अन्य डायरेक्टरों को भी शपथ दिलाकर प्रशस्ति पत्र सौंपे गए। अध्यक्ष ने कहा कि सोसायटी के गाइडलाइन के अनुसार जरूरतमंदों की सेवा की जाएगी।

# स्कूटी डिवाइडर से टकराई, मां-बेटी की मौत

## हरिद्वार से गंगाजल लेकर बरेली लौट रहा था परिवार, झपकी आने से हुआ हादसा



मां बेटी का फाइल फोटो

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मिलक।** मिलक क्षेत्र में सोमवार तड़के करीब 4 बजे हुए एक सड़क हादसे में बरेली निवासी मां-बेटी की मौत हो गई।यह हादसा तब हुआ जब परिवार हरिद्वार से गंगाजल लेकर दोपहिया वाहनों से अपने घर लौट रहा था। नींद की झपकी लगने के कारण स्कूटी अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई।

बरेली के पटेल नगर निवासी कपिल खंडेलवाल पासपोर्ट ऑफिस में कांट्रैक्टर का काम करते हैं। कपिल अपनी पत्नी तृप्ति गुप्ता (50) बड़ी बेटी श्री (19) छोटी बेटी दिव्या(17 ) और बेटे कार्तिक (12 ) के साथ रविवार को हरिद्वार गए थे। देर रात वे दोपहिया वाहनों से गंगाजल लेकर बरेली लौट रहे थे। तृप्ति और उनकी बड़ी बेटी श्री एक स्कूटी पर सवार थीं, जबकि कपिल अपनी दूसरी बेटी दिव्या और बेटे कार्तिक के साथ बाइक पर थे।सोमवार सुबह करीब चार बजे मिलक क्षेत्र के लोहा गांव स्थित हाईवे पर नींद की झपकी लगने से स्कूटी डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कूटी पर सवार मां तृप्ति गुप्ता और बेटी श्री की मौके पर ही मौत हो गई।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने मां तृप्ति के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया, वहीं बेटी श्री के शव को परिजनों के अनुरोध पर बिना पोस्टमॉर्टम के घर भेज दिया गया। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### मां की मौके पर मौत, बेटी ने इलाज के दौरान तोड़ा दम

सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को एंबुलेंस से मिलक के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने तृप्ति गुप्ता को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल श्री को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया। जिला अस्पताल में उसकी हालत नाजुक बनी हुई थी, जिसके बाद उसे हायर सेंटर भेजा गया। हालांकि, परिजन जब उसे बरेली ले जा रहे थे, तभी रास्ते में श्री ने भी दम तोड़ दिया ।मां और बेटी की एक साथ मौत से परिवार गहरे सदमे में है। पुलिस ने तृप्ति के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। वहीं, श्री का शव बिना पोस्टमॉर्टम किए परिवार घर लेकर चला गया।

### हर महीने तीर्थस्थल पर जाते थे

परिजनों ने बताया कि कपिल खंडेलवाल धार्मिक प्रवृत्ति के व्यक्ति हैं और लगभग हर महीने परिवार के साथ किसी न किसी तीर्थस्थल की यात्रा पर जाते थे। पिछले महीने पूरा परिवार दोपहिया वाहनों से मथुरा दर्शन के लिए गया था। कपिल बरेली में ठेकेदारी का काम करते हैं। उनकी बड़ी बेटी श्री ने इसी वर्ष 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण की थी, जबकि छोटी बेटी दिव्या ने 10वीं की परीक्षा पास की है।

### जिले के पांच एसडीएम का हुआ तबादला

रामपुर। देर रात को शासन की ओर से प्रदेश भर के एसडीएम के तबादलों की सूची जारी कर दी गई है। जिसमें जिले में तैनात पांच एसडीएम को दूसरे जिले में तबादला कर दिया गया है। जबकि छह नए एसडीएम दूसरे जिलों से आए रहे है। जिसमें डिप्टी कलेक्ट्रर अनुराग सिंह को बिजनौर, अरूण कुमार को गाजीपुर, टांडा में तैनात एसडीएम अमन देओल को बहराइच, एसडीएम सदर का काम देख रहे विकास कुमार वर्मा को देवरिया,एसडीएम कुमार संजय को जालौन भेजा। जबकि इनके स्थान पर मथुरा से एसडीएम आदेश कुमार और सुभाष कुमार,आंबेडकर नगर से सतवीर सिंह,बरेली से रतीया श्रीवास्तव, जीत सिंह शाहजहांपुर और राकेश कुमार त्यागी आ रहे




# अचानक से गायब हुए गैस एजेंसी के मैनेजर को पुलिस ने किया बरामद

- घरेलू कलह के चलते चलते गए थे हरिद्वार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** घरेलू कलह के चलते अचानक से रविवार दोपहर को गैस एजेंसी के मैनेजर गायब हो गए थे। जिसके बाद परिजनों से लेकर रिश्तेदारों तक में हड़कंप मच गया था। पुलिस ने सोमवार सुबह को सर्विलास के आधार पर उनको मुरादाबाद से एक रोडवेज से बरामद किया। उसके बाद पुलिस उनके थाने ले आई। पूछताछ के बाद उनको घर भेजा। सिविल लाइंस थाने में तैनात दरोगा भीमसेन ने बताया कि पारिवारिक कलह के चलते वह हरिद्वार चले गए थे।

थाना कोतवाली के मोहल्ला इंद्रा कालोनी निवासी सत्य प्रकाश अग्रवाल सिविल लाइंस थाने के सामने प्रगति गैस एजेंसी में मैनेजर है,जोकि मालिक के बाद एजेंसी का सारा काम वहीं देखते हैं। अचानक से वह रविवार दोपहर को गैस एजेंसी से बाहर आने के बाद गायब हो गए थे। देर शाम तक घर नहीं पहुंचने पर परिजनों में हड़कंप मच गया था। उसके बाद सत्यप्रकाश के बेटे ने सिविल लाइंस थाने में पिता के गायब होने की जानकारी दी थी। जिसके बाद पुलिस कर्मी सक्रिय हो गए थे। उसके बाद तलाश शुरू कर दी थी। सिविल लाइंस थाने में तैनात दरोगा भीमसेन ने बताया कि पारिवारिक कलह के चलते वह हरिद्वार चले गए थे। सोमवार को सर्विलांस के आधार पर मुरादाबाद रोडवेज बस से उनको बरामद किया गया है। बाद में परिजनों की सुपुर्दगी में उनको दे दिया गया है।



**सीसीटीवी कैमरे तक खंगाले:** प्रगति गैस एजेंसी के मैनेजर के अचानक से गायब हो जाने के बाद उनके परिवार से लेकर उनके रिश्तेदारों तक में हड़कंप मच गया था। सभी लोग एक दूसरे को फोन करके सत्यप्रकाश अग्रवाल के बारे में जानकारी लेने लग गए थे। इतना ही नही परिजनों के रिश्तेदारो ने पुलिस अधिकारियों के फोन करके उनके तलाशने के लिए कहा जा रहा था। सुबह को सोशल मीडिया पर उनके गायब होने का मैसेज चल गया था। इतना ही नहीं मैसेज में यह तक लिख दिया गया था कि यदि किसी भी व्यक्ति को इसके बारे में कोई जानकारी मिले या कहीं दिखाई दें, तो कृपया तुरंत नीचे दिए गए नंबरों पर संपर्क करें,जो भी व्यक्ति सत्य प्रकाश अग्रवाल के बारे में सही एवं विश्वसनीय जानकारी देगा या उन्हें सुरक्षित खोजने में सहायता करेगा,उसे उचित इनाम दिया जाएगा ।जिसके बाद फोटो पूरे सोशल मीडिया में वायरल हो गए थे। पुलिस पूरी रात सीसीटीवी कैमरें के फुटेज भी खंगालती रही। इतना ही नहीं गैस एजेंसी के कर्मचारियों को बुलाकर उनसे से भी पूछताछ की गई। करीब 16 घंटे तक पुलिस ने बरामद कर लिया।

## सार संक्षेप



सीडीओ को इंडोर प्लांट भेंट करते सुनील।

### मुख्य विकास अधिकारी से मिलें सुनील

रामपुर। लंबे समय से निर्माणधीन पटवाई–जौलपुर मार्ग पर अस्थाई पुलिया व वैकल्पिक मार्ग के लिए सोमवार सुबह राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी सुनील यादव नें विकास भवन पहुंचकर मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चंद्र से मुलाक़ात कर मार्ग की स्तिथि से अवगत कराया। सुनील ने पत्र के माध्यम से बताया कि बीते 4 माह पूर्व लोक निर्माण विभाग द्वारा इस मार्ग पर कार्य लगाया गया जिसके तहत वहां पहले से बने जर्जर पुल को तोड़ दिया गया परन्तु ग्रामीणों के आवगमन के लिए किसी भी वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था नहीं की गई जिससे प्रतिदिन हजारों लोगों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है सुनील नें पत्र के माध्यम से वैकल्पिक मार्ग बनवाने की मांग की है इस दौरान सुनील ने पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश देते हुए मुलाक़ात स्वरुप मुख्य विकास अधिकारी को इंडोर प्लांट भेंट की।

### बिजली समस्या को लेकर भाजपा नेता मकसूद लाला ने उठाई आवाज



बिजली अधिकारी को ज्ञापन देते मकसूद लाला।

टांडा। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता मकसूद लाला ने अपने आवास पर विद्युत विभाग के अवर अभियंता को नगर की बिजली समस्या से अवगत कराते हुए ज्ञापन सौंपा ।ज्ञापन में उन्होंने लगातार हो रही ओवर ट्रिपिंग की समस्या का स्थायी समाधान कराने, जर्जर एवं पुराने बिजली तारों को बदलवाने, आवश्यकता वाले क्षेत्रों में ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाने तथा टांडा नगर में खराब हो चुकी एबीसी केबलों को बदलवाने की मांग की ।मकसूद लाला ने कहा कि इन समस्याओं के कारण नगरवासियों को आए दिन बिजली संकट का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने विद्युत विभाग से जनहित को प्राथमिकता देते हुए शीघ्र आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की ।जेई ने समस्याओं का संज्ञान लेते हुए जल्द समाधान कराने का आश्वासन दिया।

### समाजसेवी ने लगाई पानी की सबील



एक्टर सलीम जैदी के संग खड़े समाजसेवी व अन्य।

रामपुर। मोहर्रम के जुलूस पर समाज सेवी मामून शाह खान द्वारा अज़ादारों के लिए पानी की सबील लगाई गई। इस दौरान ठंडे पानी और जूस की बोतलें भी वितरित की गईं। मामून शाह खान ने कहा कि समाज सेवा से बड़ी कोई सेवा नहीं है। उन्होंने बताया कि वह पिछले कई वर्षों से मोहर्रम जुलूस में अज़ादारों के लिए पानी की सबील लगाते आ रहे हैं। कार्यक्रम में टीवी सीरियल भाभी जी घर पर हैं के एक्टर सलीम ज़ैदी भी मौजूद रहे। इस अवसर पर समाजसेवी सैयद फैसल हसन, रहमान अली अंसारी, तालिब खान, वसीम खान, फूल, इरफान आदि मौजूद रहे।

### पौधे रोपकर सरंक्षण का लिया संकल्प



पौधारोपण करते एक्सईएन इं .गौरव सिंह।

रामपुर। प्रदेश व्यापी पौधारोपण महाअभियान 2026 के तहत जिले भर में सरकारी विभागों, शिक्षण संस्थानों, नगर निकायों और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने बड़े पैमाने पर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। लोक निर्माण विभाग ने प्रदेश व्यापी पौधारोपण महाअभियान 2026 के तहत जनपद में 16000 से अधिक पेड़–पौधे लगाए। अधिशासी अभियंता इं .गौरव सिंह ने एक पेड़ मां के नाम धर्मपत्नी डॉ .प्रतिभा सिंह और बच्चों के संग पौधरोपण किया। उन्होंने पौधारोपण को केवल रस्म अदायगी तक सीमित न रखते हुए इसकी निरंतरता और पारदर्शिता पर विशेष जोर दिया।

### ग्राम पंचायतों में कराये गए कार्यों का भुगतान नहीं होने से प्रशासकों में नाराजगी

रामपुर। अखिल भारतीय ग्राम प्रधान संगठन के जिलाध्यक्ष काशिफ खां ने कहा है कि पूर्व में पूर्ण हो चुके कार्यों का भुगतान करने पर किसी भी स्तर से रोक नहीं है। न ही किसी न्यायालय से प्रधानों को प्रशासक बनाए जाने के खिलाफ कोई आदेश पारित हुआ है। इसके बाद भी भुगतान न कर सचिव मनमानी कर रहे हैं। प्रधान संगठन इसे सहन नहीं करेगा ।अखिल भारतीय ग्राम प्रधान संगठन के जिलाध्यक्ष काशिफ खां ने कहा है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने प्रधानों को प्रशासक इसलिए बनाया है ताकि ग्राम पंचायतों में विकास की गति न रुके। प्रधान नए कार्यों के लिए जिलाधिकारी द्वारा निर्धारित प्रक्रिया अपना रहे हैं। लेकिन, जो कार्य पूर्व में कराए जा चुके हैं, उनके भुगतान में सचिव रूचि नहीं ले रहे हैं, जिसकी वजह से प्रधानों पर सामग्री फर्मों का बकाया है। लंबित भुगतान पर न तो ज़िला पंचायतराज अधिकारी की तरफ से रोक है और जिलाधिकारी ने रोक लगाई है। पंचायत सचिव ही इस मामले में मनमानी कर रहे हैं, जो गलत है। संगठन के प्रदेशाध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह भी इस मामले को लेकर पंचायतीराज निदेशक से मिले हैं। शासन स्तर से भी शीघ्र ही दिशा–निर्देश जारी होंगे।

### व्यापार मंडल ने टांडा बाईपास निर्माण की मांग की

टांडा। व्यापार मंडल के स्थानीय प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर टांडा बाईपास निर्माण की मांग की। सोमवार को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल का एक प्रतिनिधिमंडल जनपद मुख्यालय पहुंचा और जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर टांडा बाईपास निर्माण की मांग की ।ज्ञापन में कहा गया है कि टांडा,मुरादाबाद, बाजपुर मुख्य मार्ग नगर के बीचोबीच से होकर गुजरता है ।मुख्य मार्ग पर ही मैन बाजार स्थित है ।जिसके चलते मार्ग अक्सर जाम की जद में रहता है और हादसे भी होते रहते हैं ।राहगीरों एवं ग्राहकों का पैदल चलना भी दुश्वार जो जाता है ।व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने डीएम को बताया कि टाण्डा और स्वार के लिए दो बाईपास एक साथ स्वीकृत हुए थे ।दोनो ही बाईपास बेहद ज़रूरी हैं। जिसमें स्वार के बाईपास की धनराशि रीलीज हो गई, परन्तु टाण्डा बाईपास की धनराशि स्वीकृत नहीं हो सकी है। नगर टाण्डा में बढ़ते ट्रैफिक एंव जाम तथा हादसों को देखते हुए टाण्डा बाईपास का निर्माण बेहद जरूरी है। व्यापार मंडल ने बाईपास की धनराशि स्वीकृत कराकर जल्द से जल्द टाण्डा बाईपास का कार्य शुरू कराये जाने की मांग की है ।प्रतिनिधिमंडल में नगर अध्यक्ष हाजी शकील,हाजी मुशर्रफ, आशीष वर्मा,सलीम कसगर, तस्लीम अहमद और हाजी अली प्रिंस शामिल रहे।

# डूंगरपुर मामले में दर्ज नहीं हो सके आरोपियों के बयान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** डूंगरपुर से जुड़े मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में हो रही है। जिसमें सोमवार को आरोपी कोर्ट में पेश हुए,लेकिन रिटायर्ड सीओ आले हसन के बेटे प्रार्थना पत्र दिया। अब इस मामले में 16 जुलाई को सुनवाई होगी।

सपा शासन काल में डूंगरपुर में बने मकानों पर पुलिस ने बुलडोजर चलवा दिया था। जिसमें आजम खां सहित काफी लोगों को आरोपी बनाया गया था। पुलिस ने विवेचना के बाद चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी थी। जिसकी सुनवाई चल रही है। सोमवार को डूंगरपुर से जुड़े सभी मामलों में आरोपी कोर्ट में पेश हुए।जबकि सपा नेता आजम खां वीसी के जरिए पेश हुए,लेकिन रिटायर्ड सीओ आले हसन के बेटे द्वारा कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया। जिस कारण से बयान दर्ज नहीं हो सके। इस मामले में 16 जुलाई को सुनवाई होगी। जबकि भाजपा नेता फसाहत अली खां शानू,शाहजेव खां, मसूद गुड्डू,जबरान खां,रानू खां ,ठेकेदार बरकत अली मौजूद थे। वहीं दूसरी ओर क्वालिटी बार मामले में सोमवार को वादी के एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में पेश न होने के कारण गगन अरोड़ा के जमानती वारंट जारी हुए है। अब 27 जुलाई को सुनवाई होगी। वहीं भड़काऊ भाषण मामले में फोटो ग्राफर समीर के वारंट जारी है। अब इस मामले में 27 को सुनवाई होगी।

# कोसी नदी में डूबी महिला का शव दूसरे दिन मिला

- पुलिस में गोताखोरों की मदद से चलाया तलाशी अभियान
- मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**सैदनगर।** लालपुर कोसी नदी में डूबी महिला का शव 36 घंटे बाद मिल गया है। घरेलू विवाद के चलते महिला ने डैम से कोसी नदी में कूद लगा दी थी। पुलिस ने महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है।

मामला अजीमनगर थाना क्षेत्र के लालपुर डैम की था। स्वार क्षेत्र के रायपुर का मझरा निवासी मुस्तफा अली मिलकखानम चौराहे पर मिठाई की दुकान चलाता है। बताते हैं पति का अपनी पत्नी के साथ कुछ विवाद हो गया था। पत्नी फूल जहां उम्र 35 वर्ष नाराज होकर लालपुर स्थित अपनी बहन के घर आ गई थी। रविवार सुबह करीब 7 बजे महिला लालपुर डैम पर पहुंची और कोसी नदी में छलांग लगा दी।

विवाहिता को नदी में कूद लगाते हुए उसके रिश्तेदार ने देख लिया। रिश्तेदार नें मामले की सूचना विवाहिता के पति को दी। करीब 9 घंटे तक परिजन महिला के नदी में कूदने की बात पुलिस से छुपाते रहे। शाम 5 बजे पति ने पत्नी के नदी में कूदने की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक दयाशंकर सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। गोताखोरों को बुलाकर पुलिस ने तलाशी अभियान चलाया। सोमवार को भी पुलिस ने सुबह से ही गोताखोरों की मदद से महिला की तलाश शुरू कर दी थी ।शाम करीब 6 बजे करीब 36 घंटे के बाद गोताखोरों ने बैराज के पास से महिला के शव को बरामद कर लिया। महिला के शव को पुलिस पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल ले गई ।प्रभारी निरीक्षक दयाशंकर सिंह ने बताया मौत का कारण जानने के लिए शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पुलिस पूरे घटनाक्रम की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट होगा।



महिला का शव निकालते गोताखोर।

# खुर्शीद गर्ल्स इंटर कालेज में होगी कंपोर्टमेंट प्रयोगात्मक परीक्षा

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** इंटरमीडिएट की कंपार्टमेंट प्रयोगात्मक परीक्षा राजकीय खुर्शीद गर्ल्स इंटर कालेज में होगी। साथ ही परीक्षकों की डयूटी लगाई गई हैं। भूगोल की परीक्षा के लिए परीक्षक सुभाष चंद्र राजकीय बाकर इंटर कालेज,गृह विज्ञान में स्वाति रेशम प्यारी आदर्श बालिका इंटर कॉलेज मिलक, रसायन विज्ञान में योगेंद्र पाल सिंह, राजकीय मुर्तजा इंटर कालेज, जीव विज्ञान में ममता रानी, राजकीय खुर्शीद कन्या इंटर कालेज में परीक्षा होगी।

जिला विद्यालय निरीक्षक अंजलि अग्रवाल ने बताया कि परीक्षा के लिए आवेदन करने वाले छात्र अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य या जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं। बताया कि प्रयोगात्मक परीक्षाएं सम्पन्न कराकर संबंधित ओएमआर शीट को क्षेत्रीय कार्यालय बरेली में 20 जुलाई से पहले उपलब्ध कराते हुए कार्यालय में अवगत कराएं।

**सराहनीय** उर्वरक वितरण पायलट परियोजना का भी सबसे पहले सफल क्रियान्वयन

# फिर रचा इतिहास, किसान रजिस्ट्री में प्रदेश में जनपद दोबारा अव्वल

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** जनपद रामपुर ने किसान रजिस्ट्री अभियान में एक बार फिर उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। नवीनतम प्रगति रिपोर्ट के अनुसार जनपद ने 3,07,005 किसानों के निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष 3,14,558 किसान आईडी का सृजन करते हुए 102.46 प्रतिशत उपलब्धि अर्जित की है, जो प्रदेश में सर्वाधिक है।



इसके साथ ही जनपद रामपुर ने उर्वरक वितरण पायलट परियोजना का भी प्रदेश में सर्वप्रथम सफल क्रियान्वयन कर एक नई मिसाल कायम की है। इस पहल के माध्यम से किसानों को पारदर्शी, सुगम एवं तकनीक आधारित उर्वरक वितरण व्यवस्था का लाभ मिलना प्रारंभ हो गया है। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के कुशल नेतृत्व, प्रभावी मार्गदर्शन एवं सतत मॉनिटरिंग में कृषि विभाग, राजस्व विभाग, सीएससी संचालकों, ग्राम स्तरीय कर्मचारियों तथा अन्य संबंधित विभागों के समन्वित प्रयासों से यह ऐतिहासिक उपलब्धि संभव हो सकी है। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने कहा कि यह उपलब्धि जनपद के सभी किसानों, अधिकारियों, कर्मचारियों, सीएससी संचालकों एवं अभियान से जुड़े प्रत्येक सहयोगी की सामूहिक मेहनत का परिणाम है। किसान हित सर्वोपरि है। भविष्य में भी जनपद रामपुर नवाचार एवं उत्कृष्ट कार्य संस्कृति के माध्यम से प्रदेश में अग्रणी भूमिका निभाता रहेगा। जिला प्रशासन ने सभी संबंधित विभागों, कर्मचारियों एवं किसानों को इस ऐतिहासिक सफलता के लिए बधाई देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि जनपद रामपुर भविष्य में भी जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में प्रदेश के लिए प्रेरणास्रोत बना रहेगा।

# डीओआईएस कार्यालय में मिला कोबरा, कराया रेस्क्यू

- सूचना मिलने पर रेस्क्यू कर कोबरा को पकड़ा

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में कोबरा मिलने पर कर्मचारियों में भगदड़ मच गई। सांप को देख कर्मचारी अपने-अपने कार्यालयों में कैद हो गए। आनन फानन में सूचना वन विभाग को दी। मौके पर वन विभाग की टीम ने रेस्क्यू कर पीपली वन पहुंचाया।

सोमवार सुबह 10:30 बजे डीएफओ प्रणब जैन को सूचना दी। गांधी समाधि स्थित डीआईओएस कार्यालय में कोबरा आ गया। सूचना मिलते ही मौके पर सजन बहादुर सिंह को भेजा गया। उन्होंने मौके पर जाकर देखा तो वह कार्यालय के परिसर के बाहर कोबरा बैठा हुआ था। इस पर सजन बहादुर सिंह ने रेस्क्यू कर कोबरा को पकड़कर पीपली वन छुड़वाया। मालूम हो कि बारिश के दिनों में तीन स्थानों पर अब तक कोबरा मिल चुके हैं। डीएफओ ने बताया कि सूचना के आधार पर कोबरा का रेस्क्यू कर पीपली वन में छुड़वा दिया है।



डीआईओएस कार्यालय में कोबरा को पकड़ते वन कर्मी।

# मजार, मस्जिद का वक्फ बोर्ड में है पंजीकरण: कमेटी

## 10 जुलाई को लोनिवि के भंडार गृह में बने मजार-मस्जिद को लेकर दिया गया है नोटिस

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** लोक निर्माण विभाग के भंडार गृह में बने मजार-मस्जिद को लेकर दिए गए नोटिस में कमेटी का कहना है कि यहां पर 150 सालों पुरानी हजरत शंहशाह मियां की मस्जिद, मजार स्थापित है। लेकिन आज तक किसी को कोई आपत्ति नहीं हुई। 10 जुलाई की शाम साढ़े चार बजे लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों द्वारा मस्जिद में नोटिस चस्पा किया। सज्जादनशीन का कहना है कि मस्जिद का वक्फ बोर्ड में वर्ष 2013 से पंजीकरण हैं। इसके संबंधित कागजात बाए हैंड के साथ-साथ डाक के माध्यम से भेजे जाएंगे। वहीं विभागीय अफसरों का दावा है कि मस्जिद, मजार दोनों अवैध रूप से बनाए गए हैं।



हजरत शंहशाह मियां की मस्जिद।





मस्जिद में चस्पा लोनिवि का नोटिस।





मोहल्ला चिरान स्थित लोनिवि प्रांतीय खंड।

10 जुलाई को दिए गए नोटिस में लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड के सहायक अभियंता स्टोर की ओर से जारी नोटिस के अनुसार मौजूदा मजार व मस्जिद शहर के मोहल्ला चिरान स्थित प्रांतीय खंड के खंडीय भंडार परिसर स्थित सरकारी भूमि पर बिना अनुमति के बनाई गई है। विभाग का कहना है कि इस अवैध कब्जे के कारण निर्माण सामग्री के रखरखाव, सरकारी वाहनों के आवागमन और विभागीय कार्यों में बाधा उत्पन्न हो रही है। मजार व मस्जिद पर बाहरी लोगों की आवाजाही के चलते परिसर में बने विभागीय आवासों में रहने वाले सरकारी कर्मचारियों और उनके परिवारों की सुरक्षा, निजता और शांति व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है। विभाग ने नोटिस में मुतावल्ली से कहा है कि यदि उनके पास उक्त भूमि पर निर्माण से जुड़े कोई वैध दस्तावेज या साक्ष्य हैं तो वह कार्यालय में जमा करें।

> सरकारी जमीन पर बिना अनुमति के मजार, मस्जिद बनी है इससे निर्माण सामग्री रखने और वाहनों के आने-जाने में परेशानी हो रही है। मुतावल्ली को नोटिस दिया गया है अगर कोई साक्ष्य है तो सात दिन में जमा कराएं। मस्जिद, मजार का कोई रिकॉर्ड तहसील सदर नहीं हैं।
> **-इं .केवी सिंह, एक्सईएन, प्रांतीय खंड लोनिवि।**

### 11 साल से इमामत कर रहे हैं मो.आलिम

हजरत शंहशाह मस्जिद में इमामत कर रहे हैं मो .आलिम ने बताया कि करीब 11 साल से ही मस्जिद में इमामत कर रहे हैं। 150 साल पुरानी मस्जिद है। जो नोटिस दिया गया है उसका जल्द ही जवाब दिया जाएगा। अगर इसके बाद भी अगर कोई कार्रवाई हुई तो अवैध तरीके से होगी। हमारे पास एकम एक कागज है। अधिकारियों को कहना है कि लोगों के आने-जाने से दिक्कत है जबकि मस्जिद में नमाजी नमाज अदा करने को आते हैं ।

### एसडीएम पहुंचे भंडार गृह, ली जानकारी

सोमवार दोपहर करीब 1 बजे एसडीएम सदर कुमार गौरव भंडार गृह पहुंचे। उनके अचानक पहुंचने पर एक्सईएन भी पहुंचे। जहां उन्होंने दोनों अधिकारियों ने विभाग की जमीन को लेकर आपस में बातचीत की। इसके बाद एसडीएम चले और एक्सईएन अपने कमरे में आ गए। मालूम हो कि दिए गए नोटिस का जवाब दाखिल करने को सात दिन का समय दिया गया है। नोटिस में चेतावनी दी है कि नियमानुसार कार्रवाई करते हुए अवैध निर्माण को हटाया जाएगा और बाद में किसी भी प्रकार का दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा। इस नोटिस की प्रतिलिपि डीएम, एसपी के साथ ही एसडीएम सदर को भी भेजी गई है।

# बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की भागीदारी पर दिया गया जोर

- विधानसभा चमरौआ में हुआ बूथ कमेटियों का गठन

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** बहुजन समाज पार्टी द्वारा चमरौआ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम फैजुल्ला नगर में बूथ कमेटियों का गठन किया गया। इस अवसर पर पार्टी की संगठनात्मक मजबूती तथा बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी पर विशेष जोर दिया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बसपा नेता, पूर्व जिला अध्यक्ष एवं विधानसभा प्रभारी प्रमोद निरंकारी एडवोकेट ने कहा कि बहन कुमारी मायावती की जनकल्याणकारी नीतियों एवं विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाना प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर पर संगठन को और अधिक मजबूत करने तथा आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर संपर्क बनाए रखने का आह्वान किया। बैठक में पूर्व जिला महासचिव रमेश श्रीवास्तव ने कार्यकर्ताओं को संगठन विस्तार एवं आगामी कार्यक्रमों के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर बूथ अध्यक्ष अंकुर सागर, रमन सागर, अनिल सागर, प्रेमपाल, महेंद्र दिवाकर, हरीश दिवाकर, रमेश सैनी, विजयपाल सागर, असगर अली, दानिश अली, शाहिद अहमद, आदिल सहित अनेक कार्यकर्ता एवं स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।



आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते प्रमोद निरंकारी।

# समाजवादी पार्टी का प्रदर्शन फीका

- स्थानीय नेता नहीं जुटा पाए भीड़

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** आजम खां की रिहाई की मांग को लेकर ज्ञापन देने जाने के लिए समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता पहले से तयशुदा कार्यक्रम के तहत सोमवार को पुराने रामपुर रोड स्थित सपा कार्यालय पर एकत्र हुए। जहां से पूर्व विधायक विजय सिंह के नेतृत्व में निकालकर कार्यकर्ता रामपुर चौराहे पर पहुंचे।

विभिन्न मांगों को लेकर एसडीएम आशुतोष कुमार को ज्ञापन सौंपा, लेकिन ज्ञापन देने जाने के लिए कई दिनों से चल रहे प्रयासों के बावजूद भी नेतागण भीड़ नहीं जुटा पाए। मिलक, सैफ़नी के कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम में पहुंचकर पार्टी के नेताओं की फजीहत होने से बचाई उधर चेयरमैन पति वसीम खां भी कुछ लोगों को साथ लेकर पहुंचे तब जाकर बमुश्किल पचास लोग ही जुट सके। साथ ही पुराने सपाई भी नदारद दिखाई दिए। कई दिनों के प्रयास के बाद सपाइयों के इस प्रदर्शन में कम भीड़ का आना और पुराने सपाइयों का नदारद रहना पार्टी के संगठनात्मक ढांचे को लेकर सवाल खड़े कर गया। शहर से चंद लोगों का प्रदर्शन में शामिल होना भी लोगों के बीच चर्चा का विषय बना रहा। ज्ञापन देने के बाद चौराहे पर कई लोगों ने सपा के इस प्रदर्शन को फीका बताया।





आजम खां की रिहाई की मांग को लेकर एसडीएम आशुतोष कुमार को ज्ञापन सौंपते सपाई।

# लैंगिक संवेदनशीलता विषय पर हुआ जागरूकता कार्यक्रम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देशानुसार एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी इरा आर्या के नेतृत्व में हब फॉर एम्पावरमेंटऑफ वूमेन की टीम द्वारा कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में महिला सुरक्षा एवं लैंगिक संवेदनशीलता विषयक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया।

कार्यक्रम का संचालन जेंडर स्पेशलिस्ट अंजू शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं को लैंगिक समानता, महिला सुरक्षा तथा उनके अधिकारों के संबंध में जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर छात्राओं को गुड टच-बैड टच, बालिकाओं के साथ होने वाले लैंगिक उत्पीड़न की रोकथाम, महिला हेल्पलाइन, वन स्टॉप सेंटर, बाल सेवा योजना तथा महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने तथा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल संबंधित हेल्पलाइन एवं विभागीय सेवाओं का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया।कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए जागरूकता संबंधी जानकारी प्राप्त की तथा विभिन्न विषयों पर अपने प्रश्न पूछे, जिनका विशेषज्ञों द्वारा समाधान किया गया।

विद्यालय की प्रधानाचार्या एवं समस्त विद्यालय स्टाफ की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में आत्मविश्वास विकसित करना, उन्हें सुरक्षित वातावरण के प्रति जागरूक बनाना तथा महिला एवं बाल संरक्षण संबंधी सेवाओं एवं योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराना हैं।



बच्चों को संबोधित करती शिक्षिका। -जागरण मोर्चा

# पंचायत में उठा छुट्टा पशुओं का मुद्दा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** भारतीय किसान यूनियन ने छुट्टा पशुओं समेत विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। संगठन की मजबूती पर जोर दिया। विकास खंड कार्यालय परिसर में सोमवार को आयोजित पंचायत में छुट्टा पशुओं का मुद्दा उठाया। प्रदेश महासचिव हसीब अहमद ने कहा कि किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है इसलिए किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार नहीं हो पा रहा रहा है। तमाम समस्याएं उठाने के बाद प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। उसमें छुट्टा पशुओं की पकड़वा कर गौ-शालाओं में संरक्षित, मनरेगा के कार्यों की जांच, जरूरत के मुताबिक समय पर खाद-बीज उपलब्ध कराने की मांग की। इस अवसर पर प्रमोद यादव, साबिर अली, अरविंद शर्मा, चौधरी अजीत सिंह, मजहर अली लाला, अशोक कुमार सागर, तजम्मुल हुसैन, मोहम्मद तालिब, छिद्दा नेता, हरेंद्र यादव, जाहिद अली नेता, भजन लोधी, चौधरी राजपाल सिंह, रामबहादुर यादव, भारत भूषण गुप्ता, जुबैद आलम, पूरण सिंह चौहान, बाबू प्रधान प्रानपुर, महेश चंद्र शर्मा, विनोद यादव, महावीर चौधरी, भूप सिंह, मोहम्मद रईस, राजपाल पाल यादव, सेवाराम यादव भी मौजूद रहे।



प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपमे प्रदेश महासचिव।

गुस्सा | बिलासपुर तहसील परिसर में एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

# औषधि केंद्र की जांच कराने को एसोसिएशन का प्रदर्शन

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र की जांच कराए जाने को लेकर फार्मा ट्रेडर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष राजकुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना भारत सरकार की एक महत्वाकांक्षी जनकल्याणकारी योजना है, जिसका उद्देश्य आम नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण एवं किफायती दवाएं उपलब्ध कराना है।

सोमवार को जुलूस की शक्ल में दवा कारोबारी तहसील परिसर पहुंचे। जहां उन्होंने एक ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। जिसमें उनका कहना है कि एसोसिएशन ने ज्ञापन के माध्यम से दवाओं की गुणवत्ता, खरीद एवं आपूर्ति स्रोत, स्टॉक एवं बिक्री अभिलेख, लाइसेंस की वैधता, पंजीकृत फार्मासिस्ट की उपलब्धता, तापमान नियंत्रण, कोल्ड चेन, भंडारण व्यवस्था और आवश्यक दस्तावेजों की विस्तृत जांच कराई जाए। साथ ही आवश्यकतानुसार दवा नमूनों को सरकारी प्रयोगशाला में परीक्षण के लिए भेजा जाए। ज्ञापन देने वालों में राजकुमार, अनुज गुप्ता, प्रेम गंगवार, विनोद यादव, सक्षम सक्सेना, नरेन्द कुमार, अमित कुमार, अरविन्द कुमार राठौर आदि मौजूद रहे।



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते फार्मा ट्रेडर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी।

### दो तमंचे व कारतूस के साथ दो युवक गिरफ्तार

**भोट।** थाना पुलिस ने रविवार देर रात गश्त के दौरान दो युवकों को तमंचों व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर प्राथमिकी दर्ज कर दोनों आरोपियों का चालान कर दिया है ।थानाध्यक्ष अर्जुन सिंह त्यागी के अनुसार रविवार रात थाना पुलिस की टीम रात्रि गश्त कर रही थी। इसी दौरान पुलिस टीम ने थूनापुर से मोहनपुर की ओर जाने वाली सड़क पर नहर के किनारे संदिग्ध रूप से घूम रहे दो व्यक्तियों को रोक लिया। तलाशी लेने पर दोनों के पास से तीस सौ पन्द्रह बोर के दो तमंचे व दो कारतूस बरामद होने पर पुलिस टीम ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया ।गिरफ्तार किये गए थाना क्षेत्र के खैरूल्लापुर गांव निवासी किशन पाल व मिलक खानम थाना क्षेत्र के कुंवरपुर नानकार निवासी दीपक को गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपियों का आपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है।

# ज्ञापन देकर टांडा मुख्य मार्ग से अतिक्रमण हटाने की मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**टांडा।** भाजपा के नगर अध्यक्ष रोहित सैनी ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर नगर के मुख्य मार्ग से अतिक्रमण हटाये जाने की मांग की है। ज्ञापन में अवगत कराया कि मुरादाबाद,टांडा, बाजपुर मुख्य मार्ग जो एक अंतरराज्यीय मार्ग है इस मार्ग पर वाहनो का आवगमन इसकी क्षमता से अधिक है जो हादसों का कारण बना हुआ है। पूर्व में प्रान्तीय खंड लोक निर्माण विभाग द्वारा चिन्हीकरण कराकर मार्ग के दोनों ओर से अतिकमण हटाया गया था। जिससे अधिकांश लोगों ने स्वयः ही अपना अतिक्रमण हटा लिया था। इसके बाद पीडब्लूडी की निष्क्रियता तथा टांडा पुलिस एवं नगर पालिका परिषद टांडा की लापरवाही एवं कुछ दुकानदारों की मनमानी से पुनः मार्ग अतिक्रमण की जद में आ गया है। दिन भर मार्ग पर वाहन रेंगते रहते हैं। भीषण जाम रहता है। जो हादसो का सबब बनता है।11 जुलाई की प्रातः 4 बजे मुख्य मार्ग पर हुए भीषण हादसे में चार लोगों की जान चली गयी। थाने से महज 20 मीटर की दूरी पर मक्का लदा कन्टेनर बीच सड़क पर खड़ा करके वाहन चालक चाय पीने चला गया, किसी ने इस पर ध्यान नही दिया। नतीजतन यह भीषण हादसा हो गया और चार परिवार उजड़ गये।भाजपा नगर अध्यक्ष ने जिलाधिकारी से मुख्य मार्ग से अतिक्रमण हटाए जाने की मांग की है।



## सार संक्षेप

### मिलक के डंपिंग ग्राउंड में हुआ पौधरोपण

**मिलक।** प्रदेश सरकार के वृक्षारोपण महाअभियान-महायज्ञ 2026 के अंतर्गत सोमवार को नगर पालिका परिषद मिलक के डंपिंग ग्राउंड परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद मिलक की अध्यक्ष दीक्षा गंगवार, भाजपा नेता एवं समाजसेवी कुंवर नरेंद्र सिंह गंगवार तथा अधिशासी अधिकारी राजेंद्र प्रसाद ने संयुक्त रूप से पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। वक्ताओं ने कहा कि अधिक से अधिक पौधे लगाना और उनका संरक्षण करना समय की आवश्यकता है। वृक्ष पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के साथ-साथ आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित करते हैं।इस अवसर पर सभासद चंद्रभान मित्तल, भाजपा नेता बसंत कुमार एडवोकेट, जगदीश चंद्र, सुनील बॉस सहित नगर पालिका परिषद का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। सभी ने अभियान को सफल बनाने तथा लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने का संकल्प लिया।



पौधारोपण करती मिलक अध्यक्ष दीक्षा गंगवार।

### संघ की खंड कार्यकारिणी बैठक में पर्यावरण संरक्षण का संकल्प, बांटे फलदार पौधे



पौधारोपण के दौरान मौजूद पदाधिकारी।

**स्वार।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की खंड कार्यकारिणी की एक आवश्यक बैठक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सरस्वती विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रूस्तमनगर में संपन्न हुई।आयोजित इस बैठक में संघ के विभिन्न स्तर के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना और समाज में इसके प्रति जन-जागरूकता लाना रहा। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण के तहत चलाए जा रहे महाअभियान को गति देते हुए सभी पदाधिकारियों को फलदार व औषधीय पौधे वितरित किए गए।बैठक के समापन के बाद पर्यावरण संरक्षण महाअभियान को शत-प्रतिशत सफल बनाने का संकल्प लिया गया। इसके तहत पर्याप्त संख्या में हर प्रकार के फलदार और छायादार वृक्ष वितरित किए गए। स्वयंसेवकों को मुख्य रूप से अमरूद, जामुन, नींबू, करौंदा, बकायन और बेल आदि के पौधे दिए गए, जिन्हें वे अपने-अपने क्षेत्रों में रोपित कर उनकी देखभाल करेंगे।इस मौके पर खंड कार्यवाह सुधीर कुमार, महेंद्र सिंह (खुशालपुर), योगराज (मसवासी), अशोक सैनी (मधुपुर), खंड प्रचार प्रमुख महेंद्र कुमार, खंड बौद्धिक प्रमुख ब्रजकिशोर मौर्य, खंड सेवा प्रमुख लक्ष्मण प्रसाद, खंड व्यवस्था प्रमुख नरोत्तम सिंह मौर्य, सामाजिक समरसता प्रमुख गजेंद्र सैनी और अशोक कुमार कर्रा आदि मौजूद रहे।

### स्कूल में बच्चों और शिक्षकों ने किया पौधारोपण

**रामपुर।** प्राथमिक विद्यालय भैंसिया में फिर वृक्षारोपण किया गया।आज के वृक्षारोपण की खास बात यह थी कि के वृक्षारोपण में शिक्षकों, छात्रों, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, आंगनवाड़ी केन्द्र के छात्र,आंगनबाड़ी सहायिका,अभिभावक, ग्रामवासी, रसोइया,शामिल हुए। जिसके तहत विद्यालय के ग्राउंड में चारों ओर 116 पौधे लगाए गए।जिनमें सागौन, जामुन, यूकेलिप्टस, अर्जुन आदि पौधे लगाए गए। इसके पश्चात प्रधानाध्यापिका सुमन सिंह ने सभी बच्चों को व शिक्षकों को इन पेड़-पौधों की देखभाल करने हेतु प्रेरित भी किया। साथी साथ सभी बच्चों को यह भी समझाया कि वह अपने घर में गमलों में भी छोटे-छोटे पौधे अवश्य लगायें। इसके पश्चात प्रधानाध्यापिका सुमन सिंह ने सभी बच्चों को पेड़ों के महत्व के बारे में भी विस्तृत रूप से बताया। इस अवसर पर ज्योति,नेहा गुप्ता, विक्रम कुमार,तहरीमा,शगुफ्ता,निदा खान,नरेश,विनीता, आदि उपस्थित रहे।



पौधों के साथ मौजूद शिक्षक।

### शाहबाद में ग्राम निधि और मनरेगा का भुगतान न होने से नाराज़ प्रधानों ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

**शाहबाद।** सोमवार को शाहबाद के खंड विकास कार्यालय पर ग्राम प्रधानों एवं प्रशासकों ने ग्राम निधि तथा मनरेगा योजना के तहत लंबित भुगतान को लेकर बीडीओ धीरेन्द्र सिंह चौहान को ज्ञापन सौंपा। राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन, उत्तर प्रदेश के बैनर तले सौंपे गए इस ज्ञापन में शीघ्र भुगतान कराए जाने की मांग की गई है। ज्ञापन में कहा गया है कि विकास खण्ड शाहबाद के ग्राम प्रधानों व प्रशासकों द्वारा ग्राम पंचायतों में ग्राम निधि एवं मनरेगा योजना के तहत कराए विकास कार्यों का भुगतान अब तक नहीं किया गया है। इसके चलते ग्राम प्रधानों व प्रशासकों पर फर्मों की बकाया राशि लगातार बढ़ती जा रही है, जिससे ग्राम पंचायतों के विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। ज्ञापन के माध्यम से बीडीओ से अनुरोध किया गया है कि सभी ग्राम पंचायतों के लंबित भुगतान शीघ्र अतिशीघ्र कराए जाएं, ताकि विकास कार्यों में और विलंब न हो।ज्ञापन सौंपने वालों में ब्लॉक अध्यक्ष अभिषेक सिंह, गौरव, इंजमाम उल हक, हरपाल लोधी, कालूराम कश्यप, अकील खा, गुल मोहम्मद, कोसर अली, जुनैद आदि रहे।



शाहबाद में बीडीओ को ज्ञापन देते ग्राम प्रधान।

### छबीले मियां के उर्स में हुई कुरान ख्वानी

**रामपुर।** एक दिवसीय छबीले मियां के उर्स में कुरान ख्वानी हुई। उसके बाद शाम को बाद नमाज असर के सैयद फैजान,मुफ्ती,काजी-ए सरा ने बयान किया। हजरत की जिन्दगी के बारे में बताया। उसके कुल हुआ। फिर दुआ कराई गई। इस मौके पर सैयद हसीन मियां,शहीद मियां,मौलाना नाजिल रजा मियां,सैयद शाहरुख मियां,जुनैद अहमद सहित काफी लोग शामिल रहे।



छबीले मियां के उर्स में तकरीर करते सैयद फैजान मियां। -जागरण मोर्चा

# बिना लाइसेंस चल रही मिठाई निर्माणशाला पर खाद्य विभाग का शिकंजा, लिए नमूने

## बहजोई में अज्जी हलवाई की यूनिट बंद, गंदगी मिलने पर कार्रवाई

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**बहजोई।** जिलाधिकारी के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग ने सोमवार को जिलेभर में विशेष अभियान चलाकर मिठाई की दुकानों एवं निर्माणशालाओं का औचक निरीक्षण किया। बहजोई के कुम्हारन मोहल्ला स्थित अज्जी हलवाई की मिठाई निर्माणशाला बिना लाइसेंस संचालित मिली। निरीक्षण के दौरान परिसर में भारी गंदगी, जर्जर फर्श, दीवारों और छत पर जाले, खुले में रखी मिठाइयां तथा मक्खी-कीटों की मौजूदगी मिलने पर विभाग ने निर्माणशाला का संचालन तत्काल प्रभाव से बंद कराा दिया। साथ ही पनीर का नमूना लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया।


मिठाई निर्माणाशाला का निरीक्षण करते खाद्य सुरक्षा अधिकारी। -जागरण मोर्चा

खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान संचालक से निर्माणशाला का खाद्य लाइसेंस मांगा, लेकिन वह केवल ब्रह्म बाजार स्थित दुकान का लाइसेंस ही प्रस्तुत कर सके। निर्माणशाला का अलग लाइसेंस नहीं मिलने और खाद्य सुरक्षा मानकों का गंभीर उल्लंघन पाए जाने पर अधिकारियों ने कार्रवाई करते हुए संचालन रुकवा दिया। संचालक को निर्देश दिए गए कि आवश्यक सुधार करने तथा नियमानुसार लाइसेंस एवं पंजीकरण प्राप्त करने के बाद ही निर्माणशाला दोबारा संचालित की जाए।

अभियान के दौरान गुन्नौर क्षेत्र में भी खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच की गई। नन्हू मिठाई शॉप से बर्फी तथा कन्हैया स्वीट्स से गुलाब जामुन का नमूना संग्रहित कर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया। अधिकारियों का कहना है कि जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद यदि नमूने मानकों के अनुरूप नहीं पाए गए तो संबंधित प्रतिष्ठानों के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत विधिक कार्रवाई की जाएगी।

सहायक आयुक्त (खाद्य) ग्रेड-द्वितीय मानवेन्द्र सिंह ने बताया कि जनपद में मिलावटी एवं अस्वच्छ खाद्य पदार्थों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा। खाद्य कारोबारियों को खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन करने और बिना लाइसेंस कारोबार न करने की चेतावनी दी गई है। कार्रवाई से जिले के खाद्य कारोबारियों में हड़कंप मचा रहा।

## स्टेंट बैंक के बाहर से बाइक चोरी

**चन्दौसी।** मंडी समिति परिसर में आए दिन बाइक चोरी हो रही है। बीते 10 दिन से समिति परिसर से दो बाइक चोरी हो चुकी है। सोमवार को मंडी परिसर स्थित स्टेंट बैंक के बाहर से बाइक चोरी हो गई। घटना की तहरीर कोतवाली में दी गई है।

थाना बनियाठेर क्षेत्र के गांव पचाक निवासी नन्हे सोमवार की सुबह 11 बजे किसी कार्य से मंडी स्थित स्टेट बैंक गए थे। उसने बाइक बाहर कड़ी कर बैंक परिसर में चला गया। कुछ देर कार्य खत्म करने के बाद बाहर आया तो उसकी बाइक नदारत थी। उसने कई स्थानों पर बाइक की तलाश की, मगर कोई सफलता नहीं मिली। पीड़ित नन्हे की ओर से घटना की तहरीर कोतवाली में दी गई है। इससे पहले मंडी परिसर से गांव कैथल निवासी किसान उमेश कुमार की बाइक एक आढ़त के बाहर से चोरी हो चुकी है।

# 4.50 करोड़ से संवरेगा वंश गोपाल तीर्थ, आज होगा भूमि पूजन

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**संभल।** जनपद के प्रमुख धार्मिक स्थलों में शामिल वंश गोपाल तीर्थ के विकास का लंबे समय से इंतजार अब समाप्त होने जा रहा है। सोमवार को करीब 4.50 करोड़ रुपये की लागत से प्रस्तावित सौंदर्यीकरण एवं विकास परियोजना का भूमि पूजन कर निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ किया जाएगा। परियोजना के लिए पर्यटन विभाग की ओर से प्रथम चरण में 3.37 करोड़ रुपये की धनराशि जारी की जा चुकी है।

निर्माण कार्य का दायित्व अलकनंदा एसोसिएट्स को सौंपा गया है। कंपनी भूमि पूजन के बाद निर्माण कार्य प्रारंभ करेगी। परियोजना के तहत तीर्थ परिसर का व्यापक सौंदर्यीकरण किया जाएगा। साथ ही श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आधारभूत ढांचे का विस्तार, परिसर का विकास तथा अन्य आवश्यक निर्माण कार्य कराए जाएंगे, जिससे यहां आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। वंश गोपाल तीर्थ का धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व विशेष माना जाता है। यहीं से संभल की प्रसिद्ध 24 कोसीय परिक्रमा का शुभारंभ होता है, जिसमें प्रत्येक वर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु और साधु-संत शामिल होते हैं। तीर्थ के विकास की मांग लंबे समय से उठाई जा रही थी। पर्यटन विभाग का मानना है कि वंश गोपाल तीर्थ के विकसित होने से संभल धार्मिक पर्यटन के मानचित्र पर और अधिक मजबूत पहचान बनाएगा।

# मौसम बदलते ही बीमार पड़ने लगे बच्चे

- सीएचसी में बढ़ी मरीजों की संख्या
- खांसी, जुकाम, बुखार और निमोनिया के मरीज बढ़े, चिकित्सकों ने खानपान और साफ-सफाई का ध्यान रखने की दी सलाह

जागरण मोर्चा, कार्यलय

चंदौसी। मौसम में लगातार हो रहे बदलाव का असर बच्चों की सेहत पर साफ दिखाई देने लगा है। सीएचसी में इन दिनों खांसी, जुकाम, बुखार और निमोनिया से पीड़ित बाल रोगियों की संख्या बढ़ रही है। ओपीडी में रोजाना बड़ी संख्या में अभिभावक अपने बच्चों को लेकर पहुंच रहे हैं।

चिकित्सकों के अनुसार तापमान में अचानक उतार-चढ़ाव, हवा में बढ़ी नमी और वायरल संक्रमण के कारण बच्चों में बीमारियां तेजी से फैल रही हैं। चिकित्सकों ने बताया कि छोटे बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता अपेक्षाकृत कम होती है, इसलिए मौसम बदलने का असर उन पर जल्दी पड़ता है। ऐसे में हल्का बुखार, लगातार खांसी या सांस लेने में तकलीफ होने पर लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए।


सीएचसी में दवा लेने को कतार में खड़े मरीज। -जागरण मोर्चा

बच्चों को साफ पानी पिलाने, ताजा भोजन देने और बारिश में भीगने से बचाने की सलाह दी जा रही है। मौलागढ़ के रहने वाले राकेश ने बताया कि उनके चार वर्षीय बेटे को पिछले तीन दिन से तेज बुखार और खांसी थी। क्लीनिक की दवा से आराम नहीं मिला तो सीएचसी लेकर आए। वहीं दुर्गा कॉलोनी निवासी पूजा रानी ने बताया ने बताया कि उनकी पांच वर्षीय की बेटी को सर्दी-जुकाम के साथ सांस लेने में दिक्कत होने लगी थी। चिकित्सक ने बताया कि मौसम बदलने के कारण संक्रमण हुआ है और अब इलाज चल रहा है।

> मानसून के दौरान वायरल संक्रमण और श्वसन संबंधी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इस लिए बच्चों को बारिश में भीगने से बचाना चाहिए और साफ और पौष्टिक भोजन देना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि किसी बच्चे को बुखार दो दिन से अधिक रहे, सांस लेने में परेशानी हो रही हो या बच्चा सुस्त दिखाई दे रहा हो तो तुरंत चिकित्सक से परामर्श लेनी चाहिए।
> **डा. हरवेंदर सिंह, प्रभारी सीएचसी।**

# कांवड़ यात्रा को लेकर प्रशासन अलर्ट, शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**बहजोई (संभल)।** आगामी कांवड़ यात्रा को सकुशल और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। सोमवार को कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल और पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार की अध्यक्षता में पीस कमेटी के सदस्यों, धर्मगुरुओं एवं डीजे संचालकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कांवड़ यात्रा के दौरान शांति, सौहार्द और कानून व्यवस्था बनाए रखने पर विस्तार से चर्चा की गई।

जिलाधिकारी ने कहा कि कांवड़ यात्रा आपसी भाईचारे और सामाजिक सौहार्द का प्रतीक है। सभी लोग प्रशासन का सहयोग करें तथा निर्धारित मार्ग और समय का पालन करें। उन्होंने अफवाहों पर ध्यान न देने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की।


कांवड़ यात्रा को लेकर बैठक लेते डीएम व एसपी। -जागरण मोर्चा

पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार ने कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए जाएंगे। संवेदनशील स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा और पूरे आयोजन पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। उन्होंने डीजे एवं ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग शासन की निर्धारित मानकों के अनुरूप करने के निर्देश दिए। साथ ही सोशल मीडिया पर भ्रामक या आपत्तिजनक सामग्री प्रसारित करने से बचने की चेतावनी देते हुए शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की। बैठक में मौजूद पीस कमेटी के सदस्यों, धर्मगुरुओं और डीजे संचालकों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का भरोसा दिलाया। उन्होंने कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। बैठक में पुलिस एवं प्रशासन के विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक तथा अन्य संबंधित लोग उपस्थित रहे।

# पांच मुख्य आरक्षी बने सहायक उपनिरीक्षक, एसपी ने लगाए रैंक चिन्ह

- पुलिस कार्यालय बहजोई में आयोजित समारोह में दी पदोन्नति की शुभकामनाएं

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**चन्दौसी/बहजोई।** जनपद संभल पुलिस में कार्यरत पांच मुख्य आरक्षियों को सहायक उपनिरीक्षक (एएसआई) पद पर पदोन्नत किए जाने पर सोमवार को पुलिस कार्यालय बहजोई में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार ने सभी पदोन्नत पुलिस कर्मियों को रैंक चिन्ह (सितारा व रिबन) लगाकर शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

समारोह के दौरान पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पदोन्नति केवल सम्मान नहीं, बल्कि जिम्मेदारियों में भी वृद्धि का प्रतीक है। उन्होंने सभी पदोन्नत अधिकारियों से पूरी निष्ठा, ईमानदारी और अनुशासन के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए जनसेवा एवं कानून-व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने का आह्वान किया।


पांच मुख्य आरक्षियों को पदोन्नत कर सहायक उपनिरीक्षक बनाया गया।

इस अवसर पर परिवहन शाखा में नियुक्त मुख्य आरक्षी मोटर ट्रांसपोर्ट कन्हैया सिंह, मुख्य आरक्षी चालक उदयभान सिंह, मुख्य आरक्षी चालक तेजपाल सिंह, मुख्य आरक्षी चालक मोहम्मद रफी तथा मुख्य आरक्षी चालक सुरेंद्र कुमार को सहायक उपनिरीक्षक पद पर पदोन्नत होने पर रैंक चिन्ह पहनाए गए। कार्यक्रम में प्रभारी परिवहन शाखा सहित पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने पदोन्नत अधिकारियों को बधाई देते हुए उनके सफल एवं उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं।

## संस्था हमें मानव जीवन जीने की कला सिखलाती है


ब्रह्माकुमारीज राजयोग मेडिटेशन सेंटर के कार्यक्रम में बोलतीं अतिथि।

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**चन्दौसी।** ब्रह्माकुमारीज राजयोग मेडिटेशन सेंटर की नई शाखा का उद्घाटन शक्ति नगर में मथुरा से आई दीदी बीके अलका द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि साधकों को ज्ञान देते हुए बताया कि तुम्हें अपना जीवन हरे तुल्य बनाना है, भगवान की याद से जीवन हरी जैसे बनेगी। यह कल्याणकारी संगम युग है, तुम समय व्यर्थ नहीं गंवाना है। तुम परम धाम से आए हो वापस भी वहीं जाना है। कार्यक्रम में कवयित्री शांति राणा ने कहा कि भगवान के इस कार्य में सभी को सहयोग बनना है। कवि सुखपाल सिंह गौर ने कहा कि इस ईश्वरीय मिशन को हमें आगे बढ़ाना है और जन-जन में सुख शांति का मार्ग बताना है, सुख शांति से हमें विश्व शांति की स्थापना कर सकते हैं। राजू भाई ने संस्था के विषय में बताया कि यह संस्था हमें मानव जीवन जीने की कला सिखलाती है। जिससे हम व्यक्ति के जीवन में सुख, शांति, प्रेम, आनंद आ जाता है और जीवन तनावमुक्त हो जाता है। इस अवसर पर जीतपाल सिंह, कौशल सिंह, रामेश्वर, राधा, शिल्पी, अजय, वीरेंद्र, नीरज नंदन, जय किशन, रामवीर, दुर्गपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

कार्यक्रम – विद्यालय परिसर में हुआ 11 विभिन्न प्रकार के पौधों का रोपण

# सरस्वती विद्यालय में हुआ पौधारोपण

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**चन्दौसी।** सरस्वती शिशु मंदिर जूनियर हाईस्कूल में एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण अभियान चलाया गया। जिसके तहत विद्यालय परिसर में अनेक प्रकार के 11 पौधों का रोपण किया गया। मुख्य अतिथि विद्यालय के कोषाध्यक्ष डा. टीएस पाल ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान केवल पौधारोपण का कार्यक्रम नहीं, बल्कि अपनी मां के प्रति प्रेम, सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने का एक पावन अवसर है। मां हमें जन्म देती है, पालन-पोषण करती हैं और जीवन भर निस्वार्थ प्रेम देती है। उसी प्रकार एक पेड़ भी हमें जीवन देता है।

वह हमें शुद्ध वायु, फल, फूल, छाया और पर्यावरण का संतुलन प्रदान करता है। इसलिए मां और वृक्ष दोनों ही जीवन के आधार है।


विद्यालय में पौधों का रोपण करते स्कूली बच्चे। -जागरण मोर्चा

प्रधानाचार्य सुरेंद्र सिंह राजपूत ने कहा आज पर्यावरण प्रदूषण, बढ़ता तापमान, जल संकट और घटते वन हमारे सामने गंभीर चुनौतियां हैं। इन समस्याओं का सबसे सरल और प्रभावी समाधान अधिक से अधिक वृक्ष लगाना और उनकी देखभाल करना है। केवल पौधा लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसे एक वृक्ष बनने तक संरक्षण देना भी हमारी जिम्मेदारी है। चन्दौसी पेड़वाला ट्रस्ट के संस्थापक शिवम अग्रवाल ने कहा एक पेड़ मां के नाम अभियान हमें यह प्रेरणा देता है कि हम अपनी माँ के सम्मान में एक पौधा लगाएँ, उसकी नियमित देखभाल करें और उसे अपने परिवार के सदस्य की तरह विकसित करें। जब वह पौधा बड़ा होगा, तब वह आने वाली पीढ़ियों को भी जीवन और हरियाली का संदेश देगा। ट्रस्ट के अध्यक्ष शगुन गौतम ने कहा आज हम सभी यह संकल्प लें कि हम केवल एक पेड़ ही नहीं लगाएंगे, बल्कि अपने आसपास के लोगों को भी वृक्षारोपण के लिए प्रेरित करेंगे। हमारा प्रत्येक पौधा धरती को हरा-भरा, स्वच्छ और सुरक्षित बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देगा।अब तक ट्रस्ट के माध्यम से 972 पौधे लगाए जा चुके है। इस अवसर पर आचार्य राजवीर सिंह, राजेश शर्मा, गौरव वार्ष्णेय, रुचि अग्रवाल, दीप्ति, निशा, राशि, काजल, रश्मि,अनु, लक्की, अंशिका, रवि यादव, वरुण एवं तरुण का विशेष सहयोग रहा।

## सार संक्षेप

### मंदिर में चोरी की कोशिश नाकाम, दानपात्र का ताला तोड़ते युवक को दबोचा

**बबराला (संभल)।** थाना क्षेत्र की लेखपाल कॉलोनी स्थित प्राचीन नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में रविवार शाम चोरी की कोशिश स्थानीय लोगों की सतर्कता से नाकाम हो गई। दानपात्र का ताला तोड़कर चढ़ावा चोरी करने का प्रयास कर रहे एक युवक को रंगेहाथ पकड़ लिया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस आरोपी को हिरासत में लेकर थाने ले गई, जहां उससे पूछताछ की जा रही है। जानकारी के अनुसार रविवार शाम एक युवक मंदिर परिसर में घुस गया। आरोप है कि उसने मौका पाकर मंदिर में रखे दानपात्र का ताला तोड़ दिया और उसमें रखे चढ़ावे को निकालने का प्रयास करने लगा। इसी दौरान मंदिर की सेविका मंदिर पहुंचीं। मंदिर के अंदर की स्थिति संदिग्ध देखकर उन्होंने तत्काल शोर मचा दिया। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और युवक को भागने से पहले ही दबोच लिया। लोगों ने उसे पुलिस के हवाले कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में लेकर थाने ले गई। पुलिस का कहना है कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है। यह भी जांच की जा रही है कि घटना में वह अकेला शामिल था या उसके साथ अन्य लोग भी थे। घटना के बाद क्षेत्र में मंदिरों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चर्चा शुरू हो गई है। स्थानीय लोगों ने मंदिरों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने और नियमित पुलिस गशत बढ़ाने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

### हाजियों के सम्मान में भव्य दावत

**सम्भल।** हज यात्रा से सकुशल लौटे हाजियों के सम्मान में समाजसेवी डॉ. शाने रब की ओर से भव्य दावत-ए-वलीमा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में हाजी, गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता और क्षेत्र के लोगों ने सहभागिता कर हाजियों को हज की मुबारकबाद दी। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि हज से लौटे मेहमानों का सम्मान करना सौभाग्य की बात है। ऐसे आयोजन समाज में प्रेम, सौहार्द और आपसी भाईचारे को मजबूत करते हैं। सभी ने हाजियों के स्वस्थ, सुखी और मंगलमय जीवन की कामना करते हुए देश में अमन-चैन और खुशहाली के लिए दुआ की। आयोजक डॉ. शाने रब ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि हाजियों की खिदमत और सम्मान करना उनके लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि समाज में इंसानियत, प्रेम और आपसी सद्भाव को बढ़ावा देना प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है। भविष्य में भी ऐसे सामाजिक एवं जनहित के कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों ने सामूहिक रूप से दावत में शिरकत की। उपस्थित लोगों ने डॉ. शाने रब की मेहमाननवाजी की सराहना करते हुए आयोजन को सौहार्द, एकता और सामाजिक सद्भाव का प्रेरणादायी उदाहरण बताया।

### गणेश मेले में प्रतिभाओं को किया जाएगा मंच प्रदान

**चन्दौसी।** श्री गणेश चौथ का आरंभ 12 सितंबर से हो रहा है। मेले के दौरान मेला ग्राउंड स्थित श्री भूपाल रंगमंच पर श्री गणेश मेला परिषद की ओर से प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इसी संदर्भ को लेकर गणेश मंदिर के नजदीक स्थित कार्यालय पर बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें गणेश मेले के दौरान संपन्न होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम को लेकर रूपरेखा तैयार की गई। सोमवार को गणेश मेला परिषद की ओर से गणेश मंदिर के सामने स्थित कार्यालय पर परिषद के पदाधिकारियों की बैठक संपन्न हुई ।समें सांस्कृतिक कार्यक्रमों की गुणवत्ता, अनुशासन व व्यवस्थाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर भी सहमति बनी। मेला व्यवस्थापक रविंद्र कुमार रूपी ने कहा कि श्री गणेश महोत्सव को हर दृष्टि से सफल बनाने के लिए परिषद की सभी समितियां समन्वय के साथ कार्य कर रही हैं। सांस्कृतिक कार्यक्रम मेला महोत्सव की पहचान है। इसलिए उनकी प्रत्येक व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि कलाकारों और दर्शकों दोनों को बेहतर वातावरण उपलब्ध कराया जा सके। इस अवसर पर ललित किशोर गुप्ता, मेला सचिव हरि गोपाल वार्ष्णेय, मनोज कुमार गुप्ता, शशिकांत गुप्ता, प्रभात कृष्णा, शुभम अग्रवाल, प्रजीत लालू, दीपेश वार्ष्णेय, लवित वार्ष्णेय, सुधीर गुप्ता, लोकेंद्र शर्मा आदि मौजूद रहे।


बैठक में विचार रखते पदाधिकारी।

### रोजगार मेले में 85 प्रशिक्षणार्थियों का हुआ चयन

**चन्दौसी।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में रोजगार व अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया गया। मेले में टाटा मोटर्स पंतनगर, डीएसएम शुगर मिल सहित पांच कंपनियों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। जिसमें 200 प्रशिक्षणार्थियों में से 84 प्रशिक्षणार्थियों का चयन किया गया। मुख्य अतिथि के भाजपा के नगर उपाध्यक्ष अभिनव शर्मा ने प्रशिक्षणार्थियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डा. नरेंद्र सिंह पाल, देवेंद्र सिंह, एके वर्मा, सुधीर सिंह, रोबिन आदि मौजूद रहे।

### स्केटिंग प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**चन्दौसी।** एबीसी किड्स मांटेसरी स्कूल में स्केटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने खेल भावना का परिचय देते हुए शानदार प्रदर्शन किया। विजेता प्रतिभागियों को विद्यालय की प्रधानाचार्य संगीता भार्गव बधाई दी। विद्यालय में संपन्न हुई स्केटिंग प्रतियोगिता में आर्यांश, एविशा, कियारा, आईश, कौरव, रुद्र, प्रवेश चौधरी, वैष्णवी, नयन, अयनांश, अन्नया, मनस्वी, वान्या, अभियान, मान, – ने प्रथम, नक्श, अश्वि, मायषा, विवान, जय कुमार, अहान, प्रज्ज्वल, ईशिता, अबूकर, अहमद, अद्विका, सांची, अनन्या अग्रवाल ने द्वितीय, दर्श, मेशा, मयंक, आह्वान, संवित, अद्विक, माधव अग्रवाल, पूर्वांश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर निशा, सोनल, स्मृति, खुशी, राधा, रुपाली, योगिता, अंकुश राणा आदि मौजूद रहे।

### न्यायालय ने दोषी को सुनाई 3 वर्ष की सजा

**चंदौसी।** थाना बहजोई क्षेत्र में चोरी के मामले दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने आरोपी को 3 वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। थाना बहजोई क्षेत्र के गांव बैरोली निवासी राजू के विरुद्ध खिलाफ चोरी व फर्जीवाड़े की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी । जिसकी सुनवाई जिला न्यायालय स्थित अपर एवं सत्र न्यायाधीश आरती फौजदार की अदालत में हो रही थी । जबकि पीड़ित पक्ष की ओर से सहायक शासकीय व्यवस्था हरिओम प्रकाश सैनी द्वारा पैरवी की गई । न्यायालय ने सोमवार को दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आरोपी को दोषी मांगते हुए 3 वर्ष की सजा सुनाई है और 500 रुपये के अर्थदण्ड दंड से दंडित किया है। सजा दिलाने में कोर्ट मोहर्रिर हेका मुनिदेव और कोर्ट पैरोकार हेका राहुल कुमार शर्मा का विशेष योगदान रहा।



### 200 मीटर सड़क निर्माण का राज्यमंत्री का आश्वासन

**चन्दौसी।** मोहल्ला हनुमानगढ़ी वार्ड नंबर चार में सड़क निर्माण को लेकर सोमवार को स्थानीय लोग राज्यमंत्री से मिले। उन्होंने माली वाले मंदिर से 200 मीटर लंबी सड़क निर्माण कराने की मांग की। बताया गया कि वार्ड नंबर चार मोहल्ला हनुमानगढ़ी स्थित माली वाला मंदिर के आसपास के निवासी काफी संख्या में राज्यमंत्री के आवास रायसत्ती पहुंचे। जहां उन्होंने लोगों ने राज्यमंत्री गुलाब देवी से मंदिर से 200 मीटर सड़क पर हो रहे जलभराव की समस्या को बताया। साथ ही उस मार्ग पर सड़क निर्माण कराने की मांग की। उन्होंने बताया कि हाल ही मेले में कई सड़कों का निर्माण कराया गया है। जिससे मंदिर के पास की सड़क नीची हो गई है। जिससे उक्त सड़क पर जलभराव की समस्या बनी हुई है। आवागमन में बस्ती के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। राज्यमंत्री ने कहा कि जल्द ही निरीक्षण कराकर सड़क निर्माण कराने की आश्वासन दिया। इस अवसर पर जोगेंद्र सिंह, राजीव कुमार, कुलदीप कुमार, अरविंद यादव, अमन शर्मा, महेंद्र सिंह, लक्ष्मी शर्मा, सोनू शर्मा, जयवीर यादव आदि मौजूद रहे।





# आगरा कैंट स्टेशन मास्टर प्रकरण पर देशभर में विरोध

## मुरादाबाद मंडल के 158 स्टेशनों पर काली पट्टी बांधकर ड्यूटी की स्टेशन मास्टरों ने

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**मुरादाबाद।** आगरा कैंट रेलवे स्टेशन पर ड्यूटी के दौरान स्टेशन मास्टर के साथ कथित मारपीट और अभद्र व्यवहार की घटना के विरोध में रविवार आधी रात से देशभर के स्टेशन मास्टरों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। ऑल इंडिया स्टेशन मास्टर्स एसोसिएशन (एआइएसएमए) के केंद्रीय आह्वान पर मुरादाबाद मंडल के 158 रेलवे स्टेशनों पर स्टेशन मास्टर काली पट्टी बांधकर ड्यूटी कर रहे हैं और घटना के दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।



संगठन के अनुसार, आगरा कैंट रेलवे स्टेशन पर ड्यूटी के दौरान स्टेशन मास्टर और आरपीएफ कर्मियों के बीच हुए विवाद के बाद कथित रूप से स्टेशन मास्टर के साथ मारपीट और अभद्र व्यवहार किया गया। इस घटना को स्टेशन मास्टरों ने अपनी गरिमा, सम्मान और कार्यस्थल की सुरक्षा पर सीधा हमला बताया है। घटना के बाद रेलवे कर्मचारियों में व्यापक नाराजगी है।

एआइएसएमए की केंद्रीय कार्यकारिणी ने इस मामले को गंभीर बताते हुए पूरे देश में शांतिपूर्ण विरोध का निर्णय लिया। इसके तहत रविवार रात 12 बजे से स्टेशन मास्टर ड्यूटी के दौरान काली पट्टी बांधकर अपना विरोध दर्ज करा रहे हैं। मुरादाबाद मंडल के सभी 158 स्टेशनों पर भी इसी क्रम में विरोध प्रदर्शन जारी है। एआइएसएमए के मुरादाबाद मंडल सचिव कुंवर सिंह नौटियाल ने बताया कि संगठन घटना की निष्पक्ष जांच के साथ-साथ दोषी आरपीएफ कर्मियों के खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई और बर्खास्तगी की मांग कर रहा है। उन्होंने कहा कि रेलवे बोर्ड ने मामले का संज्ञान लेते हुए जेए ग्रेड अधिकारी से जांच के आदेश दिए हैं, लेकिन केवल जांच पर्याप्त नहीं है। दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई होने तक संगठन का विरोध जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि स्टेशन मास्टर रेलवे संचालन की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं और वे चौबीसों घंटे यात्रियों की सुरक्षा तथा ट्रेनों के सुरक्षित संचालन की जिम्मेदारी निभाते हैं। ऐसे में ड्यूटी के दौरान किसी कर्मचारी के साथ हिंसा या अभद्र व्यवहार पूरे रेलवे तंत्र के लिए चिंता का विषय है। संगठन ने मांग की है कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए रेलवे कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए तथा कार्यस्थलों पर सम्मानजनक वातावरण उपलब्ध कराया जाए।

## मंगनी टूटने के बाद इंस्टाग्राम पर फोटो वायरल करने की धमकी, मुकदमा दर्ज

**मुरादाबाद।** नागफनी थाना क्षेत्र की एक युवती ने मंगनी टूटने के बाद युवक पर सोशल मीडिया के जरिए बदनाम करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एफआईआर के अनुसार, नवाबपुरा बिरयानी रोड नई बस्ती निवासी युवती की मंगनी बुलंदशहर निवासी आदिल से



लगभग एक वर्ष पहले हुई थी, लेकिन पारिवारिक कारणों से रिश्ता टूट गया। आरोप है कि इसके बाद युवक लगातार युवती पर दबाव बना रहा था और उसकी फोटो इंस्टाग्राम सहित सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दे रहा था। पीड़िता का कहना है कि विरोध करने पर आरोपी ने उसके साथ गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी भी दी। परेशान होकर उसने नागफनी थाने में तहरीर दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और जांच में जो तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## सार संक्षेप

### 11 आरोपियों पर की कार्रवाई

**रामपुर।** पुलिस महानिदेशक द्वारा प्रदेश की कानून एवं शान्ति व्यवस्था तथा अपराध नियंत्रण के लिए 10 प्राथमिकताएं निर्धारित की गयी है। जिनमें से अत्याधुनिक तकनीक से साइबर अपराध का मुकाबला भी एक प्राथमिकता है। पुलिस महानिदेशक द्वारा प्रदेश स्तरीय ऑपरेशन साई- वज्र के अन्तर्गत व अपर पुलिस महानिदेशक, बरेली जोन, बरेली तथा पुलिस उपमहानिरीक्षक, मुरादाबाद परिक्षेत्र, मुरादाबाद के कुशल मार्गदर्शन में एवं पुलिस अधीक्षक रामपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में रामपुर पुलिस द्वारा 11 अभियोग पंजीकृत करते हुए 17 आरोपियों के विरूद्ध विधिक कार्यवाही की गई। जांच से 332 खाते एवं 164 मोबाइल संदिग्ध पाए गए।संदिग्ध पाये गए 7 मोबाइल व 9 एटीएम सीज किए गए।पुलिस द्वारा 548 संदिग्ध व्यक्तियो से पूछताछ की।

### जेबीएफ के मेडिकल सेंटर पर अब होम्योपैथी का भी उपचार

**गजरौला।** जुबिलेंट भरतिया फाउंडेशन (जेबीएफ) के मेडिकल सेंटर पर अब होम्योपैथी का उपचार भी आरंभ हो गया है। महंगे परामर्श शुल्क और महंगी दवाओं के फेर में इससे वंचित लोग एवं ग्रामीण यहां इसका जमकर फायदा उठा रहे हैं। सोमवार को गांव सादुल्लापुर रोड स्थित जेबीएफ के मेडिकल सेंटर पर होम्योपैथिक चिकित्सक डा. राशि



सिंघल ने बताया कि वह सप्ताह में तीन दिन सोमवार, बुधवार एवं शुक्रवार को यहां बैठती हैं। उन्होंने बताया कि परामर्श शुल्क निशुल्क है। इतना ही नहीं यहां जर्मन दवाएं बाजार से कम दामों पर उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि होम्योपैथिक दवाओं का कोई साइड इफेक्ट नहीं है। डा. राशि सिंघल ने बताया कि होम्योपैथी में कान का उपचार भी है। जेबीएफ में मेडिकल आफीसर डा. सुजिंदर फोगाट एवं जुबिलेंट में निदेशक जनसंपर्क सुनील दीक्षित ने बताया कि चिकित्सकों की महंगी फीस और महंगी दवाओं के कारण आर्थिक रूप से कमजोर एवं ग्रामीण अंचल के लोग होम्योपैथिक उपचार से वंचित रहते हैं। इसी को देखते हुए जुबिलेंट प्रबंधन ने जेबीएफ के मेडिकल सेंटर पर यह सुविधा मुहैया कराई है। बड़ी संख्या में लोग इसका लाभ भी ले रहे हैं।




### टीएमयू कैंपस में रोपित होंगे 600 पौधे, एक पेड़ मां के नाम कैंपेन का शुभारम्भ

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कैंपस में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत 600 पौधों के वृक्षारोपण का शंखनाद हुआ। इस अभियान के पहले चरण में बेल, नीम, जामुन, कंजी, गुड़हल, गोल्ड मोहर, बादलबास, अशोक सागौन समेत विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए। इन पौधों का चयन पर्यावरण संरक्षण, हरित आवरण बढ़ाने और जैव विविधता के संरक्षण को ध्यान में रखते हुए किया गया। वृक्षारोपण के बाद पौधों की नियमित निगरानी, देखरेख और संरक्षण सुनिश्चित करने के लिए सभी पौधों की हरितिमा ऐप पर जियो-टैगिंग भी की गई। यह पहल उत्तर प्रदेश सरकार के महत्वाकांक्षी वृक्षारोपण महाअभियान-2026 एवम् वृहद वृक्षारोपण अभियान को सफल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हुई। राष्ट्रीय सेवा योजना-एनएसएस की ओर से आयोजित कार्यक्रम में डीन स्टुडेंट्स वेलफेयर प्रो. एमपी सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि पौधारोपण करके पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। वृक्षारोपण कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों ने वृक्षों के संरक्षण का संकल्प लेते हुए प्रकृति संरक्षण एवम् स्वच्छ पर्यावरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। इस अवसर पर फिजिकल एजुकेशन कॉलेज के प्राचार्य प्रो. मनु मिश्रा, राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ. रवि प्रकाश सहित शिक्षा विभाग के शिक्षक एवं संकाय सदस्य उपस्थित रहे। अभियान के अंतर्गत यूनिवर्सिटी कैंपस में उच्च शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश की ओर से 600 पौधे आवंटित किए। वृक्षारोपण के दौरान डॉ. अर्पिता, डॉ. मुक्ता, डॉ. सुगंधा, श्रीमती पूनम चौहान, श्री दीपक मलिक, श्रीमती ममता यादव, श्रीमती शिवांकी, श्रीमती शिवानी यादव, श्री महेश सिंह आदि मौजूद रहे।

### माँ बेटे के साथ मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**गजरौला।** एक महिला के साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर तीन आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव कासमाबाद निवासी मीना पत्नी अबरार अली का आरोप है कि उसका 13 वर्षीय पुत्र अयान के साथ पास के ही दूसरे गांव कबीरपुर निवासी हकीकत पुत्र महबूब अली ने मारपीट की। शोर सुनकर मीना उसे बचाने दौड़ी तो आरोपी ने अपने भाई भूरा और नौशाद के उसके साथ मिलकर उसके साथ भी मारपीट की। लोहे की रॉड से भी हमला किया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीनों आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करते हुए अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

### सड़क हादसे में घायल ग्रामीण की मृत्यु, मुकदमा दर्ज

**गजरौला।** तीन सप्ताह पूर्व सड़क हादसे में घायल ग्रामीण की चार दिन बाद उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। मृतक की पत्नी की तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव वारसाबाद निवासी ग्रामीण अंकुश 23 जून को सुबह के समय खेत से अपने घर जा रहा था कि घर के पास पहुंचने पर पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने तेजी व लापरवाही से लाते हुए उसे टक्कर मार दी। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय अस्पताल से उनकी हालत नाजुक देखते उन्हें हायर सेंटर रैफर कर दिया। 27 जून को लाला लाजपत राय मेमोरियल हास्पिटल मेरठ अंकुश की मृत्यु हो गई। सोमवार को अंकुश की पत्नी बबीता की तहरीर के आधार पर पुलिस में अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### ऑनलाइन ठगी करने वाले युवक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज

**गजरौला।** साइबर अपराध की रोकथाम तथा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से ठगी की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी निर्देशों के अनुपालन में संचालित पोर्टल पर म्यूल खातों की जांच के दौरान पुलिस की जांच में एक संदिग्ध बैंक खाते का खुलासा हुआ। इस खाते में तीन अलग अलग प्रदेशों के शिकायतकर्ताओं द्वारा नौकरी लगवाने के नाम पर धनराशि मंगवाई गई। पुलिस ने आरोपित बैंक खाता धारक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करके अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस को जांच के दौरान इंडियन बैंक के खाताधारक त्रिलोक चन्द पुत्र अत्तर सिंह, निवासी ग्राम कांकाठेर के बैंक खाते में गारो हिल्स वेस्ट (मेघालय), जालंधर (पंजाब) तथा वाराणसी (उत्तर प्रदेश) के शिकायतकर्ताओं के द्वारा नौकरी दिलाने का झांसा देकर उनसे अलग-अलग धनराशि की ऑनलाइन ठगी की गई। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करके अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।




## 14 वर्षीय किशोरी का जबरन बाल विवाह, विरोध पर पिता से मारपीट

**मुरादाबाद।** कांठ थाना क्षेत्र में 14 वर्षीय नाबालिग किशोरी का जबरन विवाह कराने के प्रयास का मामला सामने आया है। पीड़िता के पिता के विरोध करने पर आरोपियों ने उनके साथ गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी दी। शिकायत पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए कई नामजद आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता के पिता बिजनौर जिले के थाना स्योहारा क्षेत्र के निवासी हैं। उन्होंने आरोप लगाया है कि कांठ क्षेत्र के महदूद कलमी गांव निवासी रोहतास, अंजू, मुनेश, काजल तथा अमरोहा निवासी राजकुमार ने उनकी 14 वर्षीय बेटी का बाल विवाह कराने की साजिश रची। विरोध करने पर आरोपियों ने उनके साथ




मारपीट की और धमकियां दीं। शिकायत के आधार पर पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच के दौरान यह तथ्य भी सामने आया है कि किशोरी पिछले कुछ महीनों से आरोपियों के साथ रह रही थी। पुलिस अब यह पता लगा रही है कि वह किन परिस्थितियों में उनके साथ रह रही थी और कहीं उसे बहला-फुसलाकर या दबाव बनाकर तो नहीं रखा गया था। कांठ पुलिस का कहना है कि मामले की गहन जांच की जा रही है। जांच में आरोप सही पाए जाने पर सभी दोषियों के खिलाफ कानून के अनुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## मेरठ कांड, अयोध्या दानपात्र चोरी और राशन व्यवस्था को लेकर वामपंथी मोर्चे का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**मुरादाबाद।** वामपंथी मोर्चा (सीपीआई, सीपीआई (माले) और सीपीआई (एम)) के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर राष्ट्रपति और मुख्यमंत्री के नाम जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन में मेरठ की घटना, अयोध्या में कथित दानपात्र चोरी प्रकरण तथा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम में प्रस्तावित संशोधनों के विरोध सहित विभिन्न मुद्दों को उठाया गया।

प्रदर्शनकारियों ने मेरठ की घटना की निष्पक्ष जांच, दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई, दलितों, अल्पसंख्यकों और कमजोर वर्गों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की। साथ ही अयोध्या में दानपात्र चोरी के मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई।




कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन करते कार्याकर्ता। -जागरण मोर्चा

वामपंथी मोर्चा ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम में प्रस्तावित संशोधनों का विरोध करते हुए कहा कि राशन कार्ड धारकों को वर्तमान व्यवस्था के अनुसार पूरा खाद्यान्न मिलता रहना चाहिए और गरीबों के हितों को प्रभावित करने वाले किसी भी संशोधन को वापस लिया जाए।

प्रदर्शन में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव थान सिंह, भाकपा (माले) के जिला सचिव रोहताश राजपूत, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव रामकिशोर रस्तोगी सहित चंद्र पाल सिंह आजाद, विक्रम सिंह, महिपाल सिंह, श्याम लाल, बोके यादव, शरीफ अहमद एवं अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पुरोहित की बेटी के प्रेम विवाह से शुरू हुई कहानी

# 13 साल बाद दूसरी महिला संग रहने लगा पति

- पति और ससुराल पक्ष के लोगों पर दहेज उत्पीड़न, मारपीट का दर्ज कराया मुकदमा

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**मुरादाबाद।** प्रेम विवाह से शुरू हुई एक रिश्ते की कहानी 13 साल बाद कानूनी लड़ाई में बदल गई। नागफनी थाना क्षेत्र में एक महिला ने अपने पति और ससुराल पक्ष के लोगों पर दहेज उत्पीड़न, मारपीट और दूसरी महिला के साथ रहने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है।

एफआईआर के अनुसार, पीड़िता एक पुरोहित की बेटी है। वर्ष 2013 में उसने परिवार की मर्जी के खिलाफ शैलेन्द्र कुमार सिंह से प्रेम विवाह किया था। बाद में सामाजिक रीति-रिवाज से विवाह भी कराया गया। महिला का आरोप है कि शादी के बाद से ही पति और ससुराल पक्ष दहेज में 10 लाख रुपये की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया गया।

पीड़िता का आरोप है कि वर्ष 2024 में उसे उसकी बेटी के साथ घर से निकाल दिया गया। इसके बाद पति दूसरी महिला के साथ रहने लगा। जून 2026 में जब वह पति के घर पहुंची तो वहां दूसरी महिला को पत्नी के रूप में रहते पाया। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की गई और जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया गया। महिला की शिकायत पर नागफनी थाना पुलिस ने पति सहित नामजद आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## ट्रांसफार्मर में लगी आग, रात भर ठप रही 50 घरों की बिजली

**रहरा।** आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव गुरेठा में गांव के बाहर रखे ट्रांसफार्मर में रविवार शाम अचानक आग लग गई। इसके साथ ही 50 से अधिक घरों की बिजली गुल हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि लगातार एक घंटे से अधिक समय तक ट्रांसफार्मर में आग चलती रही। आग पर काबू नहीं पाया जाता तो कोई हादसा भी हो सकता था। सूचना पर ग्रामीणों ने बिजलीघर को फोन किया तो लाइन काटी गई। ग्रामीणों ने बालू रेत और मिट्टी से आग को बुझाया। इस मौके पर गांव के तमाम लोगों की भीड़ जुट गई। ग्रामीण करन सिंह ने बताया कि ट्रांसफार्मर में आग लगने से करीब 50 घरों की बिजली रात भर ठप रही। भीषण गर्मी में लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। विभागीय अधिकारियों से ट्रांसफार्मर बदलने की मांग की गई है। अवर अभियंता ने बताया कि ओवरलोड की वजह से ट्रांसफार्मर खराब हुआ है। ट्रांसफार्मर बदल कर आपूर्ति बहाल की जा रही है।



## वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**गजरौला।** हाईवे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव बीझलपुर गांव निवासी राजेश (25) की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। हादसा रात करीब 2 बजे शहवाजपुर डोर के सामने हुआ। थाना क्षेत्र के गांव सुल्तानठेर में राजेश की पत्नी रेखा की मौसी वीरो देवी रहती हैं। परिवार के लोगों ने बताया कि रविवार रात राजेश गांव के ही दोस्त टीटू के साथ सुल्तानठेर जा रहा था। करीब 2 बजे शहवाजपुर डोर में चाय पी। इसके बाद टीटू को बाइक थमा दी और सिगरेट लेने के लिए पैदल पार कर हाईवे की दूसरी तरफ गया। तभी आए अज्ञात वाहन ने राजेश को टक्कर मार दी। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। सूचना पाकर पुलिस पहुंच गई। हादसे में मौत की सूचना देकर शव मोर्चरी पर रखवाया। सोमवार सुबह परिजन थाने और पुलिस कार्रवाई की मांग की। सीओ अंजलि कटारिया का कहना है शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## उधर के पैसे मांगने को लेकर मारपीट दंपत्ति घायल

**हसनपुर, संवाददाता।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में छोटे भाई से उधार के पैसे मांगना बड़े भाई को पड़ा भारी मारपीट कर पति-पत्नी को किया घायल। गंभीर हालत में पीड़ित कोतवाली पहुंचे और आरोपी के खिलाफ नाम दर्ज तहरीर दी।पुलिस ने तहरीर लेकर घायलों को मेडिकल के लिए सीएचसी भेज दिया जहां उनका उपचार किया गया। कोतवाली क्षेत्र के गांव गंगा चोली निवासी सतपाल पुत्र राजपाल के अपने छोटे भाई बिजेंदर पर डेढ़ साल पहले लिए उधार के रुपए मांगना भारी पड़ गया। शुक्रवार की सुबह सतपाल के द्वारा अपने छोटे भाई विजेंद्र से उधर के दस हजार रुपए मांगे तो वह आग बबूला हो गया। आप है कि पैसे मांगने के बाद पीड़ित अपने कमरे में लेट गया जबकि पत्नी संतोष बाहर काम कर रही थी इसी दौरान आप है कि आरोपी सरिया लेकर आया और संतोष की पिटाई करनी शुरू कर दी। बीच विचाव करने आए बड़े भाई सतपाल को भी आरोपी ने मारपीट कर घायल कर दिया। घायल हालत में दंपति कोतवाली पहुंचे और आरोपी छोटे भाई के खिलाफ नाम दर्ज तहरीर दी।पुलिस ने तहरीर लेकर घायलों को मेडिकल के लिए नगर के सीएचसी भेजा जहां उनका उपचार किया गया। इस बारे में कोतवाली प्रभारी राजेश कुमार तिवारी से बात की तो उन्होंने बताया मारपीट की तहरीर प्राप्त हुई है। घायलों को मेडिकल के लिए सीएचसी भेजा है। मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

000 रालोद कार्यकर्ता सम्मेलन में बोले प्रभारी मंत्री : कांवड़ियों की सुरक्षा और सुविधाओं के लिए प्रशासन को दिए गए हैं स्पष्ट निर्देश

# 2027 में सपा का जनाधार और सिमटेगा: प्रभारी मंत्री

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**उमेश लव, मुरादाबाद।** पंचायत भवन सभागार में राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) की मासिक बैठक एवं कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री अनिल कुमार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, जबकि रुहेलखंड क्षेत्रीय अध्यक्ष रामवीर सिंह विशिष्ट अतिथि रहे। सम्मेलन में पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और समर्थकों की बड़ी संख्या मौजूद रही।

कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री अनिल कुमार का फूल-मालाओं से स्वागत किया गया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने तथा आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों में अभी से जुटने का आह्वान किया।




प्रभारी मंत्री अनिल कुमार का फूल-मालाओं से स्वागत करते कार्याकर्ता।

अपने संबोधन में प्रभारी मंत्री ने दावा किया कि वर्ष 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी का जनाधार और सिकुड़ेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा-रालोद गठबंधन सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों और विकास कार्यों के कारण जनता का विश्वास लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से सरकार की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने और आम जनता से लगातार संवाद बनाए रखने की अपील की।

कांवड़ यात्रा का उल्लेख करते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार कांवड़ियों की सुरक्षा, सुविधा और सुचारुऐ यात्रा को लेकर पूरी तरह सजगा और वचनबद्ध है। उन्होंने बताया कि प्रशासनिक अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि धार्मिक यात्रा के दौरान किसी भी कांवड़िए को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाए तथा सुरक्षा और आवश्यक व्यवस्थाएं हर स्तर पर सुनिश्चित की जाएं।

रुहेलखंड क्षेत्रीय अध्यक्ष रामवीर सिंह ने संगठन विस्तार पर जोर देते हुएइ कार्यकर्ताओं से पार्टी की नीतियों और सरकार की उपलब्धियों को गांव-गांव तक पहुंचाने का आह्वान किया। बैठक में सदस्यता अभियान, संगठन विस्तार और वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव की रणनीति पर भी चर्चा की गई।

## भीषण गर्मी का प्रकोप बड़ी मरीजों की संख्या

**हसनपुर, संवाददाता।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उमड़ी मरीजों की भारी भीड़ नगर व कोतवाली क्षेत्र में लगातार बढ़ रही भीषण गर्मी और उमस के कारण आम जनजीवन बेहाल है। मौसम के इस बदलते मिजाज का सीधा असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है, जिससे क्षेत्र में बीमारों की संख्या तेजी से बढ़ रही है।रविवार को साप्ताहिक अवकाश के बाद, सोमवार सुबह जैसे ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुला, तो वहां मरीजों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। पर्चा बनवाने से लेकर दवाई काउंटर तक मरीजों की लंबी-लंबी कतारें देखने को मिलीं। चिलचिलाती धूप और गर्मी के कारण लोग घंटों लाइनों में खड़े रहने को मजबूर हुए। अस्पताल में सबसे ज्यादा मरीज खुजली, खांसी, तेज बुखार, उल्टी और दस्त जैसी दिक्कतों से पीड़ित पहुंचे।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ. धुर्वेंद्र सिंह ने बताया कि सोमवार को ओपीडी के माध्यम से रिकॉर्ड 375 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें दवाइयां वितरित की गईं।उन्होंने क्षेत्रवासियों को इस मौसम में धूप से बचने, ओआरएस का घोल लेने और खान-पान में सावधानी बरतने की सलाह दी है।






## एक नजर

### बंजरिया में श्रीराम महायज्ञ का चतुर्थ दिवस, भक्ति और उल्लास से सराबोर हुआ वातावरण

**बिसौली।** बंजरिया स्थित आदि शक्ति माता काली शिव मंदिर में चल रहे श्रीराम महायज्ञ के चौथे दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। पूरे दिन मंदिर परिसर वैदिक मंत्रोच्चार, भजन-कीर्तन और जयघोष से गूंजता रहा। श्रद्धालुओं ने यज्ञ में आहुतियां देकर सुख-समृद्धि, आरोग्य और विश्व शांति की कामना की। यज्ञाचार्य पंडित राधेश्याम शास्त्री के निर्देशन में सभी धार्मिक अनुष्ठान विधिपूर्वक संपन्न कराए गए। आचार्य राम विहारी मिश्रा, ब्रजेश पाठक, अबनेश व्यास एवं आशुतोष पाठक ने वैदिक मंत्रों के बीच यजमानों को यज्ञ की विधियां समझाते हुए आहुतियां दिलवाईं। इस दौरान सोई आश्रम से आए फूल बाबा ने संतों के साथ यज्ञ में सहभागिता की और श्रद्धालुओं को धर्म, सेवा और सदाचार का संदेश दिया। उनके प्रवचनों से श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। महायज्ञ में विभिन्न परिवारों ने यजमान बनकर भाग लिया और पूरे श्रद्धाभाव से पूजन-अर्चन किया।

# पर्यावरण संरक्षण हमारी आस्था, आने वाली पीढ़ियों के लिए करें वृक्षारोपण : फातमा रजा

## आने वाली पीढ़ियों के लिए प्राकृतिक संसाधनों को बचाने का आह्वान

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बदायूं।** नगर पालिका कन्या इंटर कॉलेज में आयोजित वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम में पालिकाध्यक्ष फात्मा रजा ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पर्यावरण की रक्षा केवल एक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हमारी आस्था से जुड़ा विषय है। इसलिए हमारा भी दायित्व है कि हम इन संसाधनों को सुरक्षित रखते हुए आने वाली पीढ़ियों के लिए बेहतर पर्यावरण का निर्माण करें।

फात्मा रजा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और पारिस्थिति की संतुलन बनाए रखने के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति की सहभागिता आवश्यक है। वृक्ष न केवल हमें शुद्ध वायु प्रदान करते हैं, बल्कि जल संरक्षण, जैव विविधता और जलवायु संतुलन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि यह वृक्षारोपण अभियान केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सनातन संस्कृति के उन जीवनदायी मूल्यों से जुड़ने का एक महाअनुष्ठान है, जिनमें प्रकृति को पूजनीय और संरक्षित करने की भावना निहित है। भारतीय संस्कृति में वृक्षों को जीवनदाता माना गया है और उनका संरक्षण मानव कल्याण से सीधे जुड़ा हुआ है।

पालिकाध्यक्ष फात्मा रजा ने उपस्थित छात्राओं, शिक्षकों और नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए और उसकी देखभाल का संकल्प भी ले। उन्होंने कहा कि केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन्हें संरक्षित कर बड़ा करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। यदि समाज का हर व्यक्ति इस दिशा में छोटा-सा योगदान दे, तो पर्यावरण संरक्षण का यह अभियान एक जनआंदोलन का रूप ले सकता है। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। उपस्थित लोगों ने भी अधिक से अधिक वृक्ष लगाने और उनकी देखभाल करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य शहनाज बानो, सबा खानम, हिना शहरोज, रुबीना शाकिर, प्रियंका कुमारी, गीता देवी, मुनब्बर जहां, रूपाली, शाजिया खान, शीबा खान, फरजाना बेगम, शिवांगी वर्मा, प्रगति सक्सेना आदि मौजूद रहे।

## एसपीसीएल कर्मी ने फंदे पर लटक कर की खुदकुशी, परिवार में कोहराम

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बदायूं।** मूसाझाग थाना क्षेत्र के गांव सैंजनी में रविवार रात एक युवक ने घर के कमरे में फंदे पर लटककर खुदकुशी कर ली। युवक सैंजनी के एचपीसीएल प्लांट में संविदा कर्मी था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। मूसाझाग क्षेत्र के गांव सैंजनी निवासी रवि (32) पुत्र छोटेलाल गांव के एचपीसीएल प्लांट में हाऊसकीपर था। परिजनों ने बताया कि रवि शराब पीने का आदी था। रविवार रात डयूटी खत्म कर शराब पीकर घर लौटा था। इसी बात पर उसकी पत्नी से कहासुनी हो गई। कहासुनी के बाद रवि ने खाना खाया और कमरे में जाकर अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। काफी देर तक जब वह बाहर नहीं निकला तो परिजनों ने दरवाजा खटखटाया। लेकिन अंदर से कोई जबाब नहीं मिला। पत्नी व बच्चों के शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर आ गए। ग्रामीणों ने दरवाजा तोड़ा तो देखा अंदर रवि का शव फंदे पर लटका है। शव लटका देख परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने घटना की सूचना थाना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। रवि के परिवार में पत्नी के अलावा तीन बेटे व एक बेटी है। सीओ उझानी सुनील कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## कन्या इंटर कॉलेज में पूर्व मंत्री आबिद रजा ने किया पौधरोपण, हर व्यक्ति से एक पौधा लगाने की अपील

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बदायूं।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर समाजवादी पार्टी के पूर्व मंत्री एवं स्टार प्रचारक आबिद रजा ने शहर स्थित कन्या इंटर कॉलेज परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने का संकल्प लेने की अपील की।

पौधरोपण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आबिद रजा ने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण मानव जीवन की सबसे बड़ी आवश्यकता बन चुका है। बढ़ते प्रदूषण, घटते वन क्षेत्र और जलवायु परिवर्तन जैसी गंभीर चुनौतियों से निपटने का सबसे प्रभावी उपाय व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण है। उन्होंने कहा कि केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन्हें पेड़ बनने तक संरक्षित रखना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है।

उन्होंने कहा कि पेड़-पौधे मानव जीवन के अस्तित्व की आधारशिला हैं। स्वच्छ हवा, शुद्ध जल और हरियाली के बिना स्वस्थ समाज की कल्पना नहीं की जा सकती। आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण देने के लिए आज से ही जन-जन को इस अभियान से जुड़ना होगा। पूर्व मंत्री ने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि यदि प्रत्येक युवा वर्ष में कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करने का संकल्प ले, तो प्रदेश ही नहीं बल्कि देशभर में हरियाली का नया इतिहास लिखा जा सकता है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने भी पर्यावरण संरक्षण और पौधरोपण का सामूहिक संकल्प लिया।

## सड़क किनारे अनियंत्रित बाइक गड्ढे में गिरी, बाइक सवार की मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** इस्लामनगर थाना क्षेत्र में गंगा एक्सप्रेस-वे के लिंक रोड पर एक बाइक सवार अपना संतुलन खो बैठा, जिससे उसकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में गिर गई। हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद बाइक में आग लग गई, जिससे वह जलकर राख क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। पुलिस घटना की जांच कर रही है। हादसा इस्लामनगर थाना क्षेत्र में गंगा एक्सप्रेस-वे की लिंक रोड पर गांव नसरोल के पास रविवार रात हुआ। थाना क्षेत्र के गांव भुसाया निवासी विजय (32) पुत्र ओमप्रकाश रविवार को ढिलवारी गांव निवासी जितेंद्र के पास अपने उधारी के रुपये लेने गया था। वहां से वह अपने गांव लौट रहा था। रास्ते में उसकी बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे गहरे गड्ढे में जा गिरी। हादसे में बाइक सवार गंभीर रुप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे सीएचसी पर भिजवाया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे के दौरान युवक की बाइक में आग लग गई, जिसमें वह जलकर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। युवक अपने पीछे दो मासूमों को रोता-बिलखता छोड़ गया है। वहीं, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम को भेजा गया है। पुलिस हादसे की जांच कर रही है।


मृतक विजय।

## सरौरी के स्कूल में वृक्षारोपण, पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बगरैन।** सरौरी स्थित कल्पना मेमोरियल इंटरनेशनल स्कूल में पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के संकल्प के साथ बृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन के साथ क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोगों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा मंडल अध्यक्ष रितेश चौहान एवं चौकी इंचार्ज बगरैंन अखिल तोमर ने पौधारोपण कर किया। इस दौरान विद्यालय परिसर एवं आसपास विभिन्न प्रजातियों के फलदार, छायादार एवं औषधीय पौधे लगाए गए। विद्यालय प्रशासन ने विद्यार्थियों को पौधों की नियमित देखभाल एवं संरक्षण का संकल्प भी दिलाया। कार्यक्रम में भाजपा मंडल महामंत्री भाजयुमो विपिन गुप्ता, मंडल उपाध्यक्ष अनुजकांत मिश्रा, बीपैक्स सभापति अजय कुमार सिंह, रविलाल सिंह, महेश गुप्ता, सोमेश मिश्रा, वैभव अग्रवाल, आलोक मिश्रा सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

इस अवसर पर चौकी इंचार्ज अखिल तोमर ने कहा कि वृक्ष मानव जीवन का आधार हैं। बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करना और उनका संरक्षण करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों से हर वर्ष कम से कम एक पौधा लगाने और उसकी देखभाल करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण से जुड़े संदेश प्रस्तुत किए और सभी को प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारियों के निर्वहन के लिए प्रेरित किया। अंत में सभी प्रतिभागियों ने पर्यावरण संरक्षण की सामूहिक शपथ ली। विद्यालय प्रबंधन ने इस पहल को भविष्य में भी निरंतर जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया।

## केंद्रीय सनातन शिक्षा बोर्ड गठन की मांग, बैठक में उठे शिक्षा से जुड़े मुद्दे

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बदायूं।** अखिल भारतीय सनातन बोर्ड, जिला बदायूं की ओर से रविवार सायंकाल बजरंग नगर मीरा जी चौकी स्थित देवदत्त शर्मा के आवास पर कार्यकारिणी पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिला सूचना एवं कार्यालय मंत्री राकेश साहू द्वारा आहूत यह बैठक देर रात तक चली, जिसमें सनातन समाज की शिक्षा व्यवस्था से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में मुख्य रूप से इस बात पर चिंतन किया गया कि हिंदू-सनातनी समाज शिक्षा के लिए ईसाई मिशनरियों द्वारा संचालित विद्यालयों पर क्यों निर्भर होता जा रहा है। संगठन कार्याध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा कि ऐतिहासिक कारणों से गुरुकुल परंपरा कमजोर हुई और वर्तमान में अंग्रेजी माध्यम के बढ़ते प्रभाव के कारण बच्चों की रचनात्मकता और व्यावहारिक ज्ञान प्रभावित हो रहा है।

कार्यकारिणी प्रमुख देवदत्त शर्मा ने बताया कि 1835 में लागू की गई शिक्षा व्यवस्था के प्रभाव आज भी दिखाई दे रहे हैं, जिसके कारण उच्च शिक्षा में अंग्रेजी का वर्चस्व बना हुआ है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों की शिक्षा के प्रति सोच बदलने का आह्वान किया।

मठ-मंदिर विभाग प्रमुख एडवोकेट अश्वनी भारद्वाज ने कहा कि अंग्रेजी शासनकाल में बनी व्यवस्थाओं ने भारतीय परंपराओं को प्रभावित किया। वहीं मुख्य अतिथि सरस्वती शिशु मंदिर मीरा की चौकी के प्रधानाचार्य कालिका प्रसाद ने विद्या भारती के विद्यालयों की शिक्षा प्रणाली पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यहां कम शुल्क में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ संस्कार भी दिए जाते हैं।

विशिष्ट अतिथि प्रणव शास्त्री ने बदायूं के ऐतिहासिक और वैदिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह क्षेत्र प्राचीन काल में वेदों की भूमि रहा है। नारी शक्ति विभाग अध्यक्ष रचना शंखधार ने परिवार में संवाद बनाए रखने और बच्चों के मार्गदर्शन पर जोर दिया।

संगठन अध्यक्ष जितेंद्र साहू ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए केंद्र सरकार के समक्ष "केंद्रीय सनातन शिक्षा बोर्ड" के गठन की मांग उठाई जाएगी। साथ ही पतंजलि विश्वविद्यालय के सहयोग से जनपद में आधुनिक गुरुकुल स्थापित करने का प्रयास किया जाएगा, जहां पारंपरिक और आधुनिक शिक्षा का समन्वय होगा।

बैठक में डॉ. अशोक कुमार शर्मा, डॉ. संजीव गुप्ता, डॉ. अमर सिंह, डॉ. नरेंद्र कुमार कश्यप, सुभाष मैथिल, अरविंद गुप्ता, नंदकिशोर, सचिन चौहान, पं. मनोज कुमार मिश्रा, राकेश गुलाटी, विनोद कुमार सिंह सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## नदी में डूबकर पांच वर्षीय मासूम की मौत

**बदायूं।** दातागंज कोतवाली क्षेत्र में एक पांच वर्षीय बालक के नदी में डूबने से मौत हो गई। बालक अपने साथियों के साथ नदी किनारे खेलने गया था। बालक की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। गांव किशनी महेरा निवासी अखिलेश जाटव का पुत्र आशू (5) अपने दो साथियों के साथ खेलते-खेलते नदी किनारे चला गया। इसी दौरान वह नदी आशू नदी के गहरे में पानी में चला गया और डूबने लगा। आशू को नदी में डूबता देख साथी बालकों ने घर जाकर परिवार वालों को घटना की जानकारी दी। जिस पर परिवार वाले दौड़कर नदी पर पहुंचे और बालक को बाहर निकाला। लेकिन तब तक बालक की मौत हो चुकी थी। बालक की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## यदु शुगर मिल में चेयरमैन डीपी यादव ने लगाया रुद्राक्ष का पौधा

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बिसौली।** पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यदु शुगर मिल परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मिल के चेयरमैन डीपी यादव ने रुद्राक्ष का पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

इस मौके पर चेयरमैन डीपी यादव ने कहा कि पेड़-पौधे मानव जीवन का आधार हैं और इनके बिना जीवन की कल्पना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि "वन हैं तो जीवन है", इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने का संकल्प लेना चाहिए।

उन्होंने यह भी बताया कि यदु शुगर मिल परिसर में पहले से ही बड़ी संख्या में पौधारोपण किया जा चुका है, जिसके चलते मिल क्षेत्र में हरियाली का विशेष वातावरण बना हुआ है। उन्होंने कहा कि इसी निरंतर प्रयास के कारण यदु शुगर मिल एक "ग्रीन शुगर मिल" के रूप में अपनी अलग पहचान बना रही है। कार्यक्रम के दौरान मिल के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी उत्साहपूर्वक पौधारोपण किया और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई।

इस अवसर पर वाई.पी. सिंह, जितेंद्र यादव उर्फ बिल्लू, अरुण यादव, हेमंत कुमार, त्रिपाठी जी, योगेश अग्रवाल, राकेश सिंह, अतुल पांडेय, अमित वाना, अनिल यादव, किशन यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## बुजुर्ग पिता का हत्यारोपित बेटा गिरफ्तार, जेल भेजा

**बदायूं।** बिनावर क्षेत्र में तीन दिन पूर्व हुई बुजुर्ग की हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपित बेटे को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से हत्या में प्रयुक्त आलाकत्ल भी बरामद कर लिया है। पुलिस ने हत्यारोपी बेटे को जेल भेज दिया है। बिनावर थाना क्षेत्र के गांव ब्यौर निवासी राजवीर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके बाबा राधेलाल ने अपने खेत में लगी मक्के की फसल को बेंचा था। राधेलाल के बेटे ऐवरन ने उनसे समूह की किस्त जमा करने के लिए रुपये मांगे थे। लेकिन राधेलाल ने ऐवरन को रुपये देने से इंकार कर दिया। इसी बात पर पिता-पुत्र में दिनभर कहासुनी होती रही। शुक्रवार रात करीब 9 बजे ऐबरन शराब पीकर घर लौटा और फिर से अपने पिता से रुपये मांगे। रुपये देने से मना करने पर दोनों के बीच विवाद बढ़ गया। गुस्से में आकर ऐवरन ने घर में रखी कुल्हाड़ी से पिता पर ताबड़तोड़ प्रहार किए, जिससे राधेलाल की मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में जुटी थी। इसी बीच पुलिस को सूचना मिली कि आरोपित ऐबरन घटपुरी रेलवे स्टेशन पर कहीं जाने की फिराक में खड़ा है। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित की निशानदेही पर पुलिस ने आलाकत्ल भी बरामद कर लिया। प्रभारी निरीक्षक अरिहंत सिद्धार्थ ने बताया कि आरोपित ऐबरन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।




## आधार कार्ड बनाने में बरेली जोन में बदायूं डाक विभाग ने मारी बाजी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** डाक विभाग की आधार सेवा ने जिले को प्रदेश में अलग पहचान दिलाई है। बरेली जोन से जारी 2025-26 वित्तीय वर्ष की रिपोर्ट में बदायूं डाक विभाग को जोन में आधार कार्ड बनाने में प्रथम स्थान मिला है। 11 जिलों में प्रथम स्थान मिलने पर विभाग के अधिकारी इस वर्ष भी प्रथम स्थान पर काबिज रहने के प्रयास में लगे हुए हैं।

वर्तमान में जिले भर में डाक विभाग की ओर से 12 किटों के माध्यम से आधार कार्ड बनाने व उसमें संशोधन का कार्य किया जा रहा है। इन किटों के जरिये ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों के लोगों को उनके घर के पास ही आधार सुविधा मिल रही है। पिछले वित्तीय वर्ष में बदायूं डाक विभाग ने आधार कार्ड से संबंधित 60 हजार ट्रांजेक्शन किए। इन ट्रांजेक्शनों के माध्यम से विभाग ने लगभग 58 लाख रुपये की आय अर्जित की है। विभाग की इस उपलब्धि के बाद बरेली जोन में बदायूं को पहला स्थान प्राप्त हुआ।

डाक अधीक्षक एनके दुबे ने बताया कि इस वित्तीय वर्ष में भी बदायूं डाक विभाग आधार कार्ड बनाने के मामले में बरेली जोन में पहले पायदान पर बना हुआ है। बढ़ते ट्रांजेक्शन और बेहतर सेवा के कारण लोगों का रुझान डाकघरों की तरफ बढ़ा है। उन्होंने कहा कि आधार बनवाने के लिए लोगों को अब दूर नहीं जाना पड़ रहा। डाकघरों में समय से टोकन और व्यवस्थित काउंटर की व्यवस्था की गई है, जिससे आमजन को सहूलियत मिल रही है।

निरीक्षण | गंगा स्नान पर्व से पहले प्रशासन अलर्ट

## अधिकारियों ने कछला घाट पर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बदायूं।** आषाढ़ अमावस्या गंगा स्नान पर्व को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। इसी क्रम में सोमवार को जिलाधिकारी अवनीश राय और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने कछला गंगा घाट पहुंचकर सुरक्षा, यातायात और श्रद्धालुओं की सुविधाओं का निरीक्षण किया।

अधिकारियों ने घाट पर बैरिकेडिंग, लाइटिंग, पेयजल, चिकित्सा सेवाओं और पार्किंग व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया। साथ ही भीड़ प्रबंधन और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए किए गए इंतजामों की समीक्षा की गई। पार्किंग स्थलों का निरीक्षण कर अधिकारियों ने व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डीएम और एसएसपी ने कहा कि पर्व के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु गंगा स्नान के लिए पहुंचते हैं, इसलिए सुरक्षा के साथ-साथ सुविधाओं का भी विशेष ध्यान रखा जाए। घाट पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, महिला पुलिस की ड्यूटी और आपातकालीन सहायता व्यवस्था को मजबूत करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने यातायात व्यवस्था को सुचारु रखने और श्रद्धालुओं के निर्बाध आवागमन के लिए विशेष प्लान लागू करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सभी तैयारियां समय से पूरी कर ली जाएं, ताकि पर्व शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभिषेक कुमार सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट सुरेश पाल, क्षेत्राधिकारी उझानी सुनील कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक प्रवीण कुमार सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

# सम्पादकीय

## चीन के लिए भारत का जवाब

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गत सात जुलाई को जकार्ता में इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ने कुछ ऐसे समझौतों पर हस्ताक्षर किए, जिनकी गूंज बीजिंग तक सुनाई पड़ी होगी। पहला समझौता सुमात्रा के उत्तरी छोर पर बसे सबांग बंदरगाह को मिलकर विकसित करने का है। दूसरा, लगभग 5,400 करोड़ रुपये का ब्रह्मोस मिसाइल सौदा, जिसके साथ इंडोनेशिया, फिलीपींस और वियतनाम के बाद इस स्वदेशी सुपरसोनिक मिसाइल का तीसरा खरीदार बन गया। बुनियादी रूप से ये व्यापार और रक्षा के समझौते हैं, लेकिन मानचित्र पर देखें तो यह हिंद महासागर की सबसे महत्वपूर्ण शतरंज की बिसात पर भारत की एक सधी हुई चाल है और इस बिसात का केंद्र है-मलक्का स्ट्रेट।

मलक्का स्ट्रेट वस्तुतः मलेशिया और इंडोनेशिया के सुमात्रा द्वीप के बीच फैली लगभग 900 किलोमीटर लंबी संकरी समुद्री गली है, जो प्रशांत महासागर और हिंद महासागर को जोड़ती है। अपने सबसे संकरे बिंदु पर इसकी चौड़ाई मात्र ढाई-तीन किलोमीटर रह जाती है। इसी संकरे रास्ते से हर साल 80 हजार से अधिक जहाज गुजरते हैं। यानी रोजाना दो सौ से अधिक जहाजों की आवाजाही इस मार्ग से होती है। इस तरह, दुनिया के समुद्री व्यापार का लगभग एक-चौथाई हिस्से में इसी जलमार्ग की भागीदारी है। इस तरह लगभग साढ़े तीन लाख करोड़ (ट्रिलियन) डालर का माल हर साल यहीं से होकर जाता है। तुलनात्मक रूप से देखें तो मलक्का से गुजरने वाला सालाना व्यापार लगभग भारत की संपूर्ण अर्थव्यवस्था के बराबर है।

इस संकरी समुद्री गली पर सबसे अधिक निर्भरता किसकी है? इसका जवाब है चीन की निर्भरता सर्वाधिक है। चीन का लगभग 80 प्रतिशत आयातित कच्चा तेल और व्यापार का बड़ा हिस्सा मलक्का स्ट्रेट से होकर गुजरता है। इसे लेकर बीजिंग की चिंता इतनी गहरी है कि 2003 में चीन के तत्कालीन राष्ट्रपति हू जिंताओ ने इसे 'मलक्का दुविधा' का नाम तक दे दिया था। चीन ने इस दुविधा से निकलने के लिए म्यांमार और पाकिस्तान में पाइपलाइन बिछाईं, बेल्ट एंड रोड के नाम पर अरबों डालर झोंके, परंतु सच्चाई यही है कि मलक्का समुद्री मार्ग का कोई कारगर एवं ठोस विकल्प आज भी उसके पास नहीं है। मलक्का चीनी अर्थव्यवस्था की वह नस है, जिस पर हल्का सा दबाव भी बीजिंग की धड़कनें बढ़ा देता है। ऐसे में यह प्रश्न बहुत महत्वपूर्ण हो जाता है कि जो गली चीन की दुखती रग है, वह भारत के लिए इतनी बड़ी रणनीतिक ताकत कैसे बन सकती है? इसका उत्तर तीन स्तरों पर सामने आता है।

पहला स्तर है संतुलन का। पिछले कुछ वर्षों में चीन ने भारत पर दबाव बनाने के कई मोर्चे खोले हैं। जैसे कि गलवन जैसी सीमा पर झड़पें, 100 अरब डालर से अधिक का व्यापार घाटा और दुर्लभ खनिजों तथा दवा उद्योग के कच्चे माल की आपूर्ति रोकने की धमकियां। हिमालय की ऊंचाइयों पर और बाजार के मैदान में चीन का पलड़ा भले ही भारी दिखता है, लेकिन मलक्का के मुहाने पर स्थिति ठीक उलट है। यहां भूगोल भारत के साथ खड़ा है। किसी भी तनाव या संघर्ष की स्थिति में मलक्का के आसपास भारतीय नौसेना की मजबूत उपस्थिति चीन की ऊर्जा एवं व्यापार की जीवनरेखा पर ग्रहण लगा सकती है। यही अंकुश हिमालय से लेकर व्यापार तक, हर दूसरे मोर्चे पर चीन को संयम बरतने पर मजबूर करता है। रणनीति की भाषा में यही 'प्रतिरोधक क्षमता' है-युद्ध जीतने के लिए नहीं, युद्ध रोकने के लिए।

दूसरा स्तर है भूगोल को अवसर में बदलने का। प्रकृति ने भारत को अंडमान-निकोबार के रूप में मलक्का के दरवाजे की चौकी पहले से दे रखी है। ग्रेट निकोबार द्वीप मलक्का के व्यापारिक मार्ग से करीब 70 से 75 किलोमीटर दूर है। इस मोर्चे पर लगभग 72,000 करोड़ रुपये की ग्रेट निकोबार परियोजना बहुत कारगर हो सकती है। इस परियोजना के अंतर्गत गैलेथिया खाड़ी में देश का 13वां प्रमुख बंदरगाह आकार ले रहा है, जिसे इसी वर्ष फरवरी में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल से भी हरी झंडी मिल गई। वर्ष 2028 तक इसके पहले चरण में 40 लाख कंटेनर सालाना संभालने की क्षमता होगी। व्यापक रूप से देखा जाए तो यह केवल सामरिक नहीं, अपितु एक बड़ा आर्थिक अवसर भी है। आज भारत का लगभग 75 प्रतिशत ट्रांसशिपमेंट कार्गो कोलंबो और सिंगापुर जैसे विदेशी बंदरगाहों से होकर जाता है। ऐसे में, गैलेथिया के माध्यम से वह कमाई भारत की झोली में आ सकती है। यहीं देश की एकमात्र त्रि-सेवा कमान भी है, जो हमारी सैन्य निगरानी का आधार है।

तीसरा स्तर है साझेदारियों का और यहीं सबांग की अहमियत समझ आती है। सबांग ग्रेट निकोबार से मात्र 160 किलोमीटर दूर मलक्का के उत्तरी मुहाने पर स्थित है। ग्रेट निकोबार और सबांग को मिलाकर देखें तो मलक्का के प्रवेश द्वार के दोनों किनारों पर भारत की उपस्थिति बनती है। यह उपस्थिति किसी पर थोपी नहीं गई, बल्कि इंडोनेशिया जैसे साझेदार के आमंत्रण से बनी है। ब्रह्मोस सौदे इसी विश्वास की कड़ी हैं। भरोसे की इसी कड़ी के चलते फिलीपींस, वियतनाम और अब इंडोनेशिया यानी दक्षिण चीन सागर में चीन की दादागीरी झेल रहे तीनों प्रमुख देश आज भारतीय मिसाइलों से अपनी सुरक्षा मजबूत कर रहे हैं। चीन की घेराबंदी का जवाब भारत गोलबंदी से नहीं, भरोसेमंद मित्रता से दे रहा है।

लगभग एक हजार वर्ष पहले चोल सम्राट राजेंद्र चोल के जहाजी बेड़े इन्हीं समुद्रों को पार कर सुमात्रा तक पहुंचे थे। समुद्र की शक्ति को समझना हमारी सभ्यता की पुरानी सीख है, जिसे हमने बीच की सदियों में भुला दिया था। मलक्का स्ट्रेट आज हमें वही पाठ दोबारा पढ़ा रहा है कि 21वीं सदी में भारत की सुरक्षा की सीमाएं हिमालय से अधिक समुद्र की लहरों पर निर्भर करेंगी। आवश्यकता बस इस बात की है कि निकोबार से सबांग तक शुरू हुए इन प्रयासों को हम राष्ट्रीय प्राथमिकता बनाकर पूरी गति से आगे बढ़ाएं।

# युद्धोन्मादियों की बंधक न बने विश्व व्यवस्था

*चाहे 28 फरवरी को ईरान पर अमेरिकी-इजरायली हमलों से युद्ध की शुरूआत हो या अब शांति समझौता तोड़ कर फिर युद्ध, अमेरिका और खासकर उसके बड़बोले राष्ट्रपति ट्रंप मुख्य खलनायक नजर आते हैं। अकसर संवाद के जरिये समस्या के समाधान का रास्ता बंद हो जाने पर ही संघर्ष की शुरूआत होती है, लेकिन अमेरिका और इजरायल ने 28 फरवरी को ईरान पर तब हमला बोल दिया था, जब पहले दौर में कुछ मुद्दों पर सहमति के बाद वार्ता का दूसरा दौर तय हो गया था।*



राजकुमार सिंह

(लेखक 'दैनिक ट्रिब्यून' के पूर्व संपादक हैं)



मध्य पूर्व में शांति और स्थिरता की आस को फिर पलीता लग गया। यह काम किसी और ने नहीं, बल्कि उन लोगों ने ही किया है, जिनसे शांति और स्थिरता की समझदारी की उम्मीद लगायी जा रही थी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, ईरानी नेतृत्व को सनकी मानते हैं। ट्रंप के बारे में भी शेष विश्व की कमोवेश यही राय है। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की छवि भी ऐसी ही है। दरअसल ये तीनों ही मिल कर शेष विश्व की व्यवस्था को अपनी सनक से बंधक बनाते दिख रहे हैं। युद्ध विराम के बीच भी तनातनी के बावजूद जिस तरह अमेरिका और ईरान में 60 दिन का शांति समझौता हुआ तथा उसे स्थायी बनाने को ले कर बातचीत शुरू हुई, उससे विश्व व्यवस्था बहाल होने की उम्मीद जगी थी, लेकिन अचानक फिर एक-दूसरे पर हमले शुरू हो गये हैं। युद्ध के लिए किसी एक पक्ष को दोषी ठहराना आसान नहीं होता, लेकिन कोई कम दोषी होता है, तो कोई ज्यादा। चाहे 28 फरवरी को ईरान पर अमेरिकी-इजरायली हमलों से युद्ध की शुरूआत हो या अब शांति समझौता तोड़ कर फिर युद्ध, अमेरिका और खासकर उसके बड़बोले राष्ट्रपति ट्रंप मुख्य खलनायक नजर आते हैं। अकसर संवाद के जरिये समस्या के समाधान का रास्ता बंद हो जाने पर ही संघर्ष की शुरूआत होती है, लेकिन अमेरिका और इजरायल ने 28 फरवरी को ईरान पर तब हमला बोला दिया था, जब पहले दौर में कुछ मुद्दों पर सहमति के बाद वार्ता का दूसरा दौर तय हो गया था।

ईरान पर हमले के पक्ष में ट्रंप और नेतन्याहू ने जो तर्क दिये, वे भी उनके समर्थक देशों के अलावा शायद ही किसी और के गले उतरे हों। पहले ही दिन सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह खामेनेई समेत तीन दर्जन से ज्यादा वरिष्ठ नेताओं-पदाधिकारियों को मार डालने तथा बाद में ईरान की सैन्य शक्ति लगभग समाप्त करने के दावों के बावजूद सात अप्रैल को युद्ध विराम बताता है कि शक्तिशाली अमेरिका और इजरायल वांछित परिणाम पाने में विफल रहे। इजरायल ने तो युद्ध विराम से असहमति जताते हुए लेबनान पर हमले भी जारी रखे। तनातनी के बीच-बीच तीनों की पक्षों में छिटपुट टकराव जारी रहा, पर पिछले महीने शांति समझौते पर हस्ताक्षर से उम्मीद जगी थी कि युद्धोन्माद खत्म होगा और ऊर्जा संकट के चलते आर्थिक हिचकोले झेल रही विश्व व्यवस्था धीरे-धीरे पटरी पर लौट आयेगी। हालांकि ट्रंप अपनी आदत के मुताबिक बीच-बीच में धमकी और चेतावनी देते रहे। ट्रंप ने यहां तक कह दिया कि उन्होंने ईरान को 'एक हफ्ते की छुट्टी' दी है। उनका आशय ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह खामेनेई के अंतिम संस्कार से था, जो 28 फरवरी को अमेरिकी-इजरायली हमले में मारे जाने के बाद से लंबित था। जाहिर है, यह बहुत सभ्य टिप्पणी नहीं थी–और सच यह भी है कि नौ जुलाई को अंतिम संस्कार की रस्में पूरी होने से पहले ही सात जुलाई को ईरान पर फिर हमले शुरू हो गये। खामेनेई के जनाजे से उनके उत्तराधिकारी बने बेटे मोजतबा सुरक्षा कारणों से दूर ही रहे। जाहिर है, जनाजे में ट्रंप विरोधी नारे भी लगे। इसीलिए अब ट्रंप खुद को ईरान का सबसे बड़ा 'टारगेट' मानते हुए अपनी सुरक्षा में अत्यधिक सतर्कता बरत रहे हैं।

ट्रंप ने शांति समझौता तोड़ फिर हमलों के लिए ईरान द्वारा स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज में तीन कॉमर्शियल जहाजों पर फायरिंग को कारण बताया है। बेशक जब शांति समझौता हो चुका था, जिस पर अमल का रोडमैप 60 दिनों में तय करने के लिए वार्ताएं जारी थीं, तब ईरान को भी हॉर्मुज में भड़कानेवाली इस कार्रवाई से बाज आना चाहिए था, पर क्या ट्रंप ऐसे किसी मौके की तलाश में ही थे? बिना तैयारी के तो वैसे जबर्दस्त हमले तत्काल नहीं हो सकते, जैसे किये गये। दो दिन में ईरान के 170 से अधिक सैन्य या उससे जुड़े ठिकानों पर हमले किये गये। बेशक ईरान ने भी खाड़ी में स्थित कुवैत, कतर और बहरीन सरीखे अमेरिका के मित्र देशों पर पलटवार करने में देर नहीं लगायी। उसी दौरान ईरान को तेल बेचने के लिए दी गयी अमेरिकी अनुमति भी रद्द करने की खबर आयी। ऐसे में यह संदेह होता है कि क्या शांति वार्ता से मनमाफिक परिणाम न निकलने पर ट्रंप ने और दबाव बढ़ाने के लिए हमलों का विकल्प चुना? आप सोच सकते हैं कि युद्ध कोई खेल नहीं, जिसे मनमाफिक समझौते के लिए दांवपेंच की तरह इस्तेमाल किया जाये, पर महाशक्तियों के लिए तो युद्ध खेल भी है और मुनाफे का कारोबार भी। बेशक इस युद्ध में अमेरिकी रक्षा विभाग पेंटागन को भारी नुकसान उठाना पड़ा है, लेकिन अमेरिकी रक्षा हथियार निर्माता कंपनियों और तेल कंपनियों की तो बल्ले-बल्ले होने की खबरें हैं। युद्ध होगा तो हथियार भी बिकेंगे ही। फिर अमेरिका तो कुछ छोटे देशों की सुरक्षा का ठेकेदार बन कर भी मोटी रकम वसूलता है।

मूलतः मुनाफाखोर कारोबारी ट्रंप ने खुद माना कि जब विश्व ऊर्जा खपत के 20-22 प्रतिशत हिस्से के आयात का समुद्री मार्ग हॉर्मुज बंद था, तब अमेरिका ने चोरी-चोरी भारी मात्रा में तेल वहां से निकाला। जाहिर है, वह तेल ऊंचे दामों पर बेचा भी गया। नेतन्याहू का 'ग्रेटर इजरायल' का एजेंडा भी किसी से छिपा नहीं है। ईरान के कट्टरपंथी नेतृत्व के मंसूबे भी विश्व शांति के तो हरगिज नहीं। यह आईने की तरह साफ हो गया है कि तीनों ही संबंधित पक्ष अपने-अपने निहित स्वार्थों में उलझे हैं। उनका न विश्व शांति से कोई सरोकार है और न ही न्यायपूर्ण वैश्विक व्यवस्था से। इसलिए समय और समझ, दोनों का तकाजा है कि विश्व व्यवस्था को इनका बंधक बनने से बचाने के लिए शेष विश्व एकजुट हो कर मुखर हो। बेशक कुछ छोटे देशों ने इस युद्धोन्माद के बीच शांति-समझौता वार्ताओं की पहल की, लेकिन शायद वे कोई नैतिक या कूटनीतिक दबाव बनाने की स्थिति में नहीं रहे। इसलिए अब भारत, चीन, रूस, फ्रांस और जर्मनी जैसे देशों को समान विचारवाले अन्य देशों के साथ मिल कर अमेरिका-इजरायल-ईरान पर यह दबाव बनाना चाहिए कि वे संवाद के जरिये आपसी विवादों का मनमाना नहीं, तर्कसम्मत और न्यायपूर्ण समाधान निकालें, क्योंकि उन्हें अपने निहित स्वार्थों और सनक के लिए शेष विश्व की शांति और अर्थव्यवस्था को बंधक बनाने नहीं दिया जा सकता।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

# क्या मलक्का जलडमरूमध्य बन सकता है 'होरमुज'?



मेजर सरस् त्रिपाठी

**(लेखक संविधान और राष्ट्रीय सुरक्षा विषयों के विशेषज्ञ और पूर्व सैन्य अफसर हैं)**

पिछले सप्ताह भारतीय प्रधानमंत्री की इंडोनेशिया यात्रा इस अर्थ में भी अत्यधिक महत्वपूर्ण है की इंडोनेशिया और मलेशिया हिन्द महासागर में भारत के महत्वपूर्ण रणनीतिक सहभागी हो सकते हैं। क्या भारत हिन्द महासागर से चीन सागर की तरफ जाने वाले सारे व्यापारिक जहाजों को 'स्ट्रेट आफ मलक्का' (strait of Malacca) के पास रोक सकता है? अधिकांश रणनीतिकारों ने इस विषय पर उसी प्रकार नहीं सोचा जिस प्रकार हरमूज़ के बन्द होने और उसके परिणाम के बारे में। भूगोल का बहुत अच्छा ज्ञान रखने वाले ही जानते हैं कि इंडोनेशिया भारत से मात्र 150 किलोमीटर दूर है, हां सिर्फ 150 किलोमीटर। भारत की मुख्य भूमि से हजारों किलोमीटर दूर बिल्कुल मलेशिया और इंडोनेशिया के पास भारत का 572 द्वीपों का अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह है, जहां स्थित भारतीय सेना और नौसेना हिंद महासागर और प्रशांत महासागर को जोड़ने वाले सबसे महत्वपूर्ण जलडमरूमध्य (strait) यानी 'स्ट्रेट आफ मलक्का' पर बहुत प्रभावकारी भूमिका निभाते हैं।

मलक्का जलडमरूमध्य न सिर्फ हिंद महासागर और प्रशांत महासागर को जोड़ने वाली एकमात्र कड़ी है बल्कि चीन सागर (China sea) को हिंद महासागर से जोड़ने वाली भी यही सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है। चीन का लगभग 25% तेल का आयात इसी जलडमरूमध्य के मार्ग से होता है। यदि भारत अकेले ही चाहे तो चीन की कठिनाईयों में असहनीय (unbearable) वृद्धि कर सकता है। इंडोनेशिया, सिंगापुर और मलेशिया मिलकर इस जलडमरूमध्य को अवरुद्ध कर दें तो चीन की स्थिति बहुत कमजोर हो जाएगी। चीन की विस्तारवादी नीति के कारण यह सभी देश इस समय चीन के विरुद्ध है। संयुक्त राष्ट्र संघ ने चीन और इंडोनेशिया के मध्य चल रहे नतुना द्वीप/भूमि विवाद पर जो निर्णय दिया था चीन ने उसे न मानकर इंडोनेशिया को अपना दुश्मन बना दिया। इस क्षेत्र में इंडोनेशिया, मलेशिया, सिंगापुर, वियतनाम, लाओस इत्यादि किसी भी देश से चीन के संबंध अच्छे नहीं है। युद्ध की स्थिति में चीन के लिए सबसे बड़ी




पशोपेश यही है कि हिंद महासागर से होकर जाने वाले उसके तेल के टैंकरों का क्या होगा?

इसके अतिरिक्त चीन का कम से कम 40% व्यापार (खनिज तेल और गैस के अतिरिक्त) इसी जलडमरूमध्य से होकर दक्षिण एशिया, मध्य एशिया, अफ्रीका और यूरोप की ओर जाता है। उसके पास और कोई मार्ग भी नहीं है। भारत की सुदृढ़ भौगोलिक स्थिति और अपनी इस भौगोलिक कमजोरी को दूर करने के लिए चीन दूसरे विकल्प तलाश रहा है, जिसमें चीन-म्यांमार-बांग्लादेश इकनामिक-कोरीडोर भी सम्मिलित है। चीन आर्कटिक महासागर से यूरोप की ओर जाने के लिए रास्ते तलाश रहा है। लेकिन इस रास्ते की सबसे बड़ी विडंबना यह है कि यह सर्दियों में सुगम या नेवीगेशनेबल (navigationable) नहीं है। सर्दियों में इन स्थानों पर बर्फ की बड़ी-बड़ी चट्टानें होती हैं जो किसी भी व्यापारिक जहाज के लिए बहुत बड़ी बाधा है। युद्ध छिड़ने के बाद चीन को भारत की सेना से इतना डर नहीं है जितना भारत की नौसेना से है। भारतीय नौसेना के निशाने पर चीन के तीन कमजोर बिंदु हैः एक strait of Malacca, दूसरा ग्वादर पोर्ट और तीसरा हार्न आफ अफ्रीका पर जिबोती पोर्ट। चीन के लिए सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण यह तीनों स्थान भारतीय नौसेना के निशाने पर हैं और इसके लिए भारतीय नौसेना को न तो अधिक गति (manoeuver) करने की आवश्यकता है और ना तो अपने E&clusive Economic Zone (EEZ) को छोड़कर जाने की आवश्यकता है। अपने एक्सक्लूसिव इकोनामिक जोन में रहते हुए ही भारत चीन के इन तीन कमजोर बिंदुओं पर प्रहार कर सकता है। यह संभव है उसे लद्दाख में कठिनाई की बजाय हिंद महासागर में सम्भावित कठिनाई का भय अधिक है।

स्ट्रेट आफ मलक्का से लगभग 1,00,000 जलपोत प्रतिवर्ष गुजरते हैं, इसमें सबसे अधिक चीन के ही होते हैं। यह लगभग 800 किलोमीटर लंबा जलमार्ग है जो सबसे संकरे (narrowest) स्थान पर मात्र 2.8 किलोमीटर चौड़ा है और इसकी अधिकतम गहराई 84 फुट है। दुनिया के व्यापारिक नौसेना में एक शब्द प्रयोग होता है 'मलक्कामैक्स' जिसका मतलब होता है कोई भी जहाज जिसका draught 84 फुट से अधिक है वह मलक्का स्ट्रेट से नहीं जा सकता। इस प्राकृतिक बाध्यता के बावजूद मलक्का स्ट्रेट का कोई विकल्प नहीं है। इसी कारण यह रणनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है। इसका यदि विकल्प कोई है तो वह सुंदा स्ट्रेट (Sunda strait, जावा और सुमात्रा द्वीप के मध्य से) है जिससे होकर जाने के लिए कम से कम 3 दिन का अधिक समय लगेगा और उसकी गहराई और भी कम है। सुंदा जलडमरूमध्य से जाने पर चीन की लगभग 1000 नॉटिकल माइल की दूरी बढ़ जाएगी। इसके अतिरिक्त चीन की समस्याएं कम नहीं होंगी क्योंकि सुंदा जलडमरूमध्य भी इंडोनेशिया के द्वीपों के बीच से होकर ही जाता है और इंडोनेशिया से चीन के संबंध अच्छे नहीं है। इस मार्ग से होकर जाने की दूसरी बाधा ऑस्ट्रेलिया का बहुत निकट होना है। भारत, जापान, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका के QUAD यानी चतुष्टय के कारण चीन की मुश्किलें बहुत बढ़ सकती हैं।

दक्षिण चीन सागर (South China Sea) में अमेरिका के पहले से ही दो विशालकाय एयरक्राफ्ट कैरियर मौजूद रहते हैं: 'USS Nimitz' (with 90 fighters and 6000 personnel) और 'USS Ronald Reagan' (with 60 fighter air-crafts and 4000 personnel), जो की ईरान युद्ध के कारण गतिमान है। भारत ने अपने fighter ships के अलावा INS Kohassa नामक नया (तीसरा) नेवल बेस बनाया है। यह मलक्का जलडमरूमध्य के काफी निकट है। हमारे दो नेवल बेस अंडमान निकोबार में पहले से ही है।

इस बात की बहुत कम संभावना है कि चीन भारत के साथ युद्ध के लिए आगे बढ़ेगा। यदि उसने इस भूगोल को नजरअंदाज करते हुए आगे बढ़ने का दुस्साहस किया तो उसके लिए युद्ध आसान नहीं होगा। लद्दाख में यदि वह संभाल लेता है तो भी हिंद महासागर उसके लिए असल में 'वाटरलू' ही साबित हो सकता है। जिस तरह विश्व की सबसे बड़ी सैन्य शक्ति का दम्भ भरने वाले अमेरिका को ईरान ने हरमूज़ जलडमरूमध्य की नाकेबंदी अकेले ही पानी पिला दिया तो मलक्का में भारत के साथ इंडोनेशिया और मलेशिया भी है।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

# ईंधन में आत्मनिर्भर बनाएगा एथनॉल

आजादी के बाद भारत में कुछ ऐसे फैसले हुए हैं, जिन्होंने देश की तस्वीर बदल दी। हरित क्रांति ने हमें अनाज में आत्मनिर्भर बनाया। अब सरकार का एथनॉल कार्यक्रम का मकसद है ईंधन में आत्मनिर्भरता। भारत हर साल कच्चे तेल के आयात पर सात लाख करोड़ रुपये से ज्यादा खर्च करता है। यह पैसा विदेश जाता है, हमारी अर्थव्यवस्था पर बोझ बढ़ता है और हम दूसरे देशों पर निर्भर रहते हैं। जब खाड़ी देशों में तनाव होता है, तब कच्चे तेल के दाम बढ़ते हैं और उसकी मार सीधे आम भारतीय की जेब पर पड़ती है। सरकार का एथनॉल मिशन इसी निर्भरता को तोड़ने की कोशिश है। सरल शब्दों में कहें तो अपने गन्ने से, अपने खेतों से, अपना ईंधन बनाओ।




इसी दिशा में हाल में केंद्र सरकार ने 22 प्रतिशत, 25 प्रतिशत, 27 प्रतिशत और 30 प्रतिशत एथनॉल मिले पेट्रोल पर एक्साइज ड्यूटी हटा दी। इसका सीधा मतलब है कि अब ज्यादा एथनॉल वाला पेट्रोल बनाना सस्ता होगा। इसके साथ सरकार ने 100 प्रतिशत एथनॉल को भी कानूनी मान्यता दे दी है। जब 2018 में यह योजना शुरू हुई थी, तब पेट्रोल में एथनॉल की मात्रा पांच प्रतिशत से भी कम थी। 2023-24 में यह बढ़कर 15 प्रतिशत से अधिक हो गई। आज पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथनॉल (ई-20 ईंधन) मिलाया जा रहा है। ई-20 के राष्ट्रीय स्तर पर लागू होने से सालाना करीब 30,000 करोड़ रुपये का आयात बिल कम होने का अनुमान है।

एथनॉल बनाने के लिए भारत के पास पर्याप्त संसाधन हैं। आज ज्यादातर एथनॉल गन्ने के शीरे और खराब या अतिरिक्त अनाज से बनाया जाता है, लेकिन भविष्य में इसके लिए और भी कई स्त्रोत उपलब्ध हैं। बांस, पराली, फसल कटाई के बाद खेतों में बचा हुआ अवशेष और नगरों से निकलने वाले कुछ प्रकार के कचरे से भी एथनॉल बनाया जा सकता है। इसे दूसरी पीढ़ी का एथनॉल कहा जाता है। इसके लिए खाने-पीने की फसलों का उपयोग नहीं होता, इसलिए खाद्य सुरक्षा पर कोई असर नहीं पड़ता। सरकार भी ऐसी परियोजनाओं को बढ़ावा दे रही है, जिससे भविष्य में एथनॉल की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। इसका सबसे बड़ा फायदा किसानों को मिला है। उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और बिहार के गन्ना किसान लंबे समय से कम दाम और चीनी मिलों से भुगतान में देरी जैसी समस्याओं का सामना कर रहे थे। एथनॉल योजना ने इस स्थिति को बदलना शुरू कर दिया है। अब सरकार की गारंटी के साथ डिस्टिलरी एथनॉल खरीदती है, जिससे चीनी मिलों को अतिरिक्त आय का स्त्रोत मिला है। इसका लाभ किसानों तक भी पहुंच रहा है और उन्हें समय पर भुगतान मिल रहा है। पर्यावरण की बात करें तो एथनॉल मिश्रित पेट्रोल से धुआं कम निकलता है। गाड़ियों से निकलने वाले हानिकारक कण और कार्बन मोनोआक्साइड की मात्रा घटती है। इलेक्ट्रिक गाड़ियां और सोलर पैनल भी जरूरी हैं, लेकिन उनके लिए बहुत पैसा और लंबा इंतजार चाहिए। एथनॉल सम्मिश्रण आज की गाड़ियों, आज के पेट्रोल पंपों और आज की खेती से काम करता है, यही इसकी सबसे बड़ी ताकत है।

अब सवाल उठता है, अगर एथनॉल की मात्रा बढ़ती जाएगी तो आने वाली गाड़ियां कैसी होंगी? इसका जवाब है फ्लेक्स फ्यूल वाहन। ये गाड़ियां पेट्रोल, एथनॉल या दोनों के किसी भी मिश्रण पर चल सकती हैं। इनमें स्मार्ट इंजन होता है, जो खुद समझ लेता है कि टंकी में कौन सा ईंधन है और उसी हिसाब से काम करता है। यही फ्लेक्स फ्यूल की असली खूबी है। मारुति की वैगन-आर का फ्लेक्स फ्यूल माडल बाजार में आ चुका है। इसमें एथनॉल सेंसर, बेहतर फ्यूल इंजेक्शन सिस्टम और जंग-रोधी पुर्जे लगे हैं, जो ज्यादा एथनॉल को झेल सकें। ई-20 को लेकर सबसे अधिक चर्चा माइलेज पर होती है। हाल में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने भी स्वीकार किया कि एथनॉल का कैलोरी मान पेट्रोल से कम होने के कारण ई-20 ईंधन पर माइलेज में मामूली कमी आ सकती है। हालांकि यह प्रभाव सामान्य परिस्थितियों में सीमित रहता है और ई-20 के कारण वाहनों को भी किसी प्रकार की क्षति होने का कोई प्रमाण नहीं मिला है। फ्लेक्स-फ्यूल इंजनों के लिए किए गए परीक्षणों में भी माइलेज दक्षता पर कोई गंभीर प्रभाव नहीं पाया गया। अगर एथनॉल मिश्रित ईंधन पेट्रोल से 20-25 प्रतिशत सस्ता मिले तो क्या उसकी बचत कम माइलेज की कमी को पूरा नहीं कर देगी?

ब्राजील को दुनिया में एथनॉल के सबसे बड़े और सबसे पुराने उपयोगकर्ताओं में गिना जाता है। वहां दशकों से एथनॉल का इस्तेमाल बड़े पैमाने पर हो रहा है। भारत भी अब इसी दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है, लेकिन अपनी परिस्थितियों और जरूरतों के अनुसार। भारत के पास विशाल वाहन बाजार, पीएम गति शक्ति जैसा डिजिटल ढांचा और इस बदलाव को आगे बढ़ाने की मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति है। आम लोगों को इस बदलाव को लेकर चिंता करने की जरूरत नहीं है। आने वाले समय में यह न केवल पर्यावरण के लिए बेहतर होगा, बल्कि ईंधन की लागत कम होने पर जेब के लिए भी फायदेमंद साबित हो सकता है। एथनॉल सम्मिश्रण आज की जरूरत है, फ्लेक्स फ्यूल वाहन कल की तैयारी है और दोनों मिलकर भारत को उस मंजिल तक ले जाएंगे, जहां हमारा ईंधन विदेश से नहीं, अपने खेतों से आएगा। यह सिर्फ एक नीति नहीं, यह एक नया सोच है और देश को इसका स्वागत करना चाहिए।

## एक नजर

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर

**सितारगंज** : किच्छा हाईवे पर पिकअप वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसका अस्पताल में उपचार चल रहा है, जहां वह वेंटिलेटर पर भर्ती है और उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। पीलीभीत जिले के गांव खरुआ निवासी भूपेंद्र शर्मा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका छोटा भाई वीरेंद्र शर्मा मलपुरी स्थित आरके ढाबा में नौकरी करता है। शनिवार की शाम ड्यूटी समाप्त होने के बाद वह बाइक से सितारगंज बाजार की ओर जा रहा था। इसी दौरान मलपुरी के पास सामने से तेज रफ्तार पिकअप ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। स्वजन के अनुसार हादसे के बाद चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। उनका आरोप है कि यदि चालक घायल को समय पर अस्पताल पहुंचाता तो उसकी हालत इतनी गंभीर नहीं होती। उन्होंने बताया कि वीरेंद्र को अब तक होश नहीं आया है और वह वेंटिलेटर पर जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहा है। कोतवाल सुंदरम शर्मा ने बताया कि पिकअप चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया हैं।

# प्रदेश से मानसून ने बना रखी है दूरी, अभी चार दिन अच्छी बारिश के आसार नहीं; गर्मी का अलर्ट जारी

जागरण मोर्चा कार्यालय




**लखनऊ** । उत्तर प्रदेश में मानसून फिर से रूठ गया है। मौसम विभाग के अनुसार, तराई क्षेत्र को छोड़कर फिलहाल प्रदेश में कोई प्रभावी मौसम तंत्र सक्रिय नहीं है। मंगलवार के लिए कहीं भी बारिश की चेतावनी जारी नहीं की गई है। पछुआ हवाओं के चलते अगले तीन-चार दिनों तक अच्छी बारिश की संभावना भी कम है। इससे किसानों की चिंता बढ़ने लगी है।

मौसम विभाग का कहना है कि फिलहाल मानसूनी गतिविधियां केवल तराई के जिलों तक सीमित हैं। सोमवार को महराजगंज में 130 मिमी सबसे अधिक बारिश दर्ज की गई। इसके अलावा गोरखपुर में 92 मिमी और श्रावस्ती में 54.6 मिमी वर्षा हुई।बारिश घटने और तेज धूप निकलने से प्रदेश के कई जिलों में तापमान बढ़ा है। इससे उमस भरी गर्मी ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है।

क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र, लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि अगले तीन-चार दिनों तक बारिश में ठहराव बना रहेगा। हालांकि कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम और छिटपुट बारिश हो सकती है। 17 जुलाई के बाद हवाओं का रुख फिर पुरवा होने की संभावना है, जिससे दोबारा मानसूनी गतिविधियों में बढ़त की उम्मीद है।

मानूसन के ठहर जाने से प्रदेश के कई जिलों में गर्मी और उमस का असर बढ़ेगा। दिन के साथ रात का तापमान भी बढ़ने की उम्मीद है। बारिश न होने का सीधा असर खेती किसानी पर भी पड़ेगा। धान की फसल पर इसका सीधा असर आएगा।

## अब 35 मिनट में पूरा होगा लखनऊ से कानपुर का सफर

**लखनऊ।** लखनऊ से कानपुर आना और जाना अब बेहद आसान होने जा रहा है। प्रदेश की राजधानी लखनऊ और औद्योगिक नगरी कानपुर को जोड़ने वाला 63 किलोमीटर लंबा लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे (नेशनल एक्सप्रेसवे-6) उद्घाटन के बाद जनता को समर्पित हो गया है। इस एक्सप्रेसवे के शुरू होने के साथ ही दोनों शहरों के बीच वर्षों से चली आ रही ट्रैफिक जाम की समस्या से निजात मिली है। पहले जहां यह सफर ढाई से तीन घंटे में पूरा होता था, वहीं अब महज 35 से 45 मिनट में पूरा किया जा सकता है। लगभग 1648 दिनों की कड़ी मेहनत, आधुनिक तकनीक और सूझबूझ से बने इस 63 किलोमीटर लंबे एक्सप्रेसवे की परियोजना की नींव वर्ष 2018 में रखी गई थी। लखनऊ और कानपुर के बीच लगातार बढ़ते ट्रैफिक, घंटों लगने वाले जाम और तीन घंटे तक के सफर को देखते हुए लगभग 4,500 करोड़ रुपये की लागत से इसकी विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार की गई थी। परियोजना का उद्देश्य दोनों महानगरों के बीच विश्वस्तरीय, सुरक्षित और तेज संपर्क उपलब्ध कराना था।

## संक्षेप समाचार

### कांवड़ यात्रा के दौरान मांस-मछली की बिक्री पर प्रतिबंध की मांग, शिवसेना ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**खटीमा।** आगामी कांवड़ यात्रा को लेकर शिवसेना कार्यकर्ताओं ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर यात्रा अवधि के दौरान मांस एवं मछली की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग की है। ज्ञापन में शिवसेना पदाधिकारियों ने कहा कि कांवड़ यात्रा करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था और धार्मिक भावनाओं से जुड़ा पवित्र पर्व है। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की भावनाओं का सम्मान बनाए रखने तथा किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति से बचने के लिए यात्रा मार्ग सहित पूरे क्षेत्र में मांस एवं मछली की बिक्री पर अस्थायी रूप से रोक लगाई जानी चाहिए। शिवसेना नेताओं ने प्रशासन से मांग की कि कांवड़ यात्रा के दौरान कानून- व्यवस्था बनाए रखने और शांतिपूर्ण माहौल सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते उचित कार्रवाई नहीं की गई और कोई अप्रिय घटना घटती है, तो इसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौंपने वालों में कुमाऊं मंडल संगठन सचिव विक्रम बिष्ट, नगर अध्यक्ष विजय कुमार, जिला उपप्रमुख राजकुमार गुप्ता, शोभित कटेरिया, बीना मिश्रा, रामप्रवेश, मोहनलाल, राजकुमारी वर्मा, राधा देवी सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### ईओ के तबादले की मांग पर चौथे दिन भी डटे सभासद, नानकमत्ता नगर पंचायत में ठप हुई सफाई व्यवस्था

**नानकमत्ता।** नगर पंचायत नानकमत्ता में तैनात अधिशासी अधिकारी (ईओ) राकेश कोटिया के स्थानांतरण की मांग को लेकर सभासदों और पर्यावरण मित्रों का धरना सोमवार को चौथे दिन भी जारी रहा। लगातार चार दिनों से चल रहे आंदोलन का असर अब नगर की सफाई व्यवस्था पर भी साफ दिखाई देने लगा है। जगह-जगह कूड़े के ढेर लगने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, जबकि नगरवासियों में भी सफाई व्यवस्था को लेकर नाराजगी बढ़ती जा रही है। सोमवार को नगर पंचायत कार्यालय परिसर में धरना स्थल पर आयोजित सभा में सभासदों ने ईओ राकेश कोटिया पर बोर्ड की ओर से पारित प्रस्तावों की अनदेखी करने का आरोप लगाया। सभासदों का कहना था कि बोर्ड की बैठकों में स्वीकृत विकास कार्यों को गंभीरता से नहीं लिया गया। कई निर्माण कार्य पूरे होने के बावजूद संबंधित ठेकेदारों का भुगतान नहीं किया गया, जिससे विकास कार्य प्रभावित हुए हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि ईओ नियमित रूप से कार्यालय नहीं आते, जिससे आम जनता के कार्य भी समय पर नहीं हो पा रहे हैं। धरने के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष प्रेम सिंह टुरना, सभासदों और पर्यावरण मित्रों ने संयुक्त रूप से पत्रकार वार्ता कर ईओ की नियुक्ति पर भी सवाल खड़े किए। उन्होंने आरोप लगाया कि राकेश कोटिया की नियुक्ति नियमों के विपरीत हुई है। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की कि उनकी नियुक्ति निरस्त की जाए तथा अब तक दिए गए वेतन की भी रिकवरी कराई जाए। सभासदों ने दावा किया कि वर्ष 2014 में तत्कालीन उपजिलाधिकारी खटीमा द्वारा लिपिक पद पर हुई नियुक्ति की जांच कराई गई थी, जिसमें नियुक्ति को गलत पाया गया था। उनका कहना है कि उसी आधार पर शासन को कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक ईओ का स्थानांतरण नहीं किया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। धरने में सभासद गौरव वर्मा, सुरंजन राय, विशाल गोयल सहित अन्य जनप्रतिनिधि और पर्यावरण मित्र मौजूद रहे।

### भारत विकास परिषद ने लगाया एनीमिया जांच शिविर

**खटीमा।** भारत विकास परिषद् शाखा खटीमा द्वारा सेवा पखवाड़े के अंतर्गत समाजसेवा के विभिन्न कार्यक्रम जारी है। इसी क्रम में रविवार, 12 जुलाई 2026 को अग्रसेन धर्मशाला, खटीमा में एनीमिया जांच एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 57 महिलाओं के रक्त की जांच की गई, जिनमें 26 महिलाओं में हीमोग्लोबिन की कमी (एनीमिया) पाई गई। एनीमिया से प्रभावित महिलाओं को पोषण एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए गुड़-चना, लोहे की कढ़ाई तथा आयरन एवं कैल्शियम की दवाइयों का वितरण किया गया। शिविर में रक्त जांच का कार्य खिण्डा पैथोलॉजी की टीम द्वारा किया गया, जबकि आयरन एवं कैल्शियम की दवाइयों का सहयोग अरोड़ा मेडिकल द्वारा प्रदान किया गया। परिषद के पदाधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविरों का उद्देश्य महिलाओं में एनीमिया जैसी गंभीर समस्या के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा समय पर उपचार एवं पोषण संबंधी सलाह उपलब्ध कराना है। इस अवसर पर परिषद के अध्यक्ष दीपक बत्रा, सचिव विवेक अग्रवाल, अमरनाथ गोयल, हरिश शर्मा, रीतु गुप्ता, सोनिया सुनेजा, दीपचन्द्र खरकवाल, दलजीत सिंह खिंडा, नीरज रस्तोगी, मुकेश गुप्ता, रितेश टंडन सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## 50 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय



50 लीटर अवैध कच्ची शराब का परिवहन करते हुए एक गिरफ्तार। -जागरण मोर्चा

**खटीमा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार के तहत खटीमा पुलिस ने 50 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी साइकिल पर टायर-ट्यूब के भीतर शराब छिपाकर ले जा रहा था। पुलिस के अनुसार, पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी खटीमा के निर्देशन तथा प्रभारी निरीक्षक विजेंद्र शाह और वरिष्ठ उपनिरीक्षक के.सी. आर्या के नेतृत्व में सोमवार को चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस टीम ने आलावृदि निवासी 48 वर्षीय करम सिंह पुत्र बहाल सिंह को साइकिल से टायर-ट्यूब के अंदर करीब 50 लीटर अवैध कच्ची शराब का परिवहन करते हुए गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के विरुद्ध कोतवाली खटीमा में आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने बताया कि जनपद में अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक किशोर पंत, कांस्टेबल उमेश जोशी तथा होमगार्ड सूरज चंद शामिल रहे।

## सितारगंज को दो नई 1.81 करोड़ सड़कों की सौगात

जागरण मोर्चा कार्यालय

- ग्रामीणों ने खुशी जताते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा का आभार किया व्यक्त

**सितारगंज।** विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में राज्य योजना के अंतर्गत 7.150 किलोमीटर लंबाई की दो सड़कों के निर्माण के लिए कुल 181.15 लाख रुपये की प्रशासनिक , वित्तीय स्वीकृति जारी कर दी गई है। अपर सचिव महावीर सिंह चौहान ने दोनों परियोजनाओं का शासनादेश (जीओ) जारी किया। स्वीकृति मिलने के बाद क्षेत्र के लोगों में खुशी का माहौल है और ग्रामीणों ने कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा का आभार व्यक्त किया है। कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने बताया कि पहली परियोजना के तहत ग्राम गोविंदनगर, शक्तिफार्म में पड़ागांव चौराहे से गोविंदनगर की आबादी होते हुए ग्राम रंजीतनगर तक 3.650 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण किया जाएगा। इस सड़क के लिए राज्य योजना से 92.39 लाख रुपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। सड़क बनने से गोविंदनगर, रंजीतनगर सहित आसपास के गांवों के लोगों को वर्षभर सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी। दूसरी परियोजना के तहत ग्राम गऊघाट में प्रधान के घर से पुल की ओर जाने वाले 3.500 किलोमीटर लंबे मार्ग के निर्माण के लिए 88.76 लाख रुपये की मंजूरी दी गई है। इस सड़क के निर्माण से ग्रामीणों को आवागमन में होने वाली कठिनाइयों से राहत मिलेगी। साथ ही किसानों को अपनी कृषि उपज बाजार तक पहुंचाने में सुविधा होगी और क्षेत्र का विकास भी गति पकड़ेगा। मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर सड़क नेटवर्क उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। क्षेत्रवासियों की मांग पर लोक निर्माण विभाग ने दोनों सड़कों के प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजे थे, जिन्हें अब स्वीकृति मिल गई है। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण से शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और व्यापारिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा तथा ग्रामीणों का सफर पहले की तुलना में अधिक सुरक्षित और आसान होगा। लोक निर्माण विभाग के अपर सहायक अभियंता सत्यपाल सिंह ने बताया कि शासन से मंजूरी मिलने के बाद अब टेंडर प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी। सभी औपचारिकताएं पूरी होते ही निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा।

## वार्ड-12 में निर्माणाधीन सड़क का पालिकाध्यक्ष ने किया निरीक्षण, गुणवत्ता पर दिया जोर

जागरण मोर्चा कार्यालय



वार्ड-12 में निर्माणाधीन सड़क का निरीक्षण करते पालिकाध्यक्ष रमेश जोशी।

**खटीमा।** नगर पालिका परिषद खटीमा के अध्यक्ष रमेश चंद जोशी ने सोमवार को वार्ड संख्या-12 में निर्माणाधीन सड़क का स्थलीय निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी को निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पालिकाध्यक्ष ने स्थानीय लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं और सुझाव भी सुने। उन्होंने वार्ड में सड़क, जल निकासी, स्वच्छता, पेयजल तथा प्रकाश व्यवस्था समेत विभिन्न जनसुविधाओं को लेकर नागरिकों से चर्चा की। रमेश चंद जोशी ने कहा कि नगर क्षेत्र के सभी वार्डों में विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना नगर पालिका परिषद की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा जनसमस्याओं के त्वरित समाधान के लिए परिषद लगातार कार्य कर रही है। इस अवसर पर वार्ड-12 के सभासद लक्ष्मण सिंह भंडारी, रमेश सिंह, पुष्कर भंडारी, जीवन सामंत, कमल चौहान सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## कैमरा तोड़कर विद्यालय में चोरी करने वाला गिरफ्तार



जागरण मोर्चा कार्यालय

**सितारगंज।** राजकीय विद्यालय में सीसीटीवी कैमरा तोड़कर चोरी करने के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से चोरी हुई स्पे मशीन बरामद की गई हैं। राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कुंवरपुर के बंद परिसर का ताला तोड़कर विद्यालय से चोर स्प्रे मशीन चुरा ले गया। चोर ने विद्यालय में लगा सीसीटीवी कैमरा भी तोड़ दिया। प्रधानाचार्य विकाश पाण्ड्य द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी। मुखबिर की सूचना पर कोतवाल सुंदरम शर्मा, वरिष्ठ उप निरीक्षक जावेद मलिक, कस्बा इंचार्ज कैलाश देव, सिपाही भुवन, अशोक बोरा की टीम ने आरोपी रोशन लाल पुत्र रामशकल, निवासी ग्राम गोठा, को बेगुल डाम जाने वाले मार्ग से गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से विद्यालय से चोरी की गई स्प्रे मशीन बरामद हुई हैं।

## एबीवीपी स्थापना दिवस पर प्रतिभाओं का सम्मान माउंट एवरेस्ट विजेता तिला सेन हुई सम्मानित

जागरण मोर्चा कार्यालय



एबीवीपी स्थापना दिवस पर मौजूद अतिथि व प्रतिभागी। -जागरण मोर्चा

**खटीमा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के स्थापना दिवस के अवसर पर खटीमा में सांस्कृतिक एवं प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मेहंदी एवं नृत्य प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ, जिसमें क्षेत्र की छात्राओं और कलाकारों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग कर अपनी कला और प्रतिभा का प्रदर्शन किया। नृत्य प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। निर्णायकों के निर्णय के अनुसार नृत्य प्रतियोगिता में साक्षी ने प्रथम, निहारिका ने द्वितीय तथा भूमिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं मेहंदी प्रतियोगिता में भी छात्राओं ने सुंदर कलाकृतियां बनाकर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का परिचय दिया। कार्यक्रम का संचालन वंशिका शुक्ला ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख सरिता राणा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में माउंट एवरेस्ट विजेता पर्वतारोही तिला सेन उपस्थित रहीं। इस अवसर पर तिला सेन को शॉल ओढ़ाकर, बैज पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। ब्लॉक प्रमुख सरिता राणा ने कहा कि तिला सेन की उपलब्धि क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणादायक है और उनकी सफलता से नई पीढ़ी को अपने सपनों को साकार करने की प्रेरणा मिलेगी। कार्यक्रम में एबीवीपी की राष्ट्र कार्यकारिणी सदस्य शिप्रा बसेड़ा सहित परिषद के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। आयोजन को सफल बनाने में आकाश वर्मा, कोमल शर्मा, किरन रौतेला, कोमल और सानिया राणा सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**कामयाबी** इसी मामले के अन्य आरोपियों की तलाश में सरगर्मी से जुटी पुलिस

## बरी अंजनिया फायरिंग एवं भूमि कब्जा प्रकरण में चौथा आरोपी गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय



बरी अंजनिया फायरिंग एवं भूमि कब्जा प्रकरण में गिरफ्तार आरोपी।

**खटीमा।** ग्राम बरी अंजनिया में भूमि पर अवैध कब्जे के प्रयास और फायरिंग के चर्चित मामले में खटीमा पुलिस ने फरार चल रहे चौथे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को न्यायालय में पेश किए जाने की कार्रवाई की जा रही है, जबकि मामले में अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार, 5 जुलाई 2026 को ग्राम बरी अंजनिया निवासी चंद्र बदन जोशी ने कोतवाली खटीमा में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि कुछ लोग वाहनों से उनकी भूमि पर पहुंचे, जबरन कब्जा करने का प्रयास किया और विरोध करने पर गाली-गलौज की। इसी दौरान एक आरोपी ने तमंचे से फायर कर जान से मारने की कोशिश की। घटना में वादी बाल-बाल बच गया। पुलिस ने मामले में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। घटना की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक रुद्रपुर, क्षेत्राधिकारी खटीमा तथा प्रभारी निरीक्षक विजेंद्र शाह के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। पुलिस ने आसपास के क्षेत्रों के 200 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगालते हुए आरोपियों की तलाश शुरू की। इस मामले में तीन आरोपियों को पहले ही 8 जुलाई को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। जांच के दौरान प्रकाश में आए चौथे आरोपी तरुण सिंह उर्फ लक्खा पुत्र मक्खन सिंह (20 वर्ष), निवासी मलिख नजीर, थाना नानकमत्ता को पुलिस ने नानकमत्ता क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को न्यायालय में पेश किया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि प्रकरण में अन्य आरोपियों की तलाश और वैधानिक कार्रवाई जारी है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक विजेंद्र शाह, वरिष्ठ उपनिरीक्षक के.सी. आर्या, उपनिरीक्षक राकेश राय (विवेचक), हेड कांस्टेबल मनोज देवलाल तथा कांस्टेबल जगदीश नगरकोटी शामिल रहे।

## करोड़ों की काली कमाई जुटाने वाला सेवानिवृत्त एआरटीओ ललित कुमार गिरफ्तार

**लखनऊ।** परिवहन विभाग के रिटायर सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (एआरटीओ) ललित कुमार को विजिलेंस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। उन्हें अदालत में पेश किया गया, जहां से 14 दिन की न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। विजिलेंस ने आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में जांच में सहयोग नहीं करने पर यह कार्रवाई की है। बता दें कि बीती 7 और 8 जुलाई को ललित कुमार के ठिकानों पर विजिलेंस के छापे में 35 करोड़ की काली कमाई के ठोस प्रमाण मिले थे। एसपी विजिलेंस बबिता सिंह ने बताया कि ललित कुमार के अलीगंज स्थित आवास पर छापे में 1.62 करोड़ रुपये नकदी, करीब 10 करोड़ रुपये कीमत के सोने-चांदी के बिस्किट और लखनऊ, नोएडा समेत कई जिलों में 15 से अधिक संपत्तियों के दस्तावेज आदि बरामद किए गए थे।

## सीएम धामी युवा कैबिनेट मंत्री बहुगुणा की आँखों से देखेंगे बड़ी योजनाएं

### धामी कैबिनेट में बढ़ा कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा का कद

जागरण मोर्चा कार्यालय

**सितारगंज।** क्षेत्र के विधायक और सूबे के कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की कैबिनेट में शिखर के पायदान हैं। सीएम धामी ने 5 करोड़ की लागत वाली योजनाओं की फाइल की जिम्मेदारी कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा को प्रदान कर उनका कद बढ़ा दिया है। कैबिनेट मंत्री ने खेल शिक्षा और सेवा से राजनीति तक का सफर तय किया हैं। राजनीति में आने से पहले वह गोल्फ के मैदान में भारत का परचम भी लहरा चुके हैं। कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने खेल के मैदान से राजनीति का सफर तय किया है। उत्तराखंड की राजनीति में सौरभ बहुगुणा उभरते चेहरे हैं। जिनकी पहचान केवल पद से नहीं, बल्कि सोच, काम और परिणामों से बनी मानी जाती हैं। जनता से सीधी बात, हर वर्ग का विकास, फैसलों को धरातल पर उतारने की ताकत ये सब गुण, बहुगुणा को विरासत में मिला हुआ है। कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा के दादा स्व हेमवती नंदन बहुगुणा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री रहे। उनकी दादी सांसद रही। कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा के पिता विजय बहुगुणा उत्तराखंड के मुख्यमंत्री रहे। राजनीतिक विरासत से निकले सौरभ बहुगुणा ने इस जिम्मेदारी को खुद के कंधों पर बखूबी उठाया।

### राजनीतिक सफर में रहे अग्रणी



**सितारगंज।** कैबिनेट मंत्री सौरभ बांग्ला ने वर्ष 2017 में भाजपा की सदस्यता लेकर चुनाव लड़ा और भारी मतों से विजय हुए थे। हालांकि वर्ष 2012 में उन्होंने अपने पिता पूर्व सीएम विजय बहुगुणा के विधानसभा क्षेत्र सितारगंज में एक प्रतिनिधि के रूप में जनता की समस्याओं का समाधान किया था। वर्ष 2022 में उन्होंने विधानसभा क्षेत्र से भाजपा की टिकट पर प्रचंड जीत हासिल की।

### 9 वर्षों में 600 करोड़ की योजनाओं की लागू

**सितारगंज।** कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने अपने 9 वर्षों के कार्यकाल में लगभग 600 करोड़ की योजनाओं को मूर्त रूप देकर क्षेत्र में विकास के आयाम स्थापित कर दिए। लगभग 80 करोड़ की लागत है राज्य का पहला एक्वा पार्क निर्माणाधीन हैं। सितारगंज और शक्तिफार्म के हजारों पट्टा धारकों को भूमिधारी अधिकार दिलाकर दशकों पुरानी मांग पूरी की। 72 करोड़ की लागत से सितारगंज में आंचल फैक्ट्री और मिल्क पाउडर निर्माण योजना को मंजूरी दिलाई। सितारगंज में रोडवेज बस स्टेशन निर्माण, सरकारी अस्पताल का उच्चीकरण, पार्क, पार्किंग निर्माण, पुल निर्माण और गली, कूचों को पक्की सड़क में निर्मित कर मुख्य सड़कों से जोड़ दिया।

### एक नजर

**'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान से जुड़ा खाद्य विपणन विभाग**

**पीलीभीत।** पर्यावरण संरक्षण को जनभागीदारी से जोड़ने के उद्देश्य से चलाए जा रहे 'एक पेड़ माँ के नाम' महाअभियान के अंतर्गत रविवार को जिला खाद्य विपणन विभाग ने भी हरियाली बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की। जिला खाद्य विपणन अधिकारी कार्यालय परिसर में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में अधिकारियों, कर्मचारियों और राइस मिलर्स ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाकर प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सम्भागीय खाद्य विपणन अधिकारी, बरेली ने जिला खाद्य विपणन अधिकारी के साथ पीपल एवं विभिन्न फलदार पौधों का रोपण कर अभियान का शुभारंभ किया। इसके बाद विपणन निरीक्षकों, क्रय केंद्र प्रभारियों, राइस मिलर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधियों तथा विभागीय कर्मचारियों ने भी उत्साहपूर्वक पौधे लगाए और उनके संरक्षण का सामूहिक संकल्प लिया। इस अवसर पर अधिकारियों ने कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण को संतुलित नहीं रखते, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ हवा, छाया और जीवन भी प्रदान करते हैं।

# ट्रक की डीजल टंकी में वेल्डिंग के दौरान जोरदार धमाका, तीन गंभीर रूप से घायल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बीसलपुर।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम जोगीठेर में सोमवार को एक बड़ा हादसा हो गया। यहाँ एक ट्रक की डीजल टंकी में वेल्डिंग करते समय अचानक जोरदार ब्लास्ट हो गया। इस हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें आनन-फानन में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

ग्राम जोगीठेर निवासी बालकृष्ण ट्रक (संख्याः यूपी 25 सीटी 4086) की डीजल टंकी में लीकेज था। लीकेज ठीक कराने के लिए बालकृष्ण का पुत्र रवि और ट्रक चालक वाहिद अली टंकी को निकालकर जोगीठेर स्थित मोनिस वेल्डिंग दुकान पर ले गए थे। जब मोनिस डीजल टैंक की वेल्डिंग कर रहा था, तभी अत्यधिक गर्मी और टंकी के भीतर गैस बनने के कारण अचानक जोरदार ब्लास्ट हो गया। धमाका इतना तेज था कि टंकी के परखच्चे उड़ गए और आसपास हड़कंप मच गया।

घटना की सूचना मिलते ही पीआरवी और स्थानीय पुलिस बल तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने सभी घायलों को तत्काल इलाज के लिए भिजवाया। गंभीर रूप से घायल राजू को इलाज के लिए बरेली रेफर किया गया है। वहीं मोनिस और वाहिद को पहले सीएचसी बरखेड़ा ले जाया गया जहाँ से उनकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है। पुलिस प्रशासन के अनुसार, घटनास्थल पर फिलहाल शांति व्यवस्था पूरी तरह सामान्य है और मामले की जांच की जा रही है।



डीजल टंकी फटने के बाद मौके पर लगी भीड़। –जागरण मोर्चा

# 70 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों के लिए राहत की पहल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** जिले के 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य सुरक्षा का लाभ दिलाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने विशेष पहल की है। अब ऐसे पात्र बुजुर्गों को आयुष्मान भारत योजना का लाभ दिलाने के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा। कलेक्ट्रेट परिसर में 14 जुलाई से प्रतिदिन विशेष शिविर आयोजित किया जाएगा, जहां मौके पर ही आयुष्मान कार्ड बनाकर पात्र लाभार्थियों को योजना से जोड़ा जाएगा। जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि यह विशेष अभियान उन वरिष्ठ नागरिकों को ध्यान में रखकर शुरू किया जा रहा है, जो अब तक किसी कारणवश आयुष्मान कार्ड नहीं बनवा सके हैं। शिविर प्रतिदिन सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक संचालित होगा। प्रशासन का प्रयास है कि जिले का कोई भी पात्र बुजुर्ग स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के लाभ से वंचित न रहे। आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को सूचीबद्ध अस्पतालों में गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए प्रतिवर्ष पांच लाख रुपये तक की निःशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। बढ़ती उम्र में इलाज का खर्च कई परिवारों के लिए बड़ी चुनौती बन जाता है। ऐसे में यह कार्ड वरिष्ठ नागरिकों के लिए आर्थिक सुरक्षा के साथ-साथ बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का भरोसा भी देगा। जिलाधिकारी ने सभी पात्र बुजुर्गों एवं उनके परिवार के सदस्यों से अपील की है कि वे इस अभियान को गंभीरता से लें और निर्धारित समय पर कलेक्ट्रेट पहुंचकर आयुष्मान कार्ड अवश्य बनवाएं। उन्होंने कहा कि जिन बुजुर्गों को चलने-फिरने में कठिनाई होती है, उनके परिजन उन्हें शिविर तक पहुंचाने में सहयोग करें, ताकि भविष्य में किसी गंभीर बीमारी की स्थिति में उन्हें इलाज के लिए आर्थिक परेशानियों का सामना न करना पड़े। शिविर में कार्ड बनाने की सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पहले से सुनिश्चित की गई हैं। लाभार्थियों को केवल अपना आधार कार्ड साथ लाना होगा। सत्यापन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद आयुष्मान कार्ड तैयार कर दिया जाएगा। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि शिविर में आने वाले प्रत्येक वरिष्ठ नागरिक के साथ सम्मानजनक व्यवहार किया जाए। किसी भी बुजुर्ग को अनावश्यक इंतजार या असुविधा न हो, इसके लिए सभी व्यवस्थाएं सरल, पारदर्शी और त्वरित रखी जाएं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का भी मानना है कि समय रहते आयुष्मान कार्ड बनवा लेने से जरूरत पड़ने पर महंगे इलाज का बोझ काफी हद तक कम हो सकता है। ऐसे में जिला प्रशासन का यह विशेष अभियान वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्वास्थ्य सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण और जनहितकारी कदम माना जा रहा है।

# गुर्दा रोग से परेशान युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

जागरण मोर्चा कार्यालय



रोते बिलखते परिजन। –जागरण मोर्चा

**बीसलपुर।** नगर के मोहल्ला दुर्गा प्रसाद निवासी स्वर्गीय सत्यपाल प्रजापति के 30 वर्षीय पुत्र सुरजीत प्रजापति पिछले डेढ़ बर्ष से गुर्दा रोग से पीड़ित चल रहे थे। 90% गुर्दे खराब हो चुके थे। बीमारी की वजह से युवक शारीरिक रूप से काफी परेशान था। बुखार के कारण गर्मी में भी पंखानहीं चला पाता थाऔर पानी नहीं पी पाता था। रविवार को रात्रि 11 बजे के आसपास कमरे में रोशनदान में दुपट्टा बांधकर युवक ने जीवन लीला समाप्त कर ली। सुबह परिजनों ने युवक के कमरे का दरवाजा अंदर से फिड़ा हुआ देखा। बहन प्रज्ञा ने भाई को आवाज दी। कोई जवाब नहीं आया तो दरवाजा खोलकर देखा। युवक का शब फंदे पर झूलता हुआ देखा। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई। शब को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजागया है। मृतक की बड़ी बहन राजकुमारी ने बताया रामलीला रोड पर उनका मकान निर्माणाधीन है वह अपने भाई विश्वजीत, छोटी बहन प्रज्ञा व मृतक भाई सुरजीत के साथ सूरज कॉलोनी में किराए के मकान में रहे थे। मां महाराज रानी व पिता की पहले ही मृत्यु हो चुकी है। वह चारों भाई-बहन एक साथ रह रहे हैं। भाई सुरजीत गुर्दा रोग से पीडत था। बीमारी के कारण काफी परेशान था। उपचार से उसे लाभ नहीं मिल रहा था। इसीलिए उसने रविवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक की मौत से परिवार में शोक छाया हुआ है। प्रभारी निरीक्षक संजीव शुक्ला ने बताया कि युवक क शबको पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा गया है।



मृतक सुरजीत।

# भाजपा संगठन की मजबूती पर मंथन, बरेली परिक्षेत्र की बैठक में जुटे जनप्रतिनिधि

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक विस्तार और आगामी कार्यक्रमों की रणनीति को लेकर सोमवार को बरेली में आयोजित परिक्षेत्र स्तरीय महत्वपूर्ण बैठक में बरखेड़ा विधायक एवं महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने सहभागिता की। बैठक में संगठन को और अधिक सशक्त बनाने, बूथ स्तर तक सक्रियता बढ़ाने तथा आगामी अभियानों को प्रभावी ढंग से संचालित करने पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के मुख्य अतिथि भाजपा के उत्तर प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह रहे। उन्होंने संगठन के पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए पार्टी की रीति-नीति, संगठनात्मक अनुशासन और जनसंपर्क को और अधिक मजबूत बनाने पर बल दिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। बैठक में केंद्रीय राज्य मंत्री बी.एल. वर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य, क्षेत्रीय अध्यक्ष पूरनलाल लोधी, क्षेत्रीय महामंत्री राकेश मिश्र 'अनावा', सांसद छत्रपाल गंगवार, विधायक बाबूराम पासवान आदि मौजूद रहे।



भाजपा की बरेली परिक्षेत्र की संगठनात्मक बैठक में मुख्य अतिथि संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह का मार्गदर्शन प्राप्त करते बरखेड़ा विधायक एवं महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद महाराज तथा उपस्थित केंद्रीय राज्य मंत्री, सांसद, विधायक एवं भाजपा पदाधिकारी। –जागरण मोर्चा

### संक्षेप समाचार

## दो दिन के विशेष अभियान में 82 वाहनों पर कार्रवाई, 3.01 लाख का जुर्माना





पीलीभीत के टोल प्लाजा पर नशे में वाहन चलाने, प्रेशर हॉर्न, हूटर, मॉडिफाइड साइलेंसर और फॉल्टी नंबर प्लेट के खिलाफ सघन चेकिंग करती पुलिस टीम।

**पीलीभीत।** सड़क सुरक्षा को लेकर पीलीभीत पुलिस ने जिले के टोल प्लाजाओं पर दो दिवसीय विशेष अभियान चलाकर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की। 11 और 12 जुलाई को चले इस अभियान में नशे की हालत में वाहन चलाने, मॉडिफाइड साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न, हूटर-सायरन, नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने तथा हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) संबंधी नियमों का उल्लंघन करने वाले 82 वाहनों का चालान किया गया। इस दौरान कुल 3,01,500 का शमन शुल्क अधिरोपित किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा तथा पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के निर्देशों के क्रम में पुलिस अधीक्षक पीलीभीत के नेतृत्व में यह अभियान जिले के दोनों टोल प्लाजाओं पर चलाया गया। अभियान में थाना बीसलपुर, थाना गजरौला और यातायात पुलिस की संयुक्त टीमों ने वाहनों की सघन जांच की। पुलिस के अनुसार अभियान के दौरान नशे की हालत में वाहन चलाने (ड्रंक एंड ड्राइव) के 12, मॉडिफाइड साइलेंसर के 5, प्रेशर हॉर्न, हूटर एवं सायरन के 41, नाबालिग द्वारा वाहन चलाने के 1 तथा फॉल्टी नंबर प्लेट एवं एचएसआरपी नियमों के उल्लंघन के 15 चालान किए गए। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से इस प्रकार के अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे। उन्होंने वाहन चालकों से अपील की कि वे यातायात नियमों का पालन करें, नशे की हालत में वाहन न चलाएं तथा अपने वाहनों में मानक के अनुरूप नंबर प्लेट और अन्य उपकरणों का ही प्रयोग करें। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## जनसमस्याओं को लेकर भाकपा (माले) का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन




कलेक्ट्रेट परिसर में विभिन्न जनसरोकारों से जुड़े मुद्दों को लेकर प्रदर्शन करते हुए भाकपा (माले) के कार्यकर्ता तथा राष्ट्रपति के नाम संबोधित नौ सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपते पार्टी की केंद्रीय कमेटी सदस्य कामरेड कृष्णा अधिकारी, जिला प्रभारी अफरोज आलम एवं अन्य पदाधिकारी।। –जागरण मोर्चा

**पीलीभीत।** वामपंथी दलों के देशव्यापी आह्वान पर सोमवार को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) लिबरेशन के कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन कर केंद्र और प्रदेश सरकार की नीतियों के खिलाफ विरोध जताया। कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने विभिन्न जनसरोकारों से जुड़े मुद्दों को उठाते हुए नारेबाजी की और बाद में राष्ट्रपति के नाम संबोधित नौ सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। प्रदर्शन का नेतृत्व भाकपा (माले) की केंद्रीय कमेटी सदस्य कामरेड कृष्णा अधिकारी ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में मेरठ में चर्चित ललिता गौतम हत्या एवं दुष्कर्म प्रकरण का उल्लेख करते हुए कहा कि घटना के दोषियों की जल्द गिरफ्तारी होनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि पीड़ित परिवार और न्याय की मांग कर रहे लोगों के साथ पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई लोकतांत्रिक मूल्यों के अनुरूप नहीं है। पार्टी ने इस मामले की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा किसी भी सरकार की सबसे बड़ी जिम्मेदारी होती है। यदि गंभीर आपराधिक मामलों में समय पर कार्रवाई नहीं होती और विरोध दर्ज कराने वालों पर ही कार्रवाई की जाती है, तो इससे आम लोगों का कानून व्यवस्था पर विश्वास कमजोर होता है। पार्टी ने मांग की कि पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए निष्पक्ष एवं त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। अपने संबोधन में कृष्णा अधिकारी ने प्रतियोगी परीक्षाओं में लगातार सामने आ रहे पेपर लीक के मामलों का भी मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि बार-बार परीक्षा पत्र लीक होने से लाखों युवाओं की मेहनत प्रभावित हो रही है और उनका भविष्य असमंजस में पड़ रहा है। उन्होंने परीक्षा प्रणाली को पारदर्शी एवं जवाबदेह बनाने की आवश्यकता पर बल देते हुए दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की। भाकपा (माले) के जिला प्रभारी अफरोज आलम ने प्रदेश में चल रही बुलडोजर कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए कहा कि किसी भी कार्रवाई में संविधान और कानून के प्रावधानों का पालन होना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि गरीब और कमजोर वर्ग के लोगों को निशाना बनाए जाने की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। उन्होंने पीलीभीत टाइगर रिजर्व और प्रस्तावित लेपर्ड सफारी परियोजना का भी उल्लेख किया। उनका कहना था कि जंगलों से सटे गांवों में रहने वाले लोगों की आजीविका, खेती और सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि वन्यजीवों के कारण किसानों की फसलों को हो रहे नुकसान और ग्रामीणों की समस्याओं का स्थायी समाधान निकाला जाए तथा विकास और वन संरक्षण की योजनाओं में स्थानीय लोगों के हितों की अनदेखी न हो। प्रदर्शन के दौरान पार्टी नेताओं ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनता को अपनी बात शांतिपूर्ण ढंग से रखने का अधिकार है।

# सीएम डैशबोर्ड में पिछड़ी पीलीभीत की रैंकिंग, डीएम का सख्त संदेश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर जिले की रैंकिंग में आई गिरावट को जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने प्रशासनिक लापरवाही का गंभीर संकेत मानते हुए बड़ी कार्रवाई की है। जिले की समग्र रैंकिंग में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं होने और कई विभागों के कार्यों में सुस्ती सामने आने पर जिलाधिकारी ने आठ उपजिलाधिकारियों (एसडीएम) समेत कुल 16 अधिकारियों का वेतन अग्रिम आदेश तक रोकने के निर्देश जारी कर दिए। साथ ही सभी अधिकारियों से विस्तृत स्पष्टीकरण भी तलब किया गया है। इस कार्रवाई के बाद जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों में जवाबदेही और कार्य संस्कृति को लेकर नई चर्चा शुरू हो गई है।

मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की जून माह की समीक्षा में पीलीभीत की स्थिति संतोषजनक नहीं पाई गई। जिले की ओवरऑल रैंकिंग शीर्ष दस जिलों से खिसककर काफी नीचे पहुंच गई, जबकि विकास कार्यों से जुड़े कई मानकों पर भी प्रदर्शन कमजोर रहा। समीक्षा के दौरान यह भी सामने आया कि कुछ विभाग समयबद्ध तरीके से योजनाओं का क्रियान्वयन और शिकायतों का निस्तारण नहीं कर सके।

जिलाधिकारी ने इसे प्रशासनिक कार्यशैली में सुधार की आवश्यकता बताते हुए तत्काल कार्रवाई का निर्णय लिया। कार्रवाई की जद में आए अधिकारियों में जिले के सभी आठ एसडीएम के अलावा जिला विकास अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला सेवायोजन अधिकारी, सहायक जिला सेवायोजन अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला गन्ना अधिकारी, जिला आबकारी अधिकारी तथा जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक शामिल हैं। इन अधिकारियों का वेतन रोकते हुए स्पष्ट किया गया है कि जब तक उनके विभागीय प्रदर्शन में अपेक्षित सुधार नहीं दिखाई देगा, तब तक वेतन निर्गत नहीं किया जाएगा। जिलाधिकारी ने समीक्षा बैठक में कहा कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन प्रत्येक अधिकारी की जिम्मेदारी है।

मुख्यमंत्री डैशबोर्ड केवल आंकड़ों का माध्यम नहीं, बल्कि आम जनता तक सरकारी योजनाओं की वास्तविक पहुंच का पैमाना है। ऐसे में किसी भी स्तर पर लापरवाही या उदासीनता स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने अपर जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि सभी विभागों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए और जिन बिंदुओं पर जिले की रैंकिंग प्रभावित हुई है, वहां तत्काल सुधारात्मक कदम उठाए जाएं।

# ग्रामीण क्षेत्रों में राष्ट्रीय हनुमान दल की सेवा संकल्प बैठकें, नई टीम का गठन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** राष्ट्रीय हनुमान दल द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के गौहर और कबीरगंज गांव में श्री हनुमंत सेवा संकल्प बैठक आयोजित की गई। बैठकों में संगठन विस्तार, सनातन संस्कृति के संरक्षण और सेवा कार्यों को बढ़ावा देने का संकल्प लिया गया। गौहर गांव में आयोजित पहली बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अमित गुप्ता ने की। मुख्य वक्ता एवं जिला संरक्षक जगदीश सक्सेना ने युवाओं और मातृशक्ति से समाजहित में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने सनातन संस्कृति, संस्कारों, धर्म रक्षा, मठ-मंदिरों की सुरक्षा, लव जिहाद और धर्मांतरण जैसे विषयों पर विचार व्यक्त किए। इस दौरान विशेष सेवा टीम के गठन की घोषणा की गई। बैठक में प्रत्येक मंगलवार को हनुमान चालीसा के माध्यम से सेवा कार्य करने तथा "पांच परिवर्तन" अपनाने का संकल्प लिया गया।

साथ ही "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के अंतर्गत प्रत्येक व्यक्ति से एक पौधा लगाने और उसकी देखभाल करने का आह्वान किया गया। कबीरगंज गांव में आयोजित दूसरी बैठक में संगठन के विस्तार के लिए नई टीम का गठन किया गया। जिला अध्यक्ष अमित गुप्ता ने कार्यकर्ताओं को समाज को संगठित कर सनातन मूल्यों और सेवा कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर अनिल राजपूत को ब्लॉक अध्यक्ष (करीमगंज) तथा वीरेंद्र कश्यप को ब्लॉक अध्यक्ष (गौहर) का दायित्व सौंपा गया। बैठक में जिला प्रवक्ता रामानुज अवस्थी, जिला संयोजक राकेश मौर्य, नगर संयोजक आदित्य राना, नगर मंत्री ललित सागर, विधानसभा अध्यक्ष धर्मेंद्र मौर्य, सजल मिश्रा, पीयूष सागर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं सदस्य उपस्थित रहे।



नई टीम के गठन के समय मौजूद राष्ट्रीय हनुमान दल के कार्यकर्ता। –जागरण मोर्चा

### सराहनीय

**'सर्वश्रेष्ठ क्लब' समेत कई पुरस्कारों पर जमाया कब्जा, सामाजिक सेवा के कार्यों को मिली प्रदेश स्तर पर पहचान**

# मंडलीय सम्मान समारोह में रोटरी क्लब पीलीभीत का शानदार प्रदर्शन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** समाज सेवा के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय रहने वाले रोटरी क्लब पीलीभीत ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्ट कार्यशैली का परिचय देते हुए मंडलीय स्तर पर आयोजित वार्षिक सम्मान समारोह में कई महत्वपूर्ण पुरस्कार अपने नाम किए। बरेली में आयोजित इस समारोह में क्लब को 'सर्वश्रेष्ठ क्लब' के प्रतिष्ठित सम्मान सहित विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि से क्लब के सदस्यों में उत्साह का माहौल है। समारोह में क्लब के तत्कालीन अध्यक्ष डॉ. अनिल सक्सेना को शहर के कचहरी तिराहे पर विश्व शांति स्तंभ की स्थापना जैसी अभिनव पहल और समाज हित में किए गए उल्लेखनीय कार्यों के लिए 'सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष' का पुरस्कार प्रदान किया गया। वहीं क्लब के सचिव कपीश अग्रवाल को संगठन संचालन, सेवा गतिविधियों के सफल क्रियान्वयन एवं बेहतर प्रशासनिक कार्यशैली के लिए 'सर्वश्रेष्ठ सचिव' के सम्मान से नवाजा गया। रोटरी क्लब पीलीभीत को वर्षभर संचालित जनहितकारी अभियानों के लिए भी मंडलीय स्तर पर विशेष पहचान मिली। क्लब द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर, निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, वृक्षारोपण अभियान, शिक्षक सम्मान समारोह तथा मेधावी छात्र सम्मान कार्यक्रम जैसे सामाजिक सरोकारों से जुड़े आयोजनों को सराहते हुए विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार प्रदान किए गए। इस अवसर पर क्लब के वरिष्ठ सदस्य एवं मंडलीय रक्तदान कार्यक्रम प्रभारी डॉ. एस.पी.एस. संधू को रक्तदान जागरूकता एवं सेवा कार्यों में उल्लेखनीय योगदान के लिए विशेष सम्मान दिया गया। वहीं मंडलीय मुख्य सचिव देवेश बंसल को भी संगठनात्मक कार्यों में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। रोटरी क्लब पीलीभीत की इस उपलब्धि पर वर्तमान अध्यक्ष मुरली मनोहर अग्रवाल ने कहा कि यह सम्मान पूरे क्लब परिवार के सामूहिक प्रयासों और सेवा भावना का परिणाम है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी क्लब शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और मानवीय सेवा के क्षेत्र में इसी समर्पण के साथ कार्य करता रहेगा। क्लब की सफलता पर सचिव विजय जायसवाल, सतीश जायसवाल, अवधेश गुप्ता, राकेश अग्रवाल, देवेंद्र छाबड़ा, डॉ. मनोज गुप्ता, डॉ. राहुल शर्मा, राहुल अग्रवाल, रचित अग्रवाल, ईश बंसल, हेमंत जगोता, रवि अग्रवाल सहित सभी सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए सम्मान प्राप्त करने वाले पदाधिकारियों एवं क्लब परिवार को शुभकामनाएं दीं।




बरेली में आयोजित रोटरी मंडल के वार्षिक सम्मान समारोह में पुरस्कार प्राप्त करने के बाद रोटरी क्लब पीलीभीत के पदाधिकारी एवं सदस्य। –जागरण मोर्चा



तहसीलदार को ज्ञापन देते लोग। –जागरण मोर्चा

# दलित हत्याकांड को लेकर विरोध प्रदर्शन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** मेरठ के चर्चित दलित ललिता देवी गौतम हत्याकांड को लेकर सोमवार को तहसील में क्षेत्र के विभिन्न सामाजिक संगठनों ने तहसील परिसर पहुंच कर विरोध प्रदर्शन कर राष्ट्रपति, राज्यपाल,प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। प्रदर्शनकारियों ने हत्याकांड की निष्पक्ष एवं त्वरित जांच कर दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार करने तथा उनके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग उठाई। प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने कहा कि ललिता देवी गौतम की हत्या ने पूरे समाज को झकझोर कर रख दिया है। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाएं कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करती हैं और यदि दोषियों के खिलाफ समय रहते सख्त कार्रवाई नहीं की गई तो आम जनता का न्याय व्यवस्था से विश्वास कमजोर होगा। सामाजिक संगठनों ने मांग की कि मामले की जांच निष्पक्ष एजेंसी से कराई जाए ताकि किसी भी दोषी को बचने का अवसर न मिले।







## एक नजर

### एक पेड़ मां के नाम के तहत पूरनपुर देहात में पौधारोपण

**पूरनपुर।** सोमवार को शासन की महत्वाकांक्षी पहल 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत नगर के पूरनपुर देहात में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए और उपस्थित लोगों से पर्यावरण संरक्षण तथा अधिक से अधिक वृक्ष लगाने की अपील की गई। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए पौधारोपण सबसे प्रभावी उपायों में से एक है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपनी मां के सम्मान और प्रकृति के संरक्षण के लिए कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए तथा उसकी नियमित देखभाल भी करनी चाहिए, ताकि वह विकसित होकर पर्यावरण संरक्षण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सके। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने पौधारोपण के साथ-साथ पौधों के संरक्षण का भी संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि वृक्ष मानव जीवन के लिए अमूल्य हैं। ये न केवल शुद्ध वायु और छाया प्रदान करते हैं, बल्कि वर्षा, जैव विविधता और पर्यावरण संतुलन बनाने में भी महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।

# कटरा में गाटा संख्या 1349 की पैमाइश को लेकर लोगों में दहशत

## नगर पंचायत अध्यक्ष पूजा कसाना ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मीरानपुर कटरा (शाहजहांपुर)।** कटरा के अंदर चुंगी स्थित गाटा संख्या 1349 तालाब की पैमाइश को लेकर स्थानीय लोगों में चिंता का माहौल है। पैमाइश के दौरान टीम द्वारा मोहल्ला नादिरशाह और आतिशबाजान के मकानों की भी नाप की जा रही है, जिससे क्षेत्र के लोगों में भय व्याप्त है। पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र प्रकाश गुप्ता की शिकायत पर तिलहर एसडीएम जीत सिंह राय ने तहसीलदार निवेदिता ठाकुर के नेतृत्व में एक टीम बनाई। रविवार को राजस्व विभाग की टीम ने गाटा संख्या 1349 स्थित तालाब के आसपास स्थित मकान की नाप जोक शुरू की तो स्थानीय लोगों ने कार्रवाई को गलत बताते हुए निष्पक्ष जांच करने की मांग की।



एसडीएम तिलहर को ज्ञापन देते कटरा नगर पंचायत अध्यक्ष पूजा कसाना।

इस मामले को लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. पूजा कसाना, दानिश जीशान खान, आरिश खान, सभासद संजीव सैनी, मोहम्मद दानिश कुरैशी, विनीत रिंकू, सद्दाम अंसारी, मोहम्मद फैय्याज, सरदार अहमद सहित अन्य लोगों ने उपजिलाधिकारी जीत सिंह रॉय को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि पैमाइश के दौरान पुलिस बल के साथ टीम द्वारा आबादी वाले क्षेत्र में घरों की भी नाप की जा रही है, जिससे दोनों मोहल्लों के करीब 250 परिवारों में डर का माहौल है। बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे चिंतित हैं तथा लोगों को अपने मकान टूटने की आशंका सता रही है। ज्ञापन में मांग की गई कि टीम द्वारा घरों की हो रही पैमाइश तत्काल रोकी जाए तथा मौके पर मौजूद तालाब की भूमि को सुरक्षित रखते हुए निष्पक्ष तरीके से उसकी पैमाइश कराई जाए, ताकि आम नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। इस पर उपजिलाधिकारी जीत सिंह रॉय ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाएगी और केवल तालाब की भूमि की नियमानुसार पैमाइश कराई जाएगी, जिससे किसी भी निर्दोष व्यक्ति के साथ अन्याय न हो।

## बिहार की साइबर ठगी से जुड़े पीलीभीत के दो बैंक खाते, पुलिस ने दर्ज किया केस

**पीलीभीत।** बिहार में हुई साइबर ठगी की जांच करते हुए पुलिस की पड़ताल पीलीभीत तक पहुंच गई। जांच में शहर के दो बैंक खातों के माध्यम से संदिग्ध धनराशि के लेनदेन के साक्ष्य मिलने पर सुनगढ़ी पुलिस ने दोनों खाताधारकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। अब पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि खाताधारकों की भूमिका केवल खाते उपलब्ध कराने तक सीमित थी या वे पूरे नेटवर्क का हिस्सा थे। पुलिस के अनुसार, राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) पर दर्ज शिकायतों की जांच के दौरान छतरी चौराहा स्थित बंधन बैंक में संचालित एक खाते का लिंक बिहार के बगाहा में हुई ऑनलाइन ठगी से जुड़ा मिला। जांच में सामने आया कि ठगी से प्राप्त लाखों रुपये इस खाते में पहुंचे और बाद में चेक के माध्यम से निकाल लिए गए।

# एनडीपीएस के तीन साल पुराने मामले में एक दोषी

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बदायूं।** स्पेशल जज एनडीपीएस एक्ट सुरेंद्र पाल सिंह ने एनडीपीएस के करीब तीन साल पुराने मामले में एक अभियुक्त को जुर्म स्वीकार करने के आधार पर दोषी करार दिया। दोषी को जेल में बिताई अवधि की सजा सहित एक हजार रूपये अर्थदंडकी सजा सुनाई है।

विशेष लोक अभियोजक अतुल कुमार सिंह के अनुसार 16 सितंबर 2023 को थाना सहसवान के वरिष्ठ उप निरीक्षक जगवीर सिंह अपनी पुलिस पार्टी के साथ क्षेत्र में वास्ते रोकथाम जुर्म जरायम शांति व्यवस्था आदि व्यस्त थे। पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधार पर एक व्यक्ति को भज्जी की मढैया जाने वाले तिराहे से पकड़ा। पुलिस ने उस व्यक्ति नाम पता पूंछते हुये जामा तलाशी ली, तो उस व्यक्ति ने अपना नाम अब्दुल हसीब पुत्र रफीक निवासी ग्राम भवानीपुर खैरू थाना सहसवान बदायूं बताया और उसकी जामा तलाशी के दौरान प्लास्टिक के कट्टे में अफीम का नाजायज डोडा छिलका बरामद हुआ। पुलिस ने विवेचना के बाद पकड़े अभियुक्त अब्दुल हसीब के खिलाफ कोर्ट में आरोप पत्र प्रस्तुत किया। स्पेशल जज सुरेंद्र पाल सिंह ने पत्रावली का अवलोकन करने के पश्चात अभियोजन पक्ष और बचाव पक्ष की दलीलों को सुनने के बाद अभियुक्त अब्दुल हसीब को दोषी ठहराते हुए जेल में बिताई अवधि की सजा सहित एक हजार रुपये का अर्थदंड डाला है। जुर्माने की धनराशि जमा न करने पर अभियुक्त को 10 दिन का अतिरिक्त कठोर कारावास भुगतना होगा।

# योगी सरकार में 50 नवचयनित विद्युत सखियों को मिले थर्मल प्रिंटर, गांवों में बिजली बिल कलेक्शन होगा आसान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत संचालित विद्युत सखी योजना के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सोमवार को बरेली में बड़ा कदम उठाया गया। जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में नवचयनित 50 विद्युत सखियों को थर्मल प्रिंटर वितरित किए गए, जिससे वे गांव स्तर पर बिजली बिल संग्रहण का कार्य और अधिक सुगमता से कर सकें। जिले में वर्तमान समय में 312 विद्युत सखियां बिजली बिल संग्रहण का कार्य कर रही हैं। इनमें से नए पोर्टल पर सक्रिय 161 विद्युत सखियों को चरणबद्ध तरीके से थर्मल प्रिंटर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। योजना के तहत विद्युत सखी स्वयं सहायता समूह की सदस्य होती हैं और एंड्रॉयड फोन के माध्यम से उपभोक्ताओं के बिजली बिल जमा कराती हैं। उन्हें दो हजार रुपये तक के बिल पर 20 रुपये तथा दो हजार रुपये से अधिक के बिल पर एक प्रतिशत कमीशन दिया जाता है।





व्यापार मंडल की बैठक में शामिल व्यापारी। -जागरण मोर्चा

कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाली रेनू देवी, सीमा, पिंकी यादव, संजू साहू और सुमन को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सभी सम्मानित विद्युत सखियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि इस योजना से उनकी आय बढ़ी है और ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनने का अवसर मिला है। जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने सभी विद्युत सखियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि वे अधिक से अधिक बिजली बिल संग्रह कर बेहतर कमीशन अर्जित करें और 'लखपति दीदी' बनने का लक्ष्य हासिल करें। मुख्य विकास अधिकारी ने भी सभी विद्युत सखियों को शुभकामनाएं देते हुए योजना को ग्रामीण महिलाओं की आर्थिक उन्नति का प्रभावी माध्यम बताया। कार्यक्रम में उपायुक्त स्वतः रोजगार, ग्रामीण क्षेत्र के अधिशासी अभियंता (यूपीपीसीएल), जिला मिशन प्रबंधक, ब्लॉक मिशन प्रबंधक सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। ग्रामीण आजीविका मिशन के अधिकारियों ने बताया कि योजना का उद्देश्य महिलाओं को रोजगार के साथ गांवों में डिजिटल भुगतान व्यवस्था को भी मजबूत करना है।

# बिजली संविदा कर्मियों का धरना, मांगों पर बनी सहमति



जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिसौली।** उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन निविदा संविदा कर्मचारी संघ के बैनर तले बिजली संविदा कर्मियों ने विद्युत वितरण खंड कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि प्रशिक्षण के नाम पर वर्षों से कार्यरत कुशल श्रमिकों को हटाकर नए लोगों की नियुक्ति की जा रही है, जिससे उनके रोजगार पर संकट खड़ा हो गया है।

संविदा कर्मियों ने हटाए गए कर्मचारियों की पुनः नियुक्ति, बाहरी भर्तियों पर रोक तथा फील्ड में मानक के अनुसार तैनाती की मांग उठाई। इसके साथ ही सुरक्षा उपकरण, परिचय पत्र, ईएसआई कार्ड और साप्ताहिक अवकाश जैसी सुविधाएं देने की भी मांग की गई।

शाम को अधिशासी अभियंता नरेंद्र चौधरी के साथ वार्ता हुई, जिसमें विभाग द्वारा की जा रही कार्रवाई वापस लेने पर सहमति बनी। इस दौरान जिलाध्यक्ष धीरेंद्र कुमार सिंह सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## संक्षेप समाचार



### 2400 तीर्थों के जल-रज से युक्त शक्तिकलश और अखंड ज्योति का मातृशक्तियों ने किया पूजन

**बदायूं।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में अखंड ज्योति और वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा के शताब्दी वर्ष को लेकर निकली ज्योति कलश रथ यात्रा का श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत और ज्योति कलश का पूजन किया। मातृ-शक्तियों और देवकन्याओं ने भजन कीर्तन किए। शाम को विभिन्न गांवों कस्बों और शहरों से होती हुई ज्योति कलश रथ यात्रा कोल्हाई के मुरारी लाल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पहुंची। जहां शाम को विराट दीपयज्ञ का आयोजन हुआ। ओम और स्वास्तिक के रूप में सजे दीपकों की रोशनी आकर्षण का केंद्र रही। गायत्री परिवार के लीलाधर शर्मा, पंकज कुमार, भवेश शर्मा ने वेद मंत्रोच्चारण कर दीपयज्ञ संपन्न कराया। उन्होंने कहा कि श्रेष्ठ संस्कारों से जीवन पवित्र बन जाता है। गायत्री शक्तिपीठ के ट्रस्टी सुखपाल शर्मा ने ज्योति कलश रथ यात्रा का मार्गदर्शन कर रहे हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष वर्षा यादव, प्रबंधक नरेंद्र माहेश्वरी, प्रधानाचार्य बेबी माहेश्वरी, प्रधान पप्पू मौर्य, जगदीश यादव और आत्मीय परिजनों और गणमान्य नागरिकों ने ज्योति कलश का भव्य स्वागत पूजन किया। शाम को कोल्हाई विराट दीपयज्ञ हुआ। गायत्री परिजन डा.सोहनपाल ने बताया कि कोल्हाई के मुरारी लाल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सुबह आठ बजे पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ होगा। इस मौके पर डा.सोहन पाल सिंह, सौरभ पाल, ओमेंद्र पाल, लालमन, तेज सिंह, ज्ञान चंद्र पाल, रमेश पाल, हरिओम, जिला समन्वयक नरेंद्र पाल शर्मा, सुरेंद्र नाथ शर्मा, सुखपाल शर्मा, रामचंद्र प्रजापति, ममता पाल आदि मौजूद रहीं।

### आईटीआई में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू, 4 अगस्त तक करें आवेदन

**शाहजहाँपुर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) शाहजहाँपुर के प्रधानाचार्य अरविंद कुमार ने बताया कि प्रदेश के राजकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। इच्छुक अभ्यर्थी 11 जुलाई से 4 अगस्त 2026 तक वेबसाइट https://scvtup.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्रधानाचार्य ने बताया कि प्रवेश प्रक्रिया मेरिट के आधार पर की जाएगी। शासन की नई व्यवस्था के अनुसार कक्षा 8 एवं कक्षा 10 उत्तीर्ण छात्र दो वर्षीय आईटीआई पाठ्यक्रम करने के बाद माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित हिंदी विषय की परीक्षा व्यक्तिगत परीक्षार्थी के रूप में उत्तीर्ण कर क्रमशः हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के समकक्ष मान्यता प्राप्त कर सकते हैं। इससे उन्हें अलग से हाईस्कूल या इंटरमीडिएट करने की आवश्यकता नहीं होगी और उच्च शिक्षा के अवसर भी उपलब्ध होंगे। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024 से प्रदेश के राजकीय आईटीआई में टाटा टेक्नोलॉजी के सहयोग से रोबोटिक्स, इलेक्ट्रिकल मोटर व्हीकल, एडवांस सीएनसी तथा 3डी प्रिंटिंग जैसे आधुनिक ट्रेडों का संचालन किया जा रहा है। इन ट्रेडों से प्रशिक्षित युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर मिल रहे हैं। जनपद शाहजहाँपुर में वर्तमान में 3 राजकीय, 9 निजी तथा 1 पीपीपी मॉडल के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान संचालित हैं। इनकी विस्तृत जानकारी वेबसाइट पर उपलब्ध है। प्रधानाचार्य ने सभी पात्र अभ्यर्थियों से अपील की है कि अंतिम तिथि का इंतजार न करते हुए समय रहते ऑनलाइन आवेदन कर आईटीआई में प्रवेश का अवसर प्राप्त करें।

### मिर्जापुर पुलिस ने चोरी की बाइक खरीद-फरोख्त करने वाले गिरोह का किया भंडाफोड़, 3 गिरफ्तार, 7 मोटरसाइकिलें बरामद

**शाहजहाँपुर।** थाना मिर्जापुर पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिलों की खरीद-फरोख्त करने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश करते हुए तीन शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से सात चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी जलालाबाद के पर्यवेक्षण में थाना मिर्जापुर पुलिस गश्त एवं चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम बहरिया स्थित सरकारी स्कूल मोड़ पर तीन व्यक्ति चोरी की मोटरसाइकिलों को बेचने की फिराक में खड़े हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उनकी पहचान शादाब पुत्र शमशाद, शवाब पुत्र शमशाद निवासी ग्राम बहरिया तथा शिवम पुत्र जितेंद्र यादव निवासी ग्राम भरतापुर, थाना मिर्जापुर के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से सात मोटरसाइकिलें बरामद कीं, जिनमें स्प्लेंडर प्लस, सुपर स्प्लेंडर, हीरो एचएफ डीलक्स, हीरो होंडा स्प्लेंडर तथा यामाहा एफजेड जैसी बाइकें शामिल हैं। कई मोटरसाइकिलों की नंबर प्लेट गायब या बदली हुई मिली, जबकि एक बाइक का इंजन भी नहीं था। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे कलान क्षेत्र के एक व्यक्ति से चोरी की मोटरसाइकिलें कम कीमत पर खरीदते थे। इसके बाद उनकी मरम्मत कर नंबर प्लेट बदलकर अधिक कीमत पर बेच देते थे। पुलिस अब गिरोह के अन्य सदस्यों तथा चोरी की मोटरसाइकिलों के स्रोत का पता लगाने में जुटी है। इस संबंध में थाना मिर्जापुर में मुकदमा अपराध संख्या 148/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस का कहना है कि मामले की विवेचना जारी है और गिरोह से जुड़े अन्य लोगों के खिलाफ भी जल्द कार्रवाई की जाएगी।

## 31 तक अल्पसंख्यक बित्त निगम का लोन जमा करने की अंतिम तिथि

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास निगम द्वारा जनपद शाहजहांपुर में वर्ष 1995 से 2006 के बीच अल्पसंख्यक समुदाय के लाभार्थियों को टर्म लोन एवं मार्जिन मनी योजना के अंतर्गत वितरित की गई ऋण धनराशि की वसूली लंबे समय से लंबित चल रही है। निगम के अभिलेखों के अनुसार लगभग 5 करोड़ रुपये की धनराशि अब भी बकाया है, जिसकी वसूली नहीं हो सकी है। वसूली की कार्रवाई में लगे निगम के वसूली सहायक विक्रांत ने बताया कि वर्षों पूर्व ऋण प्राप्त करने वाले अनेक लाभार्थी अपने वर्तमान पते पर नहीं मिल रहे हैं। कई लाभार्थियों ने निवास स्थान बदल लिया है, जबकि कुछ के संबंध में सही जानकारी उपलब्ध नहीं हो पा रही है। इस कारण निगम को बकाया राशि की वसूली में गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है और सरकारी धन लंबे समय से जमा नहीं हो पा रहा है। वसूली सहायक ने सभी ऋणधारकों से अपील करते हुए कहा है कि जिन व्यक्तियों ने उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास निगम से टर्म लोन अथवा मार्जिन मनी योजना के अंतर्गत ऋण प्राप्त किया था और जिन पर अभी भी बकाया धनराशि शेष है, वे 31 जुलाई तक अनिवार्य रूप से जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय, कलेक्ट्रेट में उपस्थित होकर अपनी बकाया किस्त अथवा शेष धनराशि जमा करा दें। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्धारित तिथि तक बकाया जमा न करने वाले ऋणधारकों के विरुद्ध नियमानुसार वसूली की कार्रवाई प्रारंभ की जाएगी।

# नगर पंचायत अलापुर के अधिशासी अधिकारी पर गंभीर आरोप, अध्यक्ष ने मांगा जवाब

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** नगर पंचायत अलापुर में प्रशासनिक, वित्तीय एवं विकास कार्यों में गंभीर अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं। इन आरोपों को लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष ने अधिशासी अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए विस्तृत स्पष्टीकरण तलब किया है।

जारी नोटिस में कहा गया है कि उत्तर प्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1916 के तहत अध्यक्ष को प्राप्त अधिकारों के अंतर्गत निरीक्षण, शिकायतों और अभिलेखों के परीक्षण के दौरान कई गंभीर लापरवाहियां उजागर हुई हैं। इनमें सबसे प्रमुख आरोप अधिशासी अधिकारी की कार्यालय में अनुपस्थिति को लेकर है। बताया गया कि उन्होंने कार्यभार ग्रहण करने के बाद से उपस्थिति रजिस्टर में अपना नाम तक दर्ज नहीं किया और करीब छह माह से नियमित रूप से कार्यालय नहीं आए, जबकि वेतन का आहरण लगातार होता रहा। इसके अलावा 14वें और 15वें वित्त आयोग के तहत स्वीकृत विकास कार्यों की निविदा प्रक्रिया समय पर शुरू न करने का भी आरोप है, जिससे कई महत्वपूर्ण कार्य लंबित पड़े हैं। वर्ष 2025-26 की कार्ययोजना (डीपीआर) तैयार कर समय से स्वीकृति के लिए प्रस्तुत न करने से भी विकास कार्य प्रभावित हुए हैं।







नोटिस में यह भी उल्लेख किया गया है कि विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए जारी कार्यादेशों के बावजूद कार्य समयसीमा में पूरे नहीं कराए गए और संबंधित फर्म के खिलाफ कोई वैधानिक कार्रवाई भी नहीं की गई। इसके अलावा नगर पंचायत के वार्षिक ठेकों की नीलामी न होने से राजस्व हानि की बात सामने आई है।

अध्यक्ष ने यह भी आरोप लगाया कि अवस्थापना निधि, पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना, तालाब सौंदर्यीकरण योजना, कान्हा गौशाला योजना और अन्त्येष्टि स्थल विकास योजना जैसी कई योजनाओं में धनराशि मिलने के बावजूद कार्य प्रारंभ नहीं कराए गए। इतना ही नहीं, शासन द्वारा विभिन्न योजनाओं के लिए मांगी गई डीपीआर भी समय पर तैयार कर नहीं भेजी गई, जिससे नगर पंचायत को मिलने वाली आर्थिक सहायता प्रभावित हुई। साथ ही उच्च न्यायालय के आदेशों के अनुपालन में भी विलंब का मामला सामने आया है। अध्यक्ष ने अधिशासी अधिकारी को निर्देश दिया है कि सभी बिंदुओं पर अभिलेखीय साक्ष्यों सहित बिंदुवार स्पष्टीकरण निर्धारित समय में प्रस्तुत करें, अन्यथा नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

**तैयारी** कछला गंगा घाट पर तैयारियों की समीक्षा

# ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों से की जाएगी निगरानी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** आषाढ़ अमावस्या गंगा स्नान पर्व एवं कांवड़ यात्रा को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। इसी क्रम में सोमवार को मण्डलायुक्त बरेली भूपेन्द्र एस. चौधरी एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक अजय साहनी ने कछला गंगा घाट और कांवड़ यात्रा मार्ग का निरीक्षण कर तैयारियों की समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने घाटों की सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग, यातायात प्रबंधन, कंट्रोल रूम, पेयजल एवं चिकित्सा सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी व्यवस्थाएं समय से पूरी कर ली जाएं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।



मण्डलायुक्त ने कहा कि गंगा स्नान के दौरान भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं, ऐसे में भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था को विशेष रूप से मजबूत किया जाए। महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती के निर्देश भी दिए गए।

डीआईजी ने कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान यातायात व्यवस्था सुचारू बनी रहे, इसके लिए रूट डायवर्जन का सख्ती से पालन कराया जाए। ध्वनि विस्तारक यंत्र और डीजे का प्रयोग शासन के निर्देशों के अनुसार ही किया जाए तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने बताया कि सुरक्षा के दृष्टिगत घाटों और प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे तथा ड्रोन कैमरों से भी निगरानी रखी जाएगी। साथ ही असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखते हुए शांति व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

अधिकारियों ने सभी विभागों को समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश देते हुए कहा कि आषाढ़ अमावस्या गंगा स्नान पर्व एवं कांवड़ यात्रा को सुरक्षित, शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराना प्रशासन की प्राथमिकता है।

# फंदे पर लटका मिला महिला का शव, हत्या का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** थाना जरीफनगर क्षेत्र में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। महिला का शव घर के अंदर कमरे में लटका मिला। महिला के मायके वालों ने ससुराल वालों पर हत्याकर शव फंदे पर लटकाने का आरोप लगाया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



मृतका देववती।

उघैती थाना क्षेत्र के गांव टेहरा निवासी दुर्गपाल ने बताया कि उसने अपनी बहन देववती (32) की शादी करीब 18 वर्ष पूर्व थाना जरीफनगर क्षेत्र के गांव सलामतपुर निवासी धर्मेंद्र के साथ की थी। इस दौरान उसकी बहन के कोई संतान नहीं हुई। इसी को लेकर ससुराल वाले उसे ताना देकर प्रताड़ित करते थे। जिसके चलते ससुराल वालों ने उसकी पीटकर हत्या कर और शव को आत्महत्या का रुप देने के लिए घर के अंदर फंदे पर लटका दिया। आरोप है कि घटना को अंजाम देने के बाद ससुराल वाले घर से फरार हो गए। जब वह लोग देववती की ससुराल पहुंचे तो उसका शव फंदे पर लटका था और शरीर पर चोटों के निशान थे। मायका पक्ष की सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। एसओ सुमित शर्मा ने बताया कि शव पोस्टमार्टम को भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट व तहरीर मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी है।




# आनंद सिंह ने करियर के बेस्ट थ्रो से जीता गोल्ड

**नई दिल्ली**

एशियन अंडर-23 एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2026 में भारत के आनंद सिंह ने पुरुषों की जैवलिन थ्रो (भाला फेंक) स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीत लिया। चीन के ओरडोस में आयोजित इस प्रतियोगिता में उन्होंने 80.57 मीटर का करियर का सर्वश्रेष्ठ थ्रो किया।

**पहली बार 80.57 मी. दूर फेंका भाला**

इसके साथ ही उन्होंने पहली बार 80 मीटर का आंकड़ा भी पार किया। 22 वर्षीय आनंद सिंह ने अपने पहले ही अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में 80.57 मीटर का पर्सनल बेस्ट थ्रो किया। उन्होंने अपने पिछले सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन में 2.89 मीटर का सुधार करते हुए 80 मीटर की दूरी पार की। उत्तर प्रदेश के आनंद सिंह ने इस चैंपियनशिप में 77.68 मीटर के पर्सनल बेस्ट के साथ प्रवेश किया था।

उन्होंने यह प्रदर्शन 28 जून को भुवनेश्वर में आयोजित नेशनल इंटर-स्टेट सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में किया था। वह थ्रो प्रतियोगिता के छठे और अंतिम राउंड में आया था। उस प्रतियोगिता में वह रोहित यादव, यशवीर सिंह और सचिन यादव के बाद चौथे स्थान पर रहे थे।

### शानदार रहा प्रदर्शन

इस साल की शुरुआत में पटियाला में आयोजित इंडियन ओपन थ्रो प्रतियोगिता में भी आनंद सिंह ने शानदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने 76.94 मीटर का थ्रो कर दूसरा स्थान हासिल किया था। इससे पहले एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एएफआई) ने 9 से 12 जुलाई तक ओरडोस में आयोजित एशियन अंडर-23 एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए 54 सदस्यीय भारतीय ट्रैक एंड फील्ड टीम का चयन किया था।

**फीफा वर्ल्ड कप: सेमीफाइनल की टीमें तय, 15 को स्पेन-फ्रांस की टक्कर**

# अर्जेंटीना सेमीफाइनल में

**नई दिल्ली**

फीफा वर्ल्ड कप 2026 के लिए सेमीफाइनल की टीमें तय हो गई हैं। क्वार्टर फाइनल नंबर-4 में 12 जुलाई को अर्जेंटीना का सामना स्विट्जरलैंड से हुआ। कैनसिटी सिटी के कैनसस सिटी स्टेडियम में आयोजित इस मुकाबले में अर्जेंटीना ने स्विट्जरलैंड को 3-1 से हराया। अब 16 जुलाई को सेमीफाइनल में अर्जेंटीना की टीम इंग्लैंड से भिड़ेगी। वहीं पहले सेमीफाइनल में 15 जुलाई को स्पेन और फ्रांस की टक्कर होनी है।

अर्जेंटीना-स्विट्जरलैंड के बीच मुकाबला निर्धारित समय तक 1-1 से बराबरी पर रहा, जिसके चलते एक्स्ट्राइम का यूज करना पड़ा। एक्स्ट्राटाइम के दूसरे हाफ में जूलियन अल्वारेज ने जोश लोपेज के पास पर गोल दागकर अर्जेंटीना को 2-1 से लीड दिलाई।

अल्वारेज ने ये गोल 112वें मिनट में किया था। फिर इंजरी टाइम (120+1वें मिनट) में लौटारो मार्टिनेज ने गोल दाग स्कोर 3-1 कर दिया. लौटारो मार्टिनेज सब्स्टीट्यूट प्लेयर के तौर पर मैदान पर उतरे थे। इस मुकाबले में अर्जेंटीना के कप्तान लियोनेल मेसी ने तो कोई



गोल नहीं किया, लेकिन खेल के 10वें मिनट में उन्होंने एलेक्सिस मैक एलिस्टर को गोल दागने में जरूर असिस्ट किया। मुकाबले में अर्जेंटीना ने शानदार शुरुआत की। खेल के 10वें मिनट में ही उसने पहला गोल कर दिया, जो मौजूदा वर्ल्ड कप में इस टीम का सबसे तेज गोल रहा। मेसी ने कॉर्नर किक लेते हुए गेंद को एलिस मैक एलिस्टर के पास भेजा, जिन्होंने हेडर पर शानदार गोल दागा। गोलकीपर ग्रेग कोबले के पास सेव करने का कोई मौका नहीं था। इस गोल के बाद स्विट्जरलैंड की टीम बैकफुट पर आ गई। हाफटाइम तक अर्जेंटीना 1-0 से आगे रहा। एक्स्ट्रा टाइम में अर्जेंटीना ने जीत दर्ज की।

## बेलिंगहैम के डबल से इंग्लैंड ने नॉर्वे को 2-1 से हराया



जूड बेलिंगहैम के दो गोल की बदौलत इंग्लैंड ने फुटबॉल वर्ल्ड कप 2026 के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। उसने रविवार के पहले मुकाबले में नॉर्वे को एक्स्ट्रा टाइम में 2-1 से हराया। इंग्लैंड 2018 के बाद पहली बार वर्ल्ड कप के अंतिम-4 में पहुंचा है। मियामी स्टेडियम में खेला गया मुकाबला तय समय तक 1-1 की बराबरी पर रहा। उसके बाद रियल मैड्रिड के स्टार मिडफील्डर जूड बेलिंगहैम ने टीम के दोनों गोल किए। विजयी गोल एक्स्ट्रा टाइम के तीसरे मिनट में हराया। जूड बेलिंगहम ने मैच में 2 गोल किए। उनके फीफा वर्ल्ड कप 2026 में अब तक 6 गोल हो गए हैं। इंग्लिश कैप्टन हैरी केन ने भी 6 गोल किए हैं।

### सेमीफाइनल राउंडअप

**पहला सेमीफाइनल**
फ्रांस बनाम स्पेन
15 जुलाई रात 12:30 बजे

**दूसरा सेमीफाइनल**
अर्जेंटीना बनाम इंग्लैंड
16 जुलाई रात 12:30 बजे

# भारतीय महिला टीम लॉर्ड्स में इतिहास रचने से 4 विकेट दूर

## यास्तिका लॉर्ड्स में टेस्ट शतक जड़ने वाली पहली महिला खिलाड़ी बनीं

**लंदन**



लंदन के लॉर्ड्स मैदान पर भारतीय महिला क्रिकेट टीम अपनी पहली ऐतिहासिक टेस्ट जीत दर्ज करने के से मात्र चार विकेट दूर है। मैच के तीसरे दिन भारतीय टीम ने खेल के हर विभाग में पूरी तरह दबदबा बनाए रखा। स्टार बल्लेबाज यास्तिका भाटिया के रिकॉर्डतोड़ पहले टेस्ट शतक और गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने इंग्लैंड को जीत के लिए 457 रनों का मुश्किल लक्ष्य दिया।

इसके जवाब में दिन का खेल खत्म होने तक भारतीय गेंदबाजों ने इंग्लैंड का स्कोर 130 रन पर 6 विकेट कर दिया है। अब क्रिकेट के मक्का कहे जाने वाले मैदान पर इतिहास रचने से हरमनप्रीत कौर की सेना महज 4 विकेट दूर है। तीसरे दिन भारत ने अपनी दूसरी पारी को आगे बढ़ाया। हालांकि इंग्लैंड ने सुबह के सत्र में अच्छी गेंदबाजी की। तेज गेंदबाज लॉरेन बेल ने अच्छी बल्लेबाजी कर रहीं स्मृति मंधाना और जेमिमा रोड्रिग्स को जल्दी आउट कर भारत को झटके दिए। इसके बाद सोफी एक्लेस्टोन ने कप्तान हरमनप्रीत कौर को एलबीडब्ल्यू आउट कर इंग्लैंड की मैच में वापसी कराने की कोशिश की।

### रिचा ने लगाया अर्धशतक

विकेटकीपर-बल्लेबाज रिचा घोष ने मैदान पर आते ही रनों की गति को तेज कर दिया। रिचा ने इंग्लिश गेंदबाजों पर जवाबी हमला बोलते हुए महज 52 गेंदों पर 50 रनों की नाबाद पारी खेली। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने दूसरी पारी 341/7 के स्कोर पर घोषित कर दी और इंग्लैंड के सामने 457 रनों का पहाड़ जैसा लक्ष्य रखा। विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की शुरुआत बेहद खराब रही। क्रांति गौड़ और सायली सतघरे ने शुरुआती 4 ओवरों के भीतर ही इंग्लैंड की दोनों ओपनर्स, टैमी ब्यूमोंट और माया बुशियर को आउट किया। आखिरी टेस्ट खेल रही पूर्व कप्तान हीथर नाइट को क्रांति गौड़ ने शिकार बनाया।

### एमी जोन्स ने खेली जुझारू पारी

जब ऐसा लग रहा था कि भारतीय टीम तीसरे दिन की शाम को ही मैच खत्म कर देगी, तभी एमी जोन्स और मैडी विलियर्स ने मोर्चा संभाल लिया। दोनों ने छठे विकेट के लिए 67 रनों की बेहद जुझारू और संघर्षपूर्ण साझेदारी करके भारतीय गेंदबाजों को कुछ समय के लिए तरसाया। इस खतरनाक होती जोड़ी को तोड़ने का काम स्नेह राणा और रिचा घोष ने मिलकर किया। स्नेह राणा की गेंद पर सिली पॉइंट पर मुस्तैद रिचा घोष ने एक बेहद ही शानदार और हैरतअंगेज कैच पकड़कर मैडी विलियर्स को पवेलियन का रास्ता दिखाया। हालांकि, दूसरे छोर पर एमी जोन्स डटी रहीं और उन्होंने अपना अर्धशतक पूरा किया। दिन का खेल खत्म होने तक इंग्लैंड ने 130 रनों पर अपने 6 विकेट गंवा दिए हैं और उसे जीत के लिए अब भी 327 रनों की दरकार है, जबकि भारत इतिहास रचने से सिर्फ 4 विकेट दूर है।

# मेघा और नेहा की जोड़ी सी2 200 मी. स्पर्धा के फाइनल में

## आईसीएफ कैनो स्प्रिंट व पैरा कैनो विश्व कप स्पर्धा




**मॉन्ट्रियल**

मॉन्ट्रियल (कनाडा), आरएनएन। कनाडा के मॉन्ट्रियल स्थित विश्व प्रसिद्ध पार्क जीन-ड्रापो में 9 से 12 जुलाई तक आयोजित आईसीएफ कैनो स्प्रिंट एवं पैरा कैनो विश्व कप-3 में भारतीय टीम ने ऐतिहासिक प्रदर्शन किया। विश्व कप में 64 देशों के शीर्ष खिलाड़ियों ने भाग लिया, जहां ओलंपिक कैनो स्प्रिंट एवं पैरा कैनो स्पर्धाओं में विश्व स्तरीय मुकाबले देखने को मिले।

**64 देशों के बीच भारतीय खिलाड़ियों ने जमाई अपनी धाक**

भारत की ओर से सबसे बड़ी उपलब्धि मेघा प्रदीप और एल. नेहा देवी की जोड़ी ने हासिल की। दोनों खिलाड़ियों ने महिला सी2 200 मीटर स्पर्धा के फाइनल में प्रवेश कर इतिहास रच दिया।

यह पहली बार है जब भारत ने आईसीएफ कैनो स्प्रिंट विश्व कप में इस स्पर्धा के फाइनल के लिए क्वालिफाई किया है। भारतीय खिलाड़ियों ने के4 सहित अन्य कैनो स्प्रिंट स्पर्धाओं में भी दमदार प्रदर्शन करते हुए विश्व की शीर्ष टीमों को कड़ी चुनौती दी। भारतीय खेल जगत ने इस उपलब्धि का स्वागत करते हुए खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और पूरे सहयोगी दल को बधाई दी है तथा फाइनल में उत्कृष्ट प्रदर्शन की शुभकामनाएं दी हैं।

# प्रिंस-विश्नोई की एंट्री, वरुण व राणा बाहर

## इंग्लैंड वनडे और जिम्बाब्वे टी20 सीरीज के लिए टीम में बदलाव

**नई दिल्ली**





इंग्लैंड के खिलाफ 3 मैचों की वनडे सीरीज और जिम्बाब्वे के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम में बदलाव किया गया है। मेंस सेलेक्शन कमेटी ने रविवार को भारत की वनडे और टी20 टीमों में हर्षित राणा और वरुण चक्रवर्ती की जगह प्रिंस यादव और रवि बिश्नोई को शामिल किया है। ट्रेंट ब्रिज में इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टी20 मैच के दौरान राणा को अपनी दाहिनी हैमस्ट्रिंग में अचानक तकलीफ महसूस हुई। बाद में हुए स्कैन से पता चला कि उन्हें ग्रेड 1 हैमस्ट्रिंग चोट लगी है।

### इंग्लैंड वनडे के लिए टीम

**शुभमन गिल (कप्तान)**, रोहित शर्मा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर (उप-कप्तान), केएल राहुल (विकेटकीपर), ईशान किशन (विकेटकीपर), वॉशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, शिवम दुबे, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, प्रसिद्ध कृष्णा, अर्शदीप सिंह, गुरनूर बराड़, प्रिंस यादव।

### टी20 के लिए भारतीय टीम

**श्रेयस अय्यर (कप्तान)**, वैभव सूर्यवंशी, अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा (उप-कप्तान), ईशान किशन (विकेटकीपर), शिवम दुबे, सूर्यांश शेडगे, रिंकू सिंह, हर्ष दुबे, प्रिंस यादव, यश ठाकुर, अशोक शर्मा, मयंक यादव, प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर), रवि बिश्नोई।

# शाह ने गांगुली और अंजुम को दी बधाई

## पीटरसन भी आईसीसी हॉल ऑफ फेम में किए गए हैं शामिल

**नई दिल्ली**



आईसीसी की ओर से हॉल ऑफ फेम में भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली को शामिल किया गया है। उनके साथ महिला टीम की पूर्व कप्तान अंजुम चोपड़ा और इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज केविन पीटरसन को भी यह सम्मान दिया गया है। एडिनबर्ग में हुए एक शानदार कार्यक्रम में तीनों हस्तियों को सम्मानित किया गया। आईसीसी प्रमुख जय शाह ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल से सौरव गांगुली, अंजुम चोपड़ा और केविन पीटरसन को बधाई दी।

### यादगार पल : गांगुली

सौरव गांगुली ने कहा, आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल होना मेरे लिए सम्मान की बात है। क्रिकेट के महानतम खिलाड़ियों में मेरा नाम शामिल होना मेरे सबसे यादगार पलों में से एक रहेगा।

### अंजुम ने जताया आभार

महिला टीम की पूर्व कप्तान अंजुम चोपड़ा ने खुशी जाहिर करते हुए कहा, खेल के दिग्गजों के बीच यह सम्मान उन सभी लोगों के लिए एक पुरस्कार है जिन्होंने मेरे करियर को संवारने में मदद की है।

### बड़ा सम्मान : पीटरसन

हॉल ऑफ फेम में अपना नाम देख केविन पीटरसन ने कहा, आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल होना बहुत बड़े सम्मान की बात है। महान खिलाड़ियों के साथ अपना नाम देखना बहुत गर्व का अनुभव कराता है।

**धन का जुगाड़ — शुरुआती कीमत 450 डॉलर यानी करीब 38,500 रुपए रखी गई है**

# फाइनल की पिच के टुकड़े बेचेगा फीफा

**नई दिल्ली**

फीफा ने अपनी कमाई बढ़ाने का एक और नया जरिया तलाश लिया है।

फुटबॉल के इस महाकुंभ का प्रसारण दुनिया भर में किया जा रहा है, सेमीफानल की टीमें तय हो चुकी हैं और दर्शकों में रोमांच बरकरार है इसी बीच फीफा ने एक नया फैसला लिया है। दरअसल विश्व कप 2026 का फाइनल 19 जुलाई को न्यू जर्सी के मेटलाइफ स्टेडियम में खेला जाएगा। लेकिन मुकाबला खत्म होने के बाद भी फीफा इससे कमाई करता रहेगा। फुटबॉल की




सर्वोच्च संस्था ने ऐलान किया है कि फाइनल में इस्तेमाल होने वाली असली घास (पिच) के टुकड़े स्मारिका के तौर पर बेचे जाएंगे। इनकी शुरुआती कीमत 450 डॉलर (करीब 38,500 रुपए) रखी गई है। पिच के टुकड़ों को चार अलग-अलग श्रेणी में बिक्री होगी।

### करीब 95 करोड़ की हो सकती है कमाई

रिपोर्ट्स के मुताबिक इस बिक्री से फीफा को 1.1 करोड़ डॉलर (करीब 95 करोड़ रुपये) से ज्यादा की अतिरिक्त कमाई हो सकती है। इससे पहले भी फीफा वर्ल्ड कप टिकटों और हॉस्पिटैलिटी पैकेज की ऊंची कीमतों को लेकर आलोचनाओं का सामना कर चुका है।फाइनल के सामान्य टिकट की अधिकतम कीमत 32,970 डॉलर, जबकि हॉस्पिटैलिटी टिकट 34,500 डॉलर तक रखी गई है। रिपोर्ट के अनुसार फाइनल में इस्तेमाल होने वाली घास अमेरिका के नॉर्थ कैरोलिना स्थित टर्फ फार्म में तैयार की गई है।

# वर्ल्ड कप खेलकर घर लौटे फुटबॉलर एडम्स का निधन

**नई दिल्ली**



दक्षिण अफ्रीका के युवा फुटबॉलर जेडन एडम्स का महज 25 साल की उम्र में निधन हो गया। उनके अचानक दुनिया को अलविदा कहने से पूरे फुटबॉल जगत में शोक की लहर दौड़ गई है। एडम्स हाल ही में फीफा वर्ल्ड कप में बाफाना बाफाना के लिए खेलने का सपना पूरा कर चुके थे। उनके निधन से प्रशंसक, साथी खिलाड़ी और क्लब गहरे सदमे में हैं।

### अर्जेंटीना के पूर्व कप्तान उबाल्डो रैटीन भी नहीं रहे

अर्जेंटीना के महान फुटबॉलर और पूर्व कप्तान एंटोनियो उबाल्डो रैटीन का 89 साल की उम्र में निधन हो गया। उनके निधन से अर्जेंटीना और विश्व फुटबॉल जगत में शोक की लहर है। रैटीन की गिनती देश के सबसे बेहतरीन मिडफील्डरों और कप्तानों में की जाती थी। उन्होंने 1959 से 1969 तक अर्जेंटीना की राष्ट्रीय टीम का प्रतिनिधित्व किया और 1962 तथा 1966 के फीफा विश्व कप में भी हिस्सा लिया। अर्जेंटीना फुटबॉल संघ (एएफए) ने उनके निधन पर गहरा दुख जताया है।

### सूर्यकुमार यादव की भारतीय टी20 टीम में होगी वापसी

**नई दिल्ली।** टी20 वर्ल्ड कप 2026 विजेता कप्तान सूर्यकुमार यादव को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने टीम से बाहर का रास्ता दिखा दिया था। उनकी जगह कप्तानी श्रेयस अय्यर को सौंपी गई थी। हालांकि, विश्व कप जीतने के बाद टीम इंडिया एक भी टी20 मैच नहीं जीत सकी है। इस बीच सूर्या की कप्तानी को लेकर खूब चर्चा हुई। जिस सूर्या ने भारत को वर्ल्ड कप जिताया, उसे टीम से ही बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। अब खबर सामने आ रही है कि सूर्या के लिए टीम इंडिया में वापसी का दरवाजा खुला हुआ है। पूर्व भारतीय कप्तान टी20 टीम में वापसी कर सकते हैं लेकिन क्रिकेट बोर्ड ने उनके लिए एक शर्त रखी है। समाचार एजेंसी एएनआई की रिपोर्ट के मुताबिक सूर्या के लिए टीम इंडिया के दरवाजे अभी भी खुले हुए हैं। बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया कि वे फिलहाल भारत के प्लान में सूर्या नहीं हैं। हालांकि, अगर वे घरेलू क्रिकेट में लगातार रन बनाते हैं और अच्छा प्रदर्शन करते हैं, तो सेलेक्शन की रेस में बने रहेंगे।

### मुश्किल में ऑस्ट्रेलिया की महिला क्रिकेटर, पत्नी ने लगाए अवैध संबंध के आरोप

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट में इस समय भूचाल मच गया है। महिला टीम की उपकप्तान एश्ले गार्डनर पर उनकी पत्नी मोनिका राइट ने धोखा देने के आरोप लगाए हैं। दोनों की शादी हो चुकी थी, लेकिन हाल के दिनों में दोनों साथ नहीं रह रही थीं। पिछले साल भारत में खेले गए वनडे वर्ल्ड कप के दौरान इन दोनों के बीच विवाद हो गया था और फिर शादी टूट गई थी। सोमवार को ये विवाद उस समय और गहरा गया जब राइट ने सार्वजनिक रूप से ये खुलासा कर दिया कि गार्डनर किसके साथ मिलकर उन्हें धोखा दे रही हैं। दोनों की मुलाकात साल 2020 में एक डेटिंग एप से हुई थी। 2025 में दोनों ने शादी रचाई। डेली मेल की रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले साल भारत में खेले गए वर्ल्ड कप के बाद से दोनों के बीच में संबंध अच्छे नहीं रहे हैं। राइट वर्ल्ड कप के बीच में गार्डनर से मिलने भारत आई थीं और ये उन्हें पसंद नहीं आया था।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
क्लासीफाइड
विज्ञापन दर
रू. 500/*- Size 40 Sqcm (Colour)
* नियम एवं शर्तें लागू
विज्ञापन बुकिंग हेतु सम्पर्क करें
7579849555, 9627739857, 9997745413







जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराह मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ०प्र०) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र) से प्रकाशित। सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0-7579849555, 9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।